राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-08
लखनऊ, सोमवार 21 अगस्त, 2023
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 4.00
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

आमंत्रण मूल्य ₹3

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





रजनीकांत ने अखिलेश से की मुलाकात 02

लोक निर्माण मंत्री ने कार्यों के संबंध में की समीक्षा बैठक 03


### योगी ने की राम मंदिर अवस्थापना विकास की समीक्षा बैठक

# अयोध्या आने को आतुर है पूरी दुनिया

## मुख्यमंत्री का निर्देश- मंदिर लोकार्पण से पहले करें भव्य सजावट



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या राम जन्म भूमि की सुरक्षा को लेकर करते समीक्षा बैठक

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने धर्मनगरी श्री अयोध्याधाम में श्रीरामजन्मभूमि मंदिर के प्रस्तावित लोकार्पण के दृष्टिगत पूरे नगर को सजाने-संवारने के निर्देश दिए हैं। शनिवार को एकदिवसीय अयोध्या दौरे से लौटे मुख्यमंत्री ने रविवार को एक उच्च स्तरीय बैठक कर वहां संचालित अवस्थापना विकास संबंधी परियोजनाओं की समीक्षा की साथ ही श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के सुरक्षा प्रबंध की कार्ययोजना पर विमर्श करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अतिशीघ्र अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का लोकार्पण होना है। पूरी दुनिया की दृष्टि अयोध्या की ओर है। हर आस्थवान अयोध्या आने को आतुर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में धर्मनगरी अयोध्या का विकास त्रेतायुगीन वैभव के अनुरूप किया जा रहा है। अयोध्या में पुरातन संस्कृति सभ्यता का संरक्षण के साथ-साथ भविष्य की जरूरतों को देखते हुए आधुनिक पैमाने के अनुसार सभी नगरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार संकल्पित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भावनाओं के अनुरूप तैयार अयोध्या के समग्र विकास की हर परियोजना शासन की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा की श्रीरामजन्मभूमि मंदिर लोकार्पण से पूरी अवधपुरी को सजाया जाए। मठ-मंदिरों की रंगाई-पुताई कराई जाए। पूरे शहर में एक समान थीम पर फसाड लाइटिंग कराई जाए। नगर की गलियों-भीतरी मार्गों की सड़कों को बेहतर बनाया जाए। नगर में कहीं भी जलभराव न हो और नालियां ढंकी हुई हों। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अयोध्या के मूल निवासियों के लगभग 100 गुना अधिक संख्या में श्रद्धालुओं व पर्यटकों की उपस्थिति हो रही है। ऐसे में नगर विकास विभाग को स्वच्छता के लिए विशेष प्रबंध करने होंगे।

अयोध्या में अतिरिक्त स्वच्छता कर्मियों की तैनाती की जाए। जन्मभूमि पथ, भक्ति पथ और राम पथ के निर्माण कार्य को यथाशीघ्र पूरा कराने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने कहा कि बहुउद्देशीय पार्किंग स्थल एवं दुकानों को जल्द से जल्द पूरा करने किया जाए, साथ ही, पेयजल, टॉयलेट, चेंजिंग रूम आदि की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्ट्रीट वेंडर्स मुख्य मार्गों के किनारे बेतरतीब ढंग से दुकानें न लगाएं। हर एक स्ट्रीट वेंडर का पंजीयन जरूर किया जाए। नगर में संचालित अंडर ग्राउंड केबलिंग के कार्य को समयबद्ध ढंग से पूरा कराए जाने पर बल देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा की अयोध्या नगर निगम और विकास प्राधिकरण के निर्माणाधीन भवन का कार्य यथाशीघ्र पूरा किया जाए। बैठक में श्रीराजन्मभूमि मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था की कार्ययोजना की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रीराजन्मभूमि मंदिर और श्रद्धालुओं, पर्यटकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।

इसके लिए सभी आवश्यक प्रयास कदम उठाते हुए चाक-चौबंद व्यवस्था बनाई जाए। अगले एक माह में उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल की उपस्थिति अयोध्या में सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने सुरक्षाकर्मियों के आवास, वर्दी, लॉजिस्टिक सपोर्ट के लिए तत्काल व्यवस्था करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने मंदिर की सुरक्षा में तैनात सुरक्षा में तैनात होने वाले सुरक्षाकर्मियों को विधिवत प्रशिक्षित करने की भी आवश्यकता जताई। उन्होंने कहा कि पुलिस महानिदेशक, प्रशिक्षण के स्तर से इन सुरक्षाकर्मियों के लिए कैप्सूल कोर्स तैयार किया जाए। देश-दुनिया से आने वाले श्रद्धालुओं व पर्यटकों के सुखद प्रवास के लिए मुख्यमंत्री ने अयोध्या में पर्यटक पुलिस व यातायात पुलिस की बिहैवरल काउंसिलिंग कर तैनाती के निर्देश दिए।

## विकास खंड व जिला स्तर पर बनाए जाएं निराश्रित गो-आश्रय स्थल

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक में निराश्रित गोवंश आश्रय स्थलों के प्रबंधन और प्रदेश में दुग्ध उत्पादन व संग्रह की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पशु संवर्धन व संरक्षण के लिए सेवाभाव के साथ सतत प्रयासरत है।

गोवंश सहित सभी पशुपालकों के प्रोत्साहन के लिए सरकार द्वारा अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। पात्र लोगों को इसका लाभ मिलना सुनिश्चित कराया जाए। निराश्रित गोवंश संरक्षण की दिशा में सतत प्रयासों के संतोषप्रद परिणाम मिल रहे हैं। वर्तमान में 6889 निराश्रित गोवंश स्थलों में 11.89 लाख गोवंश संरक्षित हैं।

हमें छोटे-छोटे निराश्रित गोवंश स्थलों के स्थान पर बड़े गोवंश स्थल उपयोगी हो सकते हैं। हमें नस्ल सुधार व गोबरधन प्लांट जैसे कार्यक्रमों को बढ़ाये जाने की जरूरत है। विकास खंड तथा जनपद स्तर पर स्थापित वृहद गो-आश्रय स्थल इस कार्य के लिए उपयोगी हो सकते हैं। इन्हें नियोजित रूप से प्रोत्साहित करें। हर विकास खंड व जनपद स्तर पर 4000-5000 गोवंश क्षमता के वृहद गोवंश स्थल के लिए स्थान चिन्हित किया जाए। प्रत्येक निराश्रित गो-आश्रय स्थलों पर केयर टेकर की तैनाती जरूर हो। निराश्रित गोवंश संरक्षण का कार्य बिना समाज के सहयोग के कभी पूर्ण नहीं हो सकता। निराश्रित गोवंश के संरक्षण में आम जन को सहयोग के लिए आमंत्रित किया जाना चाहिए।

# 23 अगस्त की शाम उतरेगा चंद्रयान-3



**बेंगलुरू। एजेंसी**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने रविवार को कहा कि उसने चंद्रयान-3 मिशन के लैंडर मॉड्यूल (एलएम) को कक्षा में थोड़ा और नीचे सफ्लतापूर्वक पहुंचा दिया, जिससे यह चंद्रमा के और करीब आ गया है। इसरो ने कहा कि लैंडर (विक्रम) और रोवर (प्रज्ञान) से युक्त लैंडर मॉड्यूल के 23 अगस्त की शाम 6.04 मिनट को चंद्रमा की सतह पर पहुंचने की उम्मीद है। इसरो ने सोशल मीडिया मंच एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा,'' दूसरे और अंतिम डीबूस्टिंग (धीमा करने की प्रक्रिया) अभियान में लैंडर मॉड्यूल सफलतापूर्वक कक्षा में और नीचे आ गया है। मॉड्यूल अब आंतरिक जांच प्रक्रिया से गुजरेगा। चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर 'सॉफ्ट लैंडिंग 23 अगस्त 2023 शाम 6 बजकर 04 मिनट पर होने की उम्मीद है।श्श् चंद्रयान-3 के लैंडर मॉड्यूल और प्रणोदन मॉड्यूल 14 जुलाई को मिशन की शुरुआत होने के 35 दिन बाद गुरुवार को सफ्लतापूर्वक अलग हो गए थे। इसरो के सूत्रों ने पूर्व में कहा था कि प्रणोदन मॉड्यूल से अलग हुए लैंडर को एक ऐसी कक्षा में लाने के लिए 'डीबूस्ट (धीमा करने की प्रक्रिया) से गुजारा जाएगा, जहां पेरिल्यून (चंद्रमा से कक्षा का निकटतम बिंदु) 30 किलोमीटर और अपोल्यून (चंद्रमा से सबसे दूर का बिंदु) 100 किमी की दूरी पर होगा, जहां से चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र पर 'सॉफ्ट लैंडिंग का प्रयास किया जाएगा। चंद्रयान-3 ने 14 जुलाई को प्रक्षेपण के बाद 5 अगस्त को चंद्रमा की कक्षा में प्रवेश किया था। प्रणोदन और लैंडर मॉड्यूल को अलग करने की कवायद से पहले इसे छह, नौ, 14 और 16 अगस्त को चंद्रमा की कक्षा में नीचे लाने की कवायद की गई, ताकि यह चंद्रमा की सतह के नजदीक आ सके। अब 23 अगस्त को चांद पर इसकी 'सॉफ्ट लैंडिंग कराने का प्रयास किया जाएगा। इससे पहले, 14 जुलाई के प्रक्षेपण के बाद पिछले तीन हफ्तों में पांच से अधिक प्रक्रियाओं में इसरो ने चंद्रयान-3 को पृथ्वी से दूर आगे की कक्षाओं में बढ़ाया था। गत एक अगस्त को एक महत्वपूर्ण कवायद में अंतरिक्ष यान को पृथ्वी की कक्षा से सफलतापूर्वक चंद्रमा की ओर भेजा गया।

## बस खाई में गिरी, एक की मौत, पांच लापता

**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड में गंगोत्री दर्शन कर लौट रही गुजरात के यात्रियों से भरी बस आज दोपहर बाद गंगनानी के पास अनियंत्रित होकर के गहरी खाई में गिर गई। इस हादसे में 01 यात्रियों की मौत हो गयी जबकि 27 यात्री घायल हो गए। इन सभी को रेस्क्यू कर चिकित्सालय भेजा गया है। बस में लगभग 33 लोग सवार थे। अभी पांच लोग लापता हैं जिनकी खोज की जा रही है। घटना की सूचना पर जिलाधिकारी अभिषेक रुहेलाए पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी पुलिस टीम, एसडीआरएफ एएनडीआरफ फायर सर्विस 108 एम्बुलेंस मौके पर मौजूद हैं। घटना स्थल पर रेस्क्यू कार्य जारी है। जिलाधिकारी अभिषेक रुहेला ने बताया कि घटना रविवार दोपहर बाद चार बजे की है जब गुजरात के तीर्थयात्रियों से खचाखच भरी बस संख्या यूके07पीए 8585 गंगोत्री हाइवे पर गंगनानी के पास अनियंत्रित होकर 50 मीटर नीचे गहरी खाई में गिर गई।

## अमरनाथ श्राइन बोर्ड ने 23 अगस्त से यात्रा पर लगाई रोक

**जम्मू।** तीर्थयात्रियों में आई कमी को देखते हुए अमरनाथ यात्रा 23 अगस्त से अस्थायी रूप से रोक दी गई है। अमरनाथ श्राइन बोर्ड ने यह अस्थायी रोक यात्रा के रास्ते में कई जगह मरम्मत होने के चलते लगाई है। अमरनाथ श्राइन बोर्ड के आधिकारियों ने रविवार को कहा कि यात्रा के कई संवेदनशील हिस्सों पर इस समय सीमा सड़क संगठन ;बीआरओ मरम्मत कर रहा है। इसी के चलते पवित्र गुफा की ओर जाने वाले दोनों ट्रैक पर तीर्थयात्रियों की आवाजाही कम हो गई है। श्राइन बोर्ड ने कहा है कि मार्ग इस समय सही नहीं है। इसे देखते हुए यात्रा 23 अगस्त से दोनों मार्गों से अस्थायी रूप से निलंबित रहेगी। इस साल 62 दिवसीय अमरनाथ यात्रा 1 जुलाई को शुरू हुई थी और 31 अगस्त को छड़ी मुबारक के कार्यक्रम के साथ समाप्त होगी।

# उप्र शिक्षा सेवा चयन आयोग विधेयक विस में पारित

- नहीं रहेगी अब प्रधानाचार्य के पद पर तदर्थ (एडाक) प्रोन्नति की व्यवस्था

**निशीत सक्सेना**

**लखनऊ/फरुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उ.प्र.शिक्षा सेवा चयन आयोग विधेयक के विधानसभा में पारित होने से अब सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में प्रधानाचार्य के पद पर तदर्थ पदोन्नति की व्यवस्था नहीं रहेगी।

यानि भविष्य में नियमिति प्रधानाचार्य के सेवानिवृत्त होने के पश्चात विद्यालय के वरिष्ठतम शिक्षक कार्यवाहक प्रधानाचार्य तो बनाया जायेगा, परन्तु उन्हें अब प्रधानाचार्य पद का वेतन नहीं दिया जायेगा। नये आयोग के विधेयक में चयन बोर्ड की धारा-18 को भी हटा दिया गया है, जिसके अन्तर्गत प्रधानाचार्य के पद पर विद्यालय के वरिष्ठतम शिक्षक की तदर्थ पदोन्नति की व्यवस्था थी। विदित है कि विधेयक पारित होने से पूर्व प्रधानाचार्य पद पर कार्य करने वाले वरिष्ठतम शिक्षक को 60 दिन की सेवा के बाद तदर्थ पदोन्नति दिये जाने की व्यवस्था थी और प्रधानाचार्य के वेतन मान में वृद्धि की जाती है, वर्तमान में विधेयक पारित हो जाने से प्रधानाचार्यों को लाभ मिलने वाली यह व्यवस्था समाप्त हो गई है।

## 63 हजार शिक्षकों की सेवा-सुरक्षा पर भी मंडराया खतरा, निलम्बन पर चयन बोर्ड के पूर्वानुमोदन की व्यवस्था समाप्त

**फरुखाबाद।** प्रदेश के 4512 सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय के लगभग 63 हजार शिक्षक-शिक्षिकाओं की सेवा-सुरक्षा भी विधेयक पारित होने से खतरे में पड़ जायेगी। शिक्षकों का चयन उप्र माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड के माध्यम से होता है, लेकिन नियोक्ता प्रबंधक होते है। चयन बोर्ड अधिनियम 1982 की धारा 21 में यह प्रावधान है कि प्रधानाचार्य या शिक्षक पर कोई कार्यवाही करने या दंड देने से पहले प्रबंधक चयन बोर्ड से अनुमोदन लेते है। नये विधेयक की धारा 16 के अनुसार अब एडेड कालेजों के शिक्षकों की सेवा शर्तें और सुरक्षा इंटरमीडिएट शिक्षा अधिनियम-1921 के विनियमों के अध्याय-3 के अनुसार संचालित होगी। जिसके तहत आशंका है कि अब प्रबधंकों के हाथों शिक्षकों का उत्पीड़न और भी बढ़ जायेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### पीएम ने राजीव गांधी को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न राजीव गांधी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी। प्रधानमंत्री ने एक्स ( पूर्व ट्विटर ) पर लिखा, पूर्व प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी जी की जन्म-जयंती पर मैं उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। इसके अलावा संसद भवन के सेंट्रल हॉल में भी दिवंगत नेता राजीव गांधी को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और अन्य नेता मौजूद रहे।

### रूस का पहला चन्द्र मिशन लूना-25 हुआ क्रैश

**मास्को।** करीब 50 सालों में रूस का पहला चंद्रमा मिशन, लूना-25 चंद्रमा पर लैंडिंग से पहले की कोशिशों के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। रूसी अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि लूना-25 से शनिवार दोपहर 2:57 बजे (स्थानीय समय) संपर्क टूट गया. बताया गया कि विमान का पता लगाने और उससे संपर्क करने के लिए शनिवार और रविवार को किए गए प्रयास असफल रहे। एजेंसी ने एक टेलीग्राम पोस्ट में सूचित किया,'ऑपरेशन के दौरान, स्वचालित स्टेशन पर एक असामान्य स्थिति उत्पन्न हुई, जिसने तय मापदंडों के साथ उसके आगे बढ़ने की प्रक्रिया को अनुमति नहीं दी। 10 अगस्त को लॉन्च किया गया रूसी अंतरिक्ष यान, बुधवार को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने के उद्देश्य वाले चंद्रयान-3 के साथ मिशन मून की रेस में था।

# मुख्यमंत्री ने नाग पंचमी पर प्रदेशवासियों को दी बधाई




**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नाग पंचमी के पर्व पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। आज यहां जारी एक सन्देश में मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति में जीव-जन्तु, वृक्ष-वनस्पति सभी के साथ आत्मीय सम्बन्ध जोड़ने की समृद्ध एवं प्राचीन परम्परा है। नाग पंचमी का पर्व प्रकृति के साथ हमारे इस जुड़ाव का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नाग पूजा का प्रचलन प्राचीन काल से चला आ रहा है। हमारे धर्मशास्त्रों में नाग जागृत कुण्डलिनी शक्ति का प्रतीक है। सृष्टि के पालनकर्ता भगवान विष्णु शेषनाग पर ही शयन करते हैं। शेषनाग छत्र बनकर उन्हें छाया प्रदान करते हैं। ज्ञान और मोक्ष के प्रदाता भगवान शिव के आभूषण ही सर्प एवं नाग हैं। सावन में भगवान शिव के पूजन का विशेष महत्व है। श्रावण मास में नाग पंचमी भगवान शिव संग नागों की पूजा के लिए प्रसिद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शक्ति के प्रतीक नाग पंचमी के पर्व पर हमारे समाज में पारम्परिक रूप से कुश्ती आदि खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है, जिसमें जनता उत्साह के साथ प्रतिभाग करती है।

## सड़क दुर्घटना में 18 यात्रियों की मौत,15 घायल

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में रविवार सुबह एक बस में आग लग गई। इस हादसे में 18 लोगों की मौत हो गई, वहीं करीब 15 लोग घायल हैं। मरने वालों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। घटना सुबह करीब 4.30 बजे लाहौर से लगभग 140 किमी दूर फैसलाबाद मोटरवे के पिंडी भट्टियां शहर में हुई। यहां बस एक पिकअप वैन से टकरा गई। बस में लगभग 40 यात्री सवार थे, जो कराची से इस्लामाबाद जा रहे थे। पुलिस के अनुसार दोनों वाहनों के ड्राइवर की जलने से मौत हो गई। फैसलाबाद मोटर-वे के आईजी सुल्तान ख्वाजा ने कहा कि पिंडी भाटियां खंड पर बस ने एक वैन को पीछे से टक्कर मारी जो ईंधन टैंक ले जा रही थी। मरने वालों की संख्या और बढ़ सकती है क्योंकि कुछ घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

## साधु भेषधारी ने बालक को जमीन पर पटक-पटक कर उतारा मौत के घाट

**मथुरा।** जिले में एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। जहां जिले के गोवर्धन इलाके में एक साधु भेषधारी ने 5 वर्षीय बालक की जमीन पर पटक-पटक कर हत्या कर दी। घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने आरोपी साधु भेषधारी को मौके पर पकड़ लिया और लाठी-डंडों से जमकर पीट डाला। घटना की सूचना पर पहुंची इलाका पुलिस ने आरोपी साधुभेषधारी को ग्रामीणों के चंगुल से छुड़ाकर सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में भर्ती कराया। ग्रामीणों ने मृत बालक के शव को राधाकुंड परिक्रमा मार्ग पर रखकर हंगामा काटा।

एसपी ग्रामीण ने समझाने का प्रयास किया। लेकिन आक्रोशित लोगों ने एसपी देहात का घेराव कर प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाए और शव लेने पहुंची एंबुलेंस पर पथराव कर दियाष पथराव से एंबुलेंस क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर शव कब्जे में ले लिया है। मिली जानकारी के मुताबिक, मथुरा के राधाकुंड कस्बा में साधुभेषधारी ओम प्रकाश ने 5 वर्षीय बालक अंकित की सड़क पर पटक-पटक कर निर्मम हत्या कर दी। बालक की हत्या से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। ग्रामीण मौके पर पहुंचे, बालक के सिर कुचला देख ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त हो गया। उन्होंने राधारानी कुंड परिक्रमा मार्ग पर वाहन खड़े कर जाम लगा दिया। पुलिस को बालक का शव कब्जे में नहीं लेने दिया। घटना की सूचना पर एसपी ग्रामीण त्रिगुन बिसेन, एस डीएम दीपिका मेहर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। आक्रोशित लोगों ने एसपी देहात का घेराव कर पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाए। ग्रामीणों ने मृतक के परिवार को उचित मुआवजा और आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

# बलिदान हुए जवानों को सेना प्रमुख ने दी श्रद्धांजलि

## सड़क हादसे में सेना के नौ बहादुरों की हुई थी मौत

**एजेंसी**

**जम्मू।** सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे और भारतीय सेना के सभी रैंकों ने लद्दाख में कैरी के पास शनिवार को हुए सड़क हादसे में नौ बहादुरों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया और शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है।

फायर एंड फ्यूरी कॉर्प्स के जीओसी और सभी रैंक ने भी दुख की इस घड़ी में शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। सेना ने एक बयान में इस सड़क दुर्घटना में बलिदान हुए जवानों की पहचान उजागर की है जिसमें पलवल हरियाणा निवासी मनमोहन सिंह, सुंदरनगर हरियाणा निवासी रमेश लाल, मेवात हरियाणा निवासी तेजपाल सिंह, महबूब नगर तेलंगाना निवासी चंद्र शेखर, फतेहगढ़ पंजाब निवासी तरणदीप सिंह, रोहतक हरियाणा निवासी अंकित हिमाचल प्रदेश निवासी विजय कुमार, मध्य प्रदेश निवासी महेंद्र सिंह, सतारा महाराष्ट्र निवासी वैभव संपत हैं। क्यारी शहर से 7 किमी दूर शनिवार देर शाम घाटी में एक सैन्य वाहन गिरने से भारतीय सेना के 9 जवानों की जान चली गई। सेना का यह काफिला कारू गैरीसन से लेह के पास क्यारी की ओर बढ़ रहा था। तभी लगभग 5:45-6:00 बजे शाम को सैन्य वाहन घाटी में फिसल गया।

# हिमाचल बाढ़ राहत के लिए 200 करोड़ रुपये जारी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने हिमाचल प्रदेश सरकार को मानसून के कारण प्रभावित लोगों के लिए राहत उपाय करने में मदद करने के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष (एनडीआरएफ) से 200 करोड़ रुपये की अग्रिम राशि जारी करने की मंजूरी दे दी है। आपदा, गृह मंत्रालय के एक आधिकारिक प्रवक्ता ने रविवार को यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने कहा, भारत सरकार चौबीसों घंटे हिमाचल में स्थिति की निगरानी कर रही है, और स्थिति से कुशलतापूर्वक निपटने के लिए राज्य सरकार को आवश्यक रसद और वित्तीय सहायता प्रदान कर रही है। अब तक एनडीआरएफएचक्यू की 20 टीमें, भारतीय सेना की नौ टुकड़ियां, भारतीय वायु सेना के हेलीकॉप्टरों की तीन टीमें बचाव और राहत कार्य के लिए हिमाचल प्रदेश में तैनात हैं। इसमें कहा गया है कि भारत सरकार ने ज्ञापन की प्रतीक्षा किए बिना, हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे राहत कार्यों और स्थिति का मौके पर आकलन करने के लिए अंतर-मंत्रालयी केंद्रीय टीमों को भी तैनात किया है, जिन्होंने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। शनिवार को हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने दिल्ली का दौरा किया था और कहा था कि उनके राज्य को 10 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है और राज्य को दोबारा खड़ा करने में लगभग एक साल लगेगा।

# घोषी उपचुनावः भाजपा प्रत्याशी दारा सिंह चौहान पर फेंकी गई स्याही

- हाल में ही सपा छोड़ बीजेपी में हुए शामिल सपा और भाजपा में होगी सीधी टक्कर

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

उत्तर प्रदेश की घोषी विधानसभा सीट पर होने जा रहे उपचुनाव में बीजेपी प्रत्याशी दारा सिंह चौहान पर एक व्यक्ति ने स्याही फेंक दी। स्याही फेंकने वाला मौके से फरार हो गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

बताया जा रहा है कि दारा सिंह चौहान कोपागंज ब्लॉक के अदरी के एक कॉलेज में जन चौपाल से दूसरे कार्यक्रम में जा रहे थे। बीजेपी कार्यकर्ता उनके साथ थे। माला डाली जा रही थी, इसी दौरान एक शख्स ने उनके ऊपर काफी स्याही फेंक दी। घटना के बाद दारा सिंह चौहान कार्यक्रम में न जाकर वापस लौट गए। दारा सिंह चौहान समाजवादी पार्टी छोड़कर बीजेपी में शामिल हुए हैं।

वह घोषी से ही विधायक थे। 2022 विधानसभा चुनाव से पहले वह सपा में शामिल हुए थे और घोषी से चुनाव जीत विधायक बने थे उन्होंने दल बदला और विधायकी से इस्तीफा देकर बीजेपी में शामिल हुए। इस्तीफे के चलते घोषी में उपचुनाव हो रहा है।बीजेपी ने दारा सिंह चौहान को ही प्रत्याशी बनाया है। पांच सितंबर को मतदान होगा और वोटों की गिनती आठ सितंबर को होगी। दारा सिंह चौहान का सपा प्रत्याशी से सीधे मुकाबला होगा। सपा ने घोसी विधानसभा उपचुनाव के लिये राजपूत सुधाकर सिंह को अपना उम्मीदवार घोषित किया है।यूपी की 403 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा के 255 विधायक हैं, जबकि उसके सहयोगी अपना दल सोनेलाल और निषाद पार्टी के क्रमशः 13 विधायक और छह विधायक हैं। भाजपा के नए सहयोगी सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के विधानसभा में छह विधायक हैं। सपा के पास 108 विधायक हैं जबकि उसके सहयोगी राष्ट्रीय लोकदल के पास नौ विधायक हैं।

# केन्द्रीय गृह मंत्री पहुंचे भोपाल, मप्र सरकार का रिपोर्ट कार्ड किया जारी



**एजेंसी**

**भोपाल।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रविवार को एक दिवसीय प्रवास पर भोपाल पहुंचे हैं। उन्होंने यहां कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में मध्य प्रदेश की शिवराज सिंह चौहान सरकार के 20 साल (2003-2023) का रिपोर्ट कार्ड जारी किया। कार्यक्रम में उन्होंने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को बेहद मेहनती बताते हुए अपने संबोधन की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि हमने एक बीमारू राज्य को देश के सबसे विकसित राज्य में पहुंचाने का प्रयास किया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रविवार को दोपहर करीब सवा 12 बजे वायुसेना के विशेष विमान से भोपाल के राजाभोज विमानतल पहुंचे। यहां मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा और प्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने उनकी अगवानी की। अमित शाह विमानतल से सीधे कुशाभाऊ ठाकरे सभागार पहुंचे, जहां उन्होंने गरीब कल्याण महाअभियान कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के मिशन को लेकर मध्य प्रदेश में भाजपा सरकार के 20 साल का रिपोर्ट कार्ड जारी किया।

# स्वयं सहायता समूहों के परिवारों को बनाया जा रहा आत्मनिर्भर

## 15 लाख परिवारों को 1001 करोड़ रुपये की सामुदायिक सहायता धनराशि वितरित

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

दीन दयाल अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के लक्ष्यों के दृष्टिगत राष्ट्रवाद, सुशासन और समग्र विकास से अन्त्योदय के लक्ष्यों की पूर्ति की दिशा में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के कुशल मार्ग दर्शन में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन प्रदेश के 75 जनपदों के 826 विकास खंडो में इंटेंसिव रूप 1.08 करोड़ अधिक ग्रामीण परिवारों को 8.23 लाख स्वयं सहायता समूहों 55,763 ग्राम संगठन एवं 2889 संकुल स्तरीय संघ के माध्यम से विकास कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता, स्वरोजगार, उद्यमशीलता एवं कौशल विकास द्वारा आत्मनिर्भर व स्वावलंबी बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के क्रम में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत 5,94,456 समूहों को रिवॉल्विंग फण्ड के रूप में 891.68करोड़ एवं 4,10,610 समूहों को सामुदायिक निवेश निधि के रूप में 4516.71 करोड़ तथा 3,75,790 समूहों को बैंक क्रेडिट लिंकेज के माध्यम से 3339.56 करोड़ रुपये का ऋण रोजगार सृजन हेतु निर्गत किया गया है।वित्तीय वर्ष 2023-24 में आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान डिजिटल क्रांति के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को मूर्त रूप प्रदान करने की दिशा में आजीविका गतिबिधियो के सुचारू ढंग से संचालन हेतु वृहद् जागरूकता अभियान संचालित किया गया। उप मुख्यमंत्री की स्वीकृति से प्रदेश के 1.4 लाख स्वयं सहायता समूहों के 15 लाख से अधिक परिवारों को 1001.32 करोड़ रुपये की धनराशि निर्गत की गयी है। यह धनराशि अंतर्गत रिवॉल्विंग फण्ड के रूप में 57150 स्वयं सहायता समूहों को रु 85.73 करोड़ रुपये तथा 83236 स्वयं सहायता समूहों को सामुदायिक निवेश निधि के रूप 915.6 करोड़ की धनराशि निर्गत किया गया। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की मिशन निदेशक सी. इंदुमती के अनुसार ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार के दिशा निर्देशों के अनुसार सितम्बर तक प्रदेश में 1.18 करोड़ परिवारों को समूह से आच्छादित करने की प्रक्रिया तीव्र गति से अग्रसर है। मिशन स्तर से रणनीति बनाकर समूह से आच्छादित सभी परिवारों को रिवॉल्विंग फण्ड एवं सामुदायिक निवेश निधि से प्रदान कर कृषि एवं गैर कृषि क्षेत्रो में आजीविका संबर्धन करते हुए आत्म निर्भर बनाने की कार्यवाही की जा रही है द्य उप मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन एवं निरंतर दिशा निर्देश में आजीविका मिशन प्रधानमंत्री जी के विजन अनुसार मिशन समूहों की दीदियो के सामाजिक, शैक्षिक एवं आर्थिक उन्नयन व स्वावलंबन की दिशा में लगातार अग्रसर है।

## एनडीए के साथ नहीं इंडिया के साथ रालोद का गठबंधन:त्यागी

**लखनऊ।** रालोद के विपक्ष और एनडीए के साथ गठबंधन को लेकर लगातार चर्चाएं चल रही है। रविवार को होटल क्रिस्टल पैलेस में पार्टी के वरिष्ठ राष्ट्रीय महासचिव त्रिलोक त्यागी ने कहा उनका गठबंधन आईएनडीए के साथ है एनडीए के साथ नहीं। उन्होंने कहा प्रदेश नेतृत्व नें लोकसभा चुनाव में 12 सीटों पर चुनाव लड़ने की इच्छा जताई है।

सीटों के बंटवारे के बारे में गठबंधन में अभी कोई निर्णय नहीं हुआ है।

सितंबर से मेरठ से भाईचारा सम्मेलनों की शुरुआत होगी। पूरे प्रदेश में सम्मेलन होंगे। मेरठ में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयन्त चौधरी भाग लेंगे। बसपा के शाहजेब रिजवी ने समर्थकों के साथ पार्टी की सदस्यता ली। पूर्व मंत्री डा. मैराज उद्दीन, जिला अध्यक्ष मतलूब गौड़, नरेंद्र खजूरी, मौजूद रहे।

## रजनीकांत ने अखिलेश से की मुलाकात



**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

दिग्गज अभिनेता रजनीकांत ने रविवार को लखनऊ में समाजवादी पार्टी नेता अखिलेश यादव से मुलाकात की। रजनीकांत इससे पहले शनिवार शाम को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिले थे। अभिनेता रजनीकांत ने अखिलेश से उनके आवास पर मुलाकात की। अखिलेश ने रजनीकांत के साथ तस्वीरें शेयर कीं। पत्रकारों से बात करते हुए रजनीकांत ने कहा, मैं नौ साल पहले मुंबई में एक समारोह के दौरान अखिलेश यादव से मिला था, तब से हम दोनों दोस्त हैं, हम फोन पर बात करते हैं। पांच साल पहले मैं एक शूटिंग के लिए यहां आया था, मगर उस समय मुलाकात नहीं हो पाई। अब वह यहां हैं तो मैं उनसे मिला। रजनीकांत ने शनिवार शाम को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी मुलाकात की थी। जब उनसे मुलाकात के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, बहुत बढ़िया, अच्छा लगा। फिल्म जेलर की सफलता के बाद रजनीकांत कई राज्यों में लोगों से मिल रहे हैं।

## मोदी सरकार के खिलाफ आप करेगी प्रदर्शन: संजय

**लखनऊ।** आम आदमी पार्टी के यूपी प्रभारी सांसद संजय सिंह ने एलान किया है कि मोदी सरकार के महा घोटाले के खिलाफ 24 अगस्त को यूपी के सभी जिलों में धरना प्रदर्शन आंदोलन करेगी। संजय सिंह ने बताया सीएजी की रिपोर्ट से खुलासा हुआ है कि द्वारका एक्सप्रेसवे का प्रोजेक्ट 18 करोड रुपए प्रति किलोमीटर की लागत के हिसाब से बनाना था लेकिन इन्होंने 18 करोड रुपए प्रति किलोमीटर में बनने वाली सड़क को 25 करोड रुपए प्रति किलोमीटर में बनाया। भारत माला प्रोजेक्ट में पूरे देश में 75000 किलोमीटर की सड़क बननी थी। जिसमें एक किलोमीटर की सड़क 15 करोड़ रुपए में बननी थी लेकिन सरकार के कारिंदों ने उसे बढ़ाकर 25 करोड़ रुपए कर दिया। यानी 75000 किलोमीटर की सड़क में सीधे-सीधे 7.5 लाख करोड रुपए का घोटाले की योजना बनाई है।

श्रद्धांजलि



सीएमएस गोमती नगर के सभागार में पूर्व मुख्यमंत्री व राज्यपाल रहे स्व. कल्याण सिंह की द्वितीय पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देते उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक समृद्धि न्यूज

## फिल्म तीसरी बेगम की शूटिंग करने नवाबों के शहर पहुंचीं कायनात

### कायनात ने हिंदी सिनेमा से लेकर कई साउथ की फिल्में की

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

अभिनेत्री कायनात अरोड़ा बॉलीवुड की बेहद खूबसूरत अभिनेत्री में शुमार की जाती है, कायनात अरोड़ा 90 के दशक की सुपरस्टार अभिनेत्री दिव्या भारती की कजन है।

कायनात ने अपने फिल्मी सफर की शुरुआत सुपरस्टार अक्षय कुमार की फिल्म खट्टा मीठा से की जिसमे कायनात ने बेहतरीन अभिनय किया और कायनात ने उसके बाद से पीछे मुड़कर नहीं देखा और वह लगातार एक के बाद एक कई फिल्में करती गई, कायनात ने हिंदी सिनेमा से लेकर पंजाबी तेलुगू मलयालम और कई साउथ की फिल्में की है। सुपरहिट फिल्म ग्रैंड मस्ती में बेहतरीन अभिनय करने के बाद से कायनात दर्शकों के दिलों पर छा गई, कायनात ने अपनी प्रतिभा और खूबसूरती के दम पर बॉलीवुड और साउथ की फिल्म इंडस्ट्री मैं अपनी जगह बनाई कायनात अपने को हमेशा व्यस्त रखती हैं और मेहनत और लगन के चलते हमेशा कलाकार के रूप में अपने काम पर फोकस रखती हैं कायनात अपनी नई फिल्म की शूटिंग करने नवाबों के शहर लखनऊ में है, फिल्म तीसरी बेगम की शूटिंग लखनऊ के ज्यादा तर हिस्सो होनी है इस फिल्म में कायनात एक राजपूत के किरदार में नजर आएंगे। कायनात कि कई फिल्म व वेब सीरीज बैक टू बैक रिलीज होने वाली है जिसमें फिल्म टिप्सी और एडवेंचर थ्रिलर है और वेब सीरीज फातिमा और रेत है इसके बाद तीसरी बेगम भी बहुत जल्द रिलीज होगी, शूटिंग के दौरान अभिनेत्री कायनात अरोड़ा ने कहा कि लखनऊ जैसे ऐतिहासिक शहर में फिल्म को सूट कर गर्व महसूस हो रहा है।

## विपक्षी दलों का गठबंधन भाजपा को देगा शिकस्त

- लोकसभा चुनाव 2024 के लिए बना है `इंडिया गठबंधन: अजय राय

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**



कांग्रेस की उत्तर प्रदेश इकाई के नवनियुक्त अध्यक्ष अजय राय ने कहा है कि राहुल गांधी 2024 का लोकसभा चुनाव अमेठी की संसदीय सीट से लड़ें। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने 2019 का आम चुनाव उत्तर प्रदेश में अमेठी और केरल की वायनाड सीट से लड़ा था।

वह अमेठी में भाजपा की स्मृति ईरानी से हार गए थे। राहुल ने 2004, 2009 और 2014 में अमेठी सीट पर जीत दर्ज की थी, और इसे कांग्रेस का एक गढ़ माना जाता था। सोनिया गांधी ने 1999 में अमेठी सीट से चुनाव जीता था। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने भी लोकसभा में इस निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया था। हाल में गठित विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस) के बारे में राय ने कहा कि संसदीय चुनावों के लिए बनाया गया यह गठबंधन भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को उत्तर प्रदेश में शिकस्त देने में सफल रहेगा। गठबंधन में समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस शामिल हैं। राय ने कहा कि 2017 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए बनाये गए कांग्रेस-सपा गठजोड़ की तुलना 2024 के चुनावों के लिए बनाये गये विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया से नहीं की जानी चाहिए। कांग्रेस ने 403 सदस्यीय उप्र विधानसभा के लिए 2017 में हुए चुनाव में सात और सपा ने 47 सीट पर जीत दर्ज की थी। साल 2022 के विधानसभा चुनाव में, कांग्रेस ने केवल दो सीट पर जीत दर्ज की। संसद के 543 सदस्यीय निचले सदन में 80 सांसद भेजने वाले राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण इस राज्य से वर्तमान में लोकसभा में पार्टी की केवल एक सदस्य (रायबरेली से सोनिया गांधी) हैं। राय ने को टेलीफोन पर दिये साक्षात्कार में कहा,पार्टी कार्यकर्ता व नेता यह मांग कर रहे हैं कि राहुल गांधी अमेठी संसदीय सीट से चुनाव लड़ें, और जनता अपनी गलती को सुधारना चाहती है। उससे पहले, 2009 के लोकसभा चुनाव में राय को समाजवादी पार्टी ने उम्मीदवार बनाया था और वह भाजपा नेता मुरली मनोहर जोशी से हार गए थे। राय ने 1996, 2002 और 2007 में भाजपा के टिकट पर कोलअसला (वाराणसी में) विधानसभा सीट से जीत हासिल की थी। राय ने 2009 में इसी सीट से एक निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में विधानसभा उपचुनाव जीता था।

## खबरें एक नजर में

### उद्योग व्यापार मंडल 3 सितंबर को मनायेगा स्थापना दिवस

**लखनऊ।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल एवं उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल 3 सितंबर को अपनी स्थापना के 30 वर्ष पूरे करने जा रहे हैं इस स्थापना दिवस पर राष्ट्रीय व्यापारी दिवस के रूप में स्थापना पखवाड़ा आयोजित किया जाएगा जिसका प्रारंभ 25 अगस्त से और समारोह 9 सितंबर को होगा। यह निर्णय आज संगठन की मुख्य संचालक मंडल की बैठक में लखनऊ में लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल ने कहा कि 25 अगस्त से जनपदों में स्थापना पखवाड़ा आयोजित करते हुए बाजारों में पदयात्राएं प्रारंभ की जाएगी। जनपदों के भिन्न भिन्न बाजारों में पद यात्राओं के माध्यम से व्यापारी जोड़ो सदस्यता अभियान तेज किया जाएगा एवं संगठन की उपलब्धियां और भविष्य के संकल्पों को आम व्यापारी जनता एवं सरकार को बताया जाएगा।

### 251 फलदार वृक्ष लगाए गए

**लखनऊ।** आज मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के वृक्षारोपण जन अभियान-2023 के अंतर्गत 251 फलदार वृक्षों के बाग लगाने हेतु समाधान-पर्यावरण, लखनऊ, धनवंतरी सेवा न्यास (रजि), लखनऊ तथा माँभारती के सुरक्षासेवक सर्वश्री धीरज शुक्ला एवं धर्मेन्द्र अवस्थी के संयुक्त प्रयास से वृक्षारोपण अभियान रविवार सुबह को 10.00 बजे, ग्राम-सिरवइया, कालूखेड़ा के पास थाना असोहा, तहसील पुरवा जिला उन्नाव में आयोजित किया गया।

### सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत ई-रिक्शा द्वारा जागरूकता

**लखनऊ।** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, नई दिल्ली के सहयोग से सृजन फाउंडेशन द्वारा लखनऊ में सड़क सुरक्षा जागरूकता के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में रविवार से जानकीपुरम में ई-रिक्शा द्वारा प्रचार प्रारंभ किया गया। ई-रिक्शा को जानकीपुरम प्रथम से पार्षद प्रतिनिधि सौरभ तिवारी एवं जानकीपुरम थाने के थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर शैलेंद्र सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। सौरभ तिवारी ने कहा कि वर्तमान समय में इस प्रकार की जागरूकता बहुत जरूरी है। सभी लोगों को सड़क सुरक्षा अभियान सजग की पुस्तिका भी भेंट की गई। इस अवसर पर इंस्पेक्टर राकेश कुमार वर्मा, जनविकास महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अधिवक्ता पंकज तिवारी, अजय यादव, पिंकी शुक्ला, अधिवक्ता शारदा शंकर रस्तोगी, सृजन फाउंडेशन की सचिव दिव्या शुक्ला एवं सृजन फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ अमित सक्सेना उपस्थित रहे।

### विधानसभा चुनाव तय करेंगे बसपा के आनंद का भविष्य

**लखनऊ।** बसपा की बागडोर अपने हाथों में रखने वाली मायावती अब अपनी पार्टी की जिम्मेदारी अपने भतीजे आकाश आनंद के कंधों में डालती दिख रही हैं। उन्होंने चार राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव का उत्तरदायित्व आकाश को सौंप कर उन्हें आगे बढ़ाने में जुट गई हैं। जानकर बताते हैं कि वह अपनी सेकेंड लाइन की लीडरशिप को धीरे धीरे तैयार कर रही हैं। इन राज्यों की सफलता और असफलता उनके भविष्य का निर्धारण करेगी। राजनीतिक जानकारों की मानें तो कई बार लोकसभा और विधानसभा में मिल रही असफलता के बाद मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को राजनीति में आगे बढ़ाना शुरू किया। उन्हें चुनावी राज्यों में प्रभारी बनाया। इसके साथ ही आंदोलन, धरना प्रर्दशन और पद यात्राओं से दूरी बना चुकी पार्टी अब भतीजे को ठीक से लांच करने के लिए पद यात्राओं का सहारा ले रही है। जिससे भतीजे की इमेज ठीक हो जाए और उनके समाज में भी एक संदेश चला जाए। आकाश आनंद ने राजस्थान विधानसभा चुनाव के मद्देनजर साढ़े तीन हजार किलोमीटर की सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय संकल्प यात्रा शुरू की। इस यात्रा को बहुजन अधिकार यात्रा भी नाम दिया गया है। बसपा के राष्ट्रीय समन्वयक आकाश आनंद के नेतृत्व में यह यात्रा निकाली गई। यात्रा प्रदेश के करीब 150 विधानसभा क्षेत्रों से होकर गुजरेगी। सियासी जानकर बताते हैं कि यात्रा के दौरान दलित, अन्य पिछड़ा वर्ग और मुस्लिम वोट बैंक को साधने की रणनीति के तहत बसपा काम करेगी।

## जनता दरबार में बोले योगी, जन शिकायतों के निस्तारण पर ध्यान दें अधिकारी

**लखनऊ।** सीएम योगी ने कहा है कि अधिकारी जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए गंभीर प्रयास करें। अपने सरकारी आवास पर जनता दर्शन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने रविवार को 190 फरियादियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने हर किसी को आश्वस्त किया कि सबकी समस्या का निस्तारण कराना उनकी प्रतिबद्धता है। प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ मुख्यमंत्री ने आमजन को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी मदद की जाए। किसी की जमीन पर कब्जा करने वाले, कमजोरों को परेशान करने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफसख्त कार्रवाई की जाए।

## लोस चुनाव में भाजपा काटेगी सांसदों के टिकट

- हैट्रिक खातिर कड़े फैसले लेने से गुरेज नहीं करेगा हाईकमान
- यूपी के कई सांसदों का रिपोर्ट कार्ड संतोषजनक नहीं है

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

लक्ष्य पर निगाह हो तो राह में आ रही अड़चन हटाने में संकोच कैसा? बीजेपी इसी ढर्रे पर चलती है। उत्तर प्रदेश ठीक तो दिल्ली ठीक रहेगी। दिल्ली की सत्ता की राह यूपी से ही गुजरती है। बीजेपी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार दो बार से दिल्ली का तख्त सम्भाले है और 2024 में हैट्रिक लगाना चाहते हैं। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ से लेकर बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी तक मिशन 80 को लेकर गम्भीर हैं। डिप्टी सीएम केशव मौर्य तो हर मीटिंग और जनसभा में एनडीए के खाते में यूपी की सभी 80 सीटों पर जीत का दावा करते हैं। केंद्रीय नेतृत्व का भी बराबर उत्तर प्रदेश पर फोकस है। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बीजेपी ने तैयारी तेज कर दी है। विपक्षी एकता की संभावनाओं के बीच बीजेपी अपने वर्तमान सांसदों के रिपोर्ट कार्ड को लेकर मंथन कर रही है। उत्तर प्रदेश के कई सांसदों का रिपोर्ट कार्ड संतोषजनक नहीं है। एंटी-इनकंबेंसी से बचने के लिए बीजेपी ऐसी सीटों पर वर्तमान सांसदों का टिकट काटने पर विचार कर रही है। कुछ सांसदों की संसदीय बदला सकती है।

पीएम नरेंद्र मोदी और बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा तक सुधार के लिए पहले कई बार ताकीद कर चुके हैं लेकिन परफॉर्मेंस बेहतर नहीं हो सकी जिसके कारण सीट कही हाथ से निकल न जाये इसलिए कैंडिडेट नया उतार सकते हैं। पिछले कुछ महीनों में पार्टी द्वारा टिफिन बैठक सहित, कई महत्वपूर्ण अभियान चलाए गए, उसमें भी कई सांसद पार्टी की उम्मीद के मुताबिक भीड़ नहीं जुटा पाए थे। संघ से करीबी रिश्ते रखने वाले पार्टी के एक पूर्व केंद्रीय मंत्री अगर नहीं सुधार कर पाए तो पार्टी उनका टिकट काट सकती है। एक जमाने में काफी चर्चित रह चुके और वर्तमान में केंद्र सरकार में मंत्री एक हाई प्रोफाइल सांसद से उनके संसदीय क्षेत्र के तमाम विधायक, मेयर और संगठन के बड़े नेता नाराज चल रहे हैं। देश के हाई प्रोफाइल परिवार से जुड़े एक बीजेपी सांसद को यह फीडबैक दे दिया गया है कि इस बार उन्हें टिकट तभी दिया जाएगा जब सुधार हो जाये। कुछ सांसदों का टिकट उम्र के फैक्टर की वजह से कट रहा है लेकिन ज्यादातर सांसद ऐसे हैं जो अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय नहीं रहे हैं। कई सांसदों ने पार्टी आलाकमान का रुख भांपकर आला नेताओं तक दौड़ लगाना शुरू कर दिया है तो वहीं कई सांसद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में अपने संपर्कों का इस्तेमाल कर टिकट बचाने की कोशिश में लग गए हैं।

## अब देर से पकेंगे टमाटर भंडारण होगा आसान

### देश भर में टमाटर की विभिन्न प्रजातियाँ उगाई जाती हैं: शासनी

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

सीएसआईआर की लखनऊ स्थित प्रयोगशाला राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान (एनबीआरआई) के नये शोध से भविष्य में टमाटर की कीमतों को नियंत्रित करने में मदद मिल सकती है। संस्थान ने ट्रांसजेनिक बदलाव की मदद से टमाटर के पकने और खराब होने का समय बढ़ाने में सफलता हासिल की है। इससे भंडारण और परिवहन के लिए अतिरिक्त समय मिलेगा। यह शोध संस्थान के मुख्य वैज्ञानिक अनिरुद्ध साने ने किया है। साने ने कहा कि अनुसंधान टमाटर की कीमत वृद्धि को नियंत्रित करने में एक हद तक मददगार हो सकता है, क्योंकि इसकी कटाई के बाद बाजार तक पहुंचाने के लिए अतिरिक्ष्त समय मिल रहा है। यदि उपज देर से पकती है, तो इसे लंबे समय तक संग्रहीत किया जा सकता है। परिवहन दूर-दराज के स्थानों तक किया जा सकेगा और भंडारण के लिए गोदामों की आवश्यकता नहीं होगी। एनबीआरआई के निदेशक अजीत कुमार शासनी ने कहा, देश भर में टमाटर की विभिन्न प्रजातियाँ उगाई जाती हैं। उत्पादन के बाद उन्हें एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाने में एक से तीन दिन का समय लगता है। इस दौरान उन्हें ठंडा रखना पड़ता है नहीं तो ये जल्दी पकने लगते हैं। ऐसे में बड़ी मात्रा में टमाटर बाजार पहुंचने से पहले ही खराब हो जाते हैं। इसे रोकने के लिए यह शोध किया गया है। अनिरुद्ध साने ने कहा कि यह शोध टमाटर की अर्कविकास और एल्साक्रीट किस्मों पर किया गया है। उन्होंने कहा, हमने टमाटर में मौजूद एब्सिसिक एसिड की मात्रा को कम करने की कोशिश की है। टमाटर के जीन में बदलाव कर एंजाइम की मात्रा कम कर दी गई।

## फूलपुर से नीतीश के चुनाव लड़ने की चर्चा, कार्यकर्ता खुश

- फूलपुर विधानसभा अध्यक्ष आर के पटेल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बैठक

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

जनता दल यूनाइटेड के नेता एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के जबसे फूलपुर संसदीय क्षेत्र से चुनाव मैदान में उतरने की चर्चा छिड़ी है तभी से फूलपुर संसदीय क्षेत्र की पांचों विधानसभा क्षेत्रों फूलपुर, सोरांव, फाफामऊ, शहर पश्चिमी एवं शहर उत्तरी के पार्टी कार्यकर्ताओं एवं जनता में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। इन विधानसभा क्षेत्रों के जनता दल यूनाइटेड पार्टी के जुझारू कार्यकर्ता क्षेत्रीय जनता के सहयोग से जगह-जगह बैठकें आयोजित करना शुरू कर दिए हैं। आज फूलपुर विधानसभा क्षेत्र की बैठक बाबूगंज के ग्राम चकमाली में पार्टी के फूलपुर विधानसभा अध्यक्ष आर के पटेल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के प्रदेश महासचिव हरिशंकर पटेल लखनऊ से एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पार्टी के प्रयागराज जिला अध्यक्ष अजित प्रताप सिंह उपस्थित थे। बैठक में बूथ स्तर पर संगठन विस्तार पर विस्तृत रूप से चर्चा हुई। बैठक में फूलपुर बिधानसभा का सम्मेलन 22 अगस्त को बाबूगंज के मशी खुर्द स्थित नारायण पैलेस में आयोजित कराने का निर्णय लिया गया।

बैठक में मुख्य रूप से गोबिंद बल्लभ भाई पटेल, अवध बिहारी बिन्द,राम केदार पटेल, रघुराज सिंह मास्टर, संकठा प्रसाद पटेल, राम चन्द्र पटेल, साथी राम सहाय पटेल, संजय कुमार पटेल , जंग बहादुर पटेल, रामचन्द्र पटेल निराला सहित सैंकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## चार सूत्रीय मांगों पर राजकीय वाहन चालक महासंघ एकमत

**लखनऊ।** राजकीय वाहन चालक महासंघ की बैठक 93 बी दारूलशफा महासंघ कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष रिजवान अहमद की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन प्रदेश महामंत्री जयप्रकाश त्रिपाठी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से राजकीय वाहन चालकों की मांगों पर विस्तार से विचार विमर्श किया गया। बैठक में चालक संवर्ग की सबसे मुख्य मांग विभागों में चालीस से 70 प्रतिशत रिक्त पड़े चालकों पदो पर भर्ती, लिपिक संवर्ग की भर्ती चालक संवर्ग को 2000 ग्रेड पे, विभागों में हजारों की संख्या में कण्डम वाहनों के बदले नए वाहनों की खरीद एवं पुरानी पेंशन बहाली मांग का कामन एजेण्डा रखा गया। इन चारों मांगों पर जनपद अध्यक्ष, मंत्री, प्रदेश अध्यक्ष और मंत्री ने सहमति जताई। बैठक में बताया कि चौथे वेतनमान के दौरान लिपिक और चालक संवर्ग का वेतन ग्रेड एक ही था।

## संयुक्त युवा मोर्चा ने विपक्षी दलों को भेजा पत्र

- रोजगार अधिकार अभियान का समर्थन करने और रोजगार एजेंडा को अपने प्रोग्राम में शामिल करने की अपील

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

संयुक्त युवा मोर्चा टीम उत्तर प्रदेश की ओर समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, बसपा सुप्रीमो मायावती, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी, आम आदमी पार्टी प्रदेश प्रभारी संजय सिंह, सीपीएम राज्य सचिव हीरालाल यादव, सीपीआई राज्य सचिव अरविंद राज स्वरूप को पत्र लिखकर रोजगार अधिकार अभियान का समर्थन करने और युवाओं द्वारा उठाई जा रही मांगों को अपने प्रोग्राम में शामिल करने की अपील की है। संयुक्त युवा मोर्चा के केंद्रीय टीम सदस्य राजेश सचान द्वारा प्रेषित पत्र में बताया गया है कि प्रदेश भर के युवा प्रतिनिधियों ने 19 अगस्त 2023 को रोजगार के सवाल पर गांधी भवन, लखनऊ में मीटिंग कर 5 सितंबर 2023 प्रयागराज से प्रदेशस्तरीय संवाद और संपर्क अभियान चलाने का निर्णय लिया है। इसमें प्रमुख रूप से रोजगार गारंटी कानून बनाने और जब तक रोजगार न मिले न्यूनतम मजदूरी का 50 प्रतिशत बेकारी भत्ता देने, देश भर में रिक्त पड़े एक करोड़ पदों को विशेषकर उत्तर प्रदेश में विभिन्न सरकारी विभागों में रिक्त 6 लाख से ज्यादा पदों को तत्काल भरने, सरकारी/सार्वजनिक विभागों में आउट सोर्सिंग संविदा व्यवस्था पर रोक लगाने और रेलवे, बैंकिंग, बिजली-कोयला, शिक्षा-स्वास्थ्य, पोर्ट, एयरपोर्ट जैसे क्षेत्रों में निजीकरण बंद करने व रोजगार सृजन के लिए वित्तीय उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु कारपोरेट्स पर संपत्ति व उत्तराधिकार टैक्स लगाने आदि मांगें शामिल हैं।

## प्रवासी भारतीयों से संबंध बढ़ायेगी योगी सरकार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश मूल के प्रवासी भारतीयों से रिश्ते बढ़ाने के लिए सरकार बहुप्रतीक्षित नीति जल्द लाने की तैयारी कर रही है। अक्तूबर में प्रस्तावित औद्योगिक इकाइयों के सामूहिक शिलान्यास समारोह ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी से पहले इसे मंजूरी दी जा सकती है। नीति फाइनल करने से पहले केंद्र सरकार का मार्गदर्शन लिया जाएगा।सूत्रों के मुताबिक यूपी मूल के प्रवासी भारतीयों को प्रदेश में निवेश के लिए प्रोत्साहित करने तथा प्रदेश के इच्छुक कामगारों को रोजगार के लिए विदेश भेजे जाने से संबंधित बिंदुओं पर एक नीति बनाने पर लंबे समय से मंथन चल रहा है। 14 अगस्त को प्रमुख सचिव प्रवासी भारतीय विभाग की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय बैठक में प्रस्तावित नीति को जल्द से जल्द फाइनल करने पर सहमति बनी है। रोजगार के लिए विदेश जाने के इच्छुक कामगारों का प्रवास सुगम और सुरक्षित हो, इसके लिए नीति में व्यवस्था की जाएगी।

# एकाधिकारवादी विचारधारा वाली प्रवृत्तियां देश में हो रही हावी : किरनमय नंदा

## मतदान का प्रतिशत बढ़ाने और मतदाताओं के साथ सम्पर्क पर देना होगा विशेष जोर



**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर आज मिश्रिख संसदीय क्षेत्र की समीक्षा बैठक पार्टी के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ के डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में हुई। जिसमें सीतापुर, हरदोई तथा कानपुर ग्रामीण के जिलाध्यक्षों, विधानसभा अध्यक्षों जोनल प्रभारियों तथा पूर्व प्रत्याशियों ने भी भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष किरनमय नंदा ने की। पूर्व मंत्री आरके चौधरी भी समीक्षा बैठक में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विकास यादव ने किया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष किरनमय नंदा ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश इस समय संक्रमण के दौर से गुजर रहा है। देश में एकाधिकार वादी विचारधारा वाली प्रवृत्तियां बढ़ रही है और संसद की भी स्वायत्ता पर संकट है। ऐसे में लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए सन् 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को सत्ता से बेदखल करना बेहद जरूरी है। इसके लिए हर बूथ स्तर पर सभी फ्रंटल संगठनों और महिलाओं की तैनाती होनी चाहिए। मतदान का प्रतिशत बढ़ाने और मतदाताओं के साथ सम्पर्क पर विशेष जोर देना होगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में भाजपा को सभी 80 सीटों पर हराना है। बैठक में छत्रपाल सिंह यादव जिलाध्यक्ष सीतापुर, मुनीन्द्र शुक्ला जिलाध्यक्ष कानपुर ग्रामीण, वीरेन्द्र सिंह जिलाध्यक्ष हरदोई, निर्भय सिंह पूर्व जिलाध्यक्ष हरदोई, पूनम सरोज जिलाध्यक्ष महिला सभा हरदोई के अलावा पूर्व प्रत्याशी रचना सिंह बिल्हौर, रामबली बालामऊ हरदोई, बरामपाल राजवंशी सीतापुर एवं अनिल वर्मा विधायक भी मौजूद रहे। बैठक में जोनल प्रभारी तथा विधानसभा अध्यक्ष भी मौजूद रहे। बैठक में सभी के विचार सुने गए। उनके सुझावों पर विचार का आश्वासन दिया गया।

## जरूरतमंद मरीजों ने कराई अपनी जांचे,लोगों को मिली निःशुल्क दवाएं

**लखनऊ।** किदवई पॉलीक्लिनिक ने अपनी 50 वीं वर्षगांठ के मौके पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन महिला कॉलेज के पीछे अमीनाबाद मे किया।इस अवसर पर डॉ. आसिफ अजीज किदवई,वरिष्ठ गैस्ट्रो फिजिशियन व सर्जन और डॉक्टर अलमास किदवई स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ की देखरेख में आयोजित शिविर में सैकड़ों मरीजों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। जिसमे ऑन पैथलैब द्वारा हड्डियों की जांच ब्लड शुगर,हीमोग्लोबिन,थायराइड तथा कई अन्य प्रकार की जांचे किदवई पॉलीक्लिनिक की ओर से लोगो ने करायी। इस मौके पर लोगो को निशुल्क दवाएं भी दी गई। शिविर में डॉक्टर एम एच उस्मानी,डॉ मोनिस रहमान, अरविंद कुमार पांडेय,सैफी खान,जुबैर अहमद,अब्दुल वहीद सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## लोक निर्माण मंत्री ने कार्यों के संबंध में की समीक्षा बैठक



**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

उत्तर प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने आज लोक निर्माण विभाग मुख्यालय स्थित कमांड सेंटर में लोक निर्माण राज्य मंत्री बृजेश सिंह जी के साथ प्रदेश में चल रहे निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा बैठक कर सम्बंधित अधिकारियों को ज़रूरी दिशा निर्देश भी दिया। उन्होंने बैठक में शामिल वरिष्ठ अधिकारियों को प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों के कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने का निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा लापरवाही पाए जाने पर सम्बंधित के खिलाफ कार्रवाही भी की जाएगी।

उन्होंने अत्यधिक बारिश की वजह से उत्पन्न हुई समस्याओं के त्वरित निवारण करने एवं मौसम के अनुकूल होते ही सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण हों ये सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

# कंचन द्विवेदी के शिवभक्ति भजनों की हुई लांचिंग





लखनऊ स्थित हिन्दी संस्थान में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते समृद्धि मीडिया ग्रुप के चेयरमैन डॉ. जितेन्द्र सिंह समृद्धि न्यूज

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

लखनऊ। एक संस्था की ओर से कंचन द्विवेदी के द्वारा शिव भक्ति भजन की लांचिंग लोकार्पण किया जाना सुनिश्चित हुआ। इसके भजन शिव शिव शिव शिव बाबा आयो। रे चलो रे चलो चलो रे चलो शिव दर्शन कराए शिव के दर्शन पाकर के सारे संकट कट जाए। कार्यक्रम में कंचन द्विवेदी ने बताया कि 11 वर्ष की उम्र में हमें भक्ति की से प्रेरणा मिली कि हम शिव भजन और उनकी तरफ उनका आकर्षण और आकर्षण इस तरह आगे बढ़ा कि आज उनकी तीन श्री शिव भजन के नाम से का लोकार्पण किया गया जिससे उनके माता.पिता की हर्ष की कोई उनकी सीमा नहीं थी कार्यक्रम के दस्त किसने की कार्यक्रम की अध्यक्षता भोलेनाथ ने श्याम की। अपनी 11 वर्ष की उम्र में प्रेरणा मिली। एतब से साधु.संतों महात्मा विद्वानों का सानिध्य प्राप्त है। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. जितेन्द्र सिंह ने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पूजा पद्धति एक नियम के तहत होते है। जिसमें हमें अनुशासन और बहुत सारी सीख मिलती है।

उन्होंनें कहा कि किसी भी धर्म से हम कुछ न कुछ सीखते है। कार्यक्रम में माधव कार्टूनिस्ट एवं कवि ने अपने-अपने मधुर भाषा में संचालन किया तथा सब को बांधे रखा उसके साथ ही सुमित सक्सेना ने भी संचालन किया उन्होंने भी काफी मेहनत की इस कार्यक्रम में और और उनका संचालन भी सराहनीय रहा। कार्यक्रम में जालौन से आए सभी साथीगण इनके परिवार के पिताजी शिवाकांत द्विवेदी उनकी माता एवं परिवार के कुसुम द्विवेदी और जालौन से आए हुए सभी उनके पड़ोसी विधायक और लोग यहां पर लखनऊ में आकर अपना पूरा समय दिया जो सराहनीय जो स्वागत योग्य है। कार्यक्रम में आए सभी आगंतुकों का कंचन द्विवेदी ने स्वागत किया।

# पूर्व विधायक ने ससुराल पहुंचकर पत्नी को पीटा

**महिला की शिकायत पर पुलिस ने पूर्व विधायक बृजेश प्रजापति के खिलाफ केस दर्ज कर लिया**

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

शुक्रवार देर रात एक पूर्व विधायक ने अपने ससुराल में जमकर हंगामा किया। घर के गेट पर गाड़ी से तेज टक्कर मारी। फिर घर से बाहर निकल कर आई पत्नी को जमकर पीटा। इसके बाद उसे कार से कुचलने की कोशिश भी की। महिला की शिकायत पर पुलिस ने पूर्व विधायक बृजेश प्रजापति के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मामला पीजीआई थाना क्षेत्र के वृंदावन इलाके का है। पत्नी शालिनी ने बताया, शुक्रवार देर रात मैं बच्चों और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ घर के अंदर थी। तभी गेट पर कुछ टकराने की जोर की आवाज सुनाई दी। बाहर निकल कर देखा तो बृजेश अपनी इनोवा गाड़ी से गेट में ठोकर मार रहे थे। विरोध करने पर घर में घुसकर मारपीट की। बीच बचाव करने आए परिवार के अन्य सदस्यों को भी पीटा। घर में घुसने का प्रयास कर रहे थे। रोकने पर घर के दरवाजे में कई बार ठोकर मारी। जिससे दरवाजे के नीचे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। मुझे, बच्चों और घर के अन्य सदस्यों को भी गाड़ी से कुचलने का प्रयास किया।

बृजेश प्रजापति से बचने के लिए शालिनी ने पुलिस कंट्रोल रूम को फोन किया। जिसके बाद दो सिपाही मौके पर पहुंचे। सिपाहियों ने जब बृजेश प्रजापति से थाने चलने को कहा तो वह उसने से भी भिड़ गए। जिसके बाद पीजीआई थाने की पुलिस बृजेश को हिरासत में लेकर थाने पहुंची। बृजेश की पत्नी शालिनी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पीजीआई इलाके की शालिनी प्रजापति की शादी 2013 में बांदा जिले के तिंदवारी विधानसभा सीट से बीजेपी विधायक बृजेश प्रजापति के साथ हुई थी। इस समय वह समाजवादी पार्टी के साथ जुड़े हुए हैं। शालिनी ने बताया, आरोपी विधायक शराब पीने का आदी है। वह कई बार उनसे मारपीट कर चुके है। पत्नी ने बताया, करीब 4 साल से पूर्व विधायक उन्हें प्रताड़ित कर रहा था। पति की हरकतों से तंग आकर मैं 15 अगस्त को अपने मायके चली आई। बावजूद इसके बृजेश प्रजापति ने पीछा नहीं छोड़ा। वह किसी न किसी बहाने से ससुराल में आकर मारपीट करता है। एडीसीपी अली अब्बास ने बताया कि पूर्व विधायक बृजेश प्रजापति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। उसी आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# शिक्षक भर्ती में आरक्षण घोटाले को लेकर जीपीओ पार्क में हुई बैठक

**सरकार ने आज तक इस भर्ती की मूल चयन सूची नहीं बनाई है**

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

69000 सहायक शिक्षक भर्ती में 19000 सीटों पर हुए आरक्षण घोटाले को लेकर आरक्षण पीड़ित अभ्यर्थियों ने जीपीओ पार्क में एक बैठक की।

बैठक में 22 अगस्त को लखनऊ हाईकोर्ट की डबल बेंच में होने वाली सुनवाई के लिए अग्रिम रणनीति तैयार कर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में बोलते हुए पिछड़ा दलित संयुक्त मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सुशील कश्यप एवं प्रदेश संरक्षक भास्कर सिंह ने कहा कि 22 अगस्त को लखनऊ हाईकोर्ट की डबल बेंच में 19000 सीटों पर हुए आरक्षण घोटाले को लेकर सुनवाई है। अब सरकार को चाहिए कि वह 22 अगस्त को होने वाली सुनवाई में 1 जून 2020 को प्रकाशित इस भर्ती की पूरी लिस्ट को मूलचयन सूची के रूप में हाईकोर्ट में प्रस्तुत करे तथा अध्यापक सहायक लिखित परीक्षा सरकार की नियमावली के अनुसार पात्रता परीक्षा है या नहीं इस संबंध में कोर्ट में दस्तावेज प्रस्तुत करें क्योंकि लखनऊ हाई कोर्ट की सिंगल बेंच भी 13 मार्च को सरकार को 3 महीने का समय देते हुए इस भर्ती की मूल चयन सूची बनाने का आदेश दे चुकी है लेकिन 4 महीने से अधिक का समय हो गया सरकार ने आज तक इस भर्ती की मूल चयन सूची नहीं बनाई है जिस कारण आरक्षण पीड़ित अभ्यर्थियों में आक्रोश है एवं सरकार के प्रति नाराजगी है तथा न्याय से वंचित है ।सरकार इस भर्ती की मूल चयन सूची कोर्ट में पेश करने में सक्षम नहीं होती है तो ऐसी स्थिति मे हमारी सरकार से मांग हैं कि लखनऊ हाई कोर्ट की डबल बेंच में जितने भी आरक्षण पीड़ित अभ्यर्थी याची बन कर कोर्ट में इस भर्ती में 19000 सीटों पर हुए आरक्षण घोटाले का केस लड़ रहे हैं।

# जयंती पर याद किए गए राजीव गांधी

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**



संचार क्रांति के जनक और ग्रामीण भारत के सर्वांगीण विकास के जनक भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी को जयंती पर याद किया गया, इस अवसर पर कांग्रेस जनों और सामाजिक संगठनो ने युगदृष्टा राजीव गांधी को श्रद्धासुमन अर्पित कर, उनके कार्यों को याद किया।

नवनियुक्त प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय जी ने सैकड़ों कांग्रेसियों के साथ वाराणसी में राजीव गांधी की प्रतिमा पर पहुंच कर पुष्प अर्पित कर, उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उधर लखनऊ प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय 'नेहरु भवन' पर संगोष्ठी आयोजित कर राजीव जी के विचारों और कार्यों पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर छात्र संगठन के नेताओं ने फल वितरण किया और वृक्षारोपण कर राजीव गांधी जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किये। कांग्रेस प्रवक्ता विकास श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि कालिदास चौराहे स्थित राजीव गांधी जी की प्रतिमा पर नेता विधानमंडल दल श्रीमती आराधना मिश्रा मोना एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। सभी प्रमुख कांग्रेस नेताओं ने प्रदेश मुख्यालय 'राजीव भवन' चौराहे पर स्थित राजीव गांधी की प्रतिमा पर भी पुष्पांजलि अर्पित किया। आज राजीव गांधी जी की जयंती पर युवा कांग्रेस मुख्यालय प्रांगण में वृक्षारोपण भी किया गया। कांग्रेस मुख्यालय 'नेहरु भवन' पर आयोजित संगोष्ठी के माध्यम से पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अमर शहीद राजीव गांधी जी के अतुलनीय योगदान को याद किया गया। वाराणसी में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने राजीव गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर राजीव जी को याद करते हुए कहा की अमर शहीद राजीव गांधी युगदृष्टा थे। उन्होंने अपने अल्प समय के कार्यकाल में देश के लिए ऐतिहासिक कार्य किए, ग्राम पंचायत को सशक्त किया, संचार क्रांति से देश को 21 वीं सदीं में भारत को अग्रणी पंक्ति में खड़ा किया। उन्होंने 18 वर्ष की उम्र के युवाओं को मताधिकार दिया और नई शिक्षा नीति से देश के आम जनमानस के बच्चों को नवोदय विद्यालय जैसी शिक्षा प्रणाली की व्यवस्था दी।

# वीडियो की बाध्यता समाप्त, स्वयं रीडिंग पर जमा होगें बिजली बिल

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

पिछले एक सप्ताह से लेसा में चल रहे मनमाने आदेश पर अंततः लगा पूर्ण विराम लग गया है। लेसा द्वारा पिछले एक सप्ताह से बिजली उपभोक्ताओं को वीडियों बनाकर रीडिंग न दिखाने पर बैरंग लौटने वाले मामले को संज्ञान में लेकर उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष अवधेश वर्मा ने जब इस मामले में मुख्य अभियंता सिंस गोमती से शिकायत दर्ज कराई तो उन्होंने कहाकि उपभोक्ता पूर्व की भॉति स्वंय की रीडिंग पर बिल जमा करा सकेंगें। इसके लिए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित कर दिया जाएगा। गौरतलब है कि मध्यांचल विद्युत वितरण अंतर्गत राजधानी लखनऊ लेसा में पिछले 1 सप्ताह से कोई विद्युत उपभोक्ता जो स्वयं अपनी रीडिंग लेकर जब काउंटर पर बिल जमा करने के लिए जाता था तो उसे बैरंग लौटा दिया जाता था। उससे कहा जाता था कि आप अपने मीटर की वीडियो बनाकर लाएं इसके बाद ही बिजली बिल काउंटर पर जमा किया जाएगा। विवाद बढने पर आज उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने जब मुख्य अभियंता लेसा ट्रांस गोमती ए.के. तिवारी से विरोध दर्ज करते हुए कहा कि विद्युत वितरण संहिता-2005 व ट्रस्ट बिलिंग में दिए गए प्रावाधान के विपरीत आदेश क्यों लागू किया गया।

इस पर उनके द्वारा कहा गया कि ऊपर का आदेश है। जब मुख्य अभियंता सिस गोमती संजय जैन से बात की तो उन्होंने कहा उपभोक्ता परिषद की बात बिल्कुल सही है। विद्युत वितरण संहिता के तहत ही कार्रवाई होगी और जो भी विवाद उत्पन्न हो रहा है कल मैं सभी अपने क्षेत्र के अभियंताओं को निर्देशित कर दूंगा की उपभोक्ताओं के साथ इस प्रकार की कोई बाध्यता ना रखी जाए।

## समाचार पत्रों पर लगाए जा रहे अंकुश की निंदा

**लखनऊ।** ऑल इंडिया न्यूज पेपर एसोसिएशन के राष्ट्रीय कार्यालय पर आज संगठन के 18 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में कार्यक्रमों की रूपरेखा को तैयार करने के लिए कोर कमेटी की बैठक हुई।कई विषयों पर बातचीत के दौरान सबसे महत्वपूर्ण वार्ता हुई की वर्तमान समय में पत्रकारों और समाचार पत्रों पर शासन प्रशासन द्वारा लगाए जा रहे अंकुश को लेकर विशेष चर्चा की गई। जो पत्रकार साथी पत्रकारिता में कलम पाबंद हुआ करते थे उन कलमों पर पाबंदी के बादल मंडराते हुए दिखाई पड़ रहे हैं। लगता है हम कलम के सिपाहियों को अब पाबंद होकर नहीं बल्कि पाबंदी के साथ लिखना होगा। सवाल यह भी उठता है कि हमारे द्वारा लिखे गए समाचारों को क्या अब सरकार बताएगी कि हमें कौन सा समाचार प्रकाशित करना है या कौन सा समाचार नहीं प्रकाशित करना है। क्या सूचना विभाग की तरह कोई एक नया ऐसा विभाग बनाया जाएगा जिसमें सभी पत्रकार अपने-अपने समाचारों को प्रेषित कर उनके रिकमेंडेशन के आधार पर समाचार प्रकाशित करेंगे।

# यूपी टी-20 लीग का आयोजन 30 अगस्त से

**वाराणसी, गोरखपुर, लखनऊ, कानपुर, मेरठ और नोएडा की टीम लेगी हिस्सा, कानपुर में होंगे सभी मैच**

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

आईपीएल की तर्ज पर उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन यूपी टी-20 का आयोजन 30 अगस्त से होगा। आईपीएल चौयरमैन राजीव शुक्ला और यूपीसीए के डीएस चौहान इस दौरान मौजूद रहे। इस दौरान ट्राफी , टीम की जर्सी लांच किया गया। कानपुर की टीम सबसे महंगी बिकी है। जबकि सबसे सस्ती टीम लखनऊ की है। इकाना प्रबंधन ने लखनऊ की टीम को खरीदा है। फ्रेंचाइजियों द्वारा अपनी-अपनी टीमों की जर्सी लांच की गई। लीग के लिए एंथम भी लॉन्च किया गया, जो यूपीटी20 की ऊर्जा की भावना को सबके सामने रखता है। इनमें गोरखपुर लायंस, कानपुर सुपर स्टार, काशी रुद्र, लखनऊ फाल्कन्स, मेरठ मावेरिक्स और नोएडा सुपर किंग्स टीमें शामिल हैं। इस दौरान राजीव शुक्ला ने बताया कि कानपुर में सभी मैच खेले जाएंगे। डे-नाइट मैच होंगे। अगर कोई समस्या आती है तो मैच का आयोजन नोएडा और लखनऊ के इकाना स्टेडियम में हो सकता है। हालांकि इसकी संभावना कम है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में विशाल आबादी के साथ, अधिक से अधिक खिलाड़ियों को समायोजित करना और उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करना हमारे लिए एक चुनौती रही है। प्रत्येक फ्रेंचाइजी में लगभग 25 खिलाड़ी होने की शर्त है। यह लीग यूपी से सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं को सामने लाने और टीम इंडिया को नई प्रतिभाएं देने का एक बेहतरीन मंच बनकर सामने आएगा। 30 अगस्त से 16 सितंबर तक कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में मैच होगा। राज्य के लोग बेहतरीन क्रिकेटरों को अपने घर में गौरव हासिल के लिए मुकाबला करते हुए देखेंगे। डीएस चौहान ने कहा कि आईपीएल नीलामी में कुछ महीने बाकी हैं, यूपी टी- 20 उभरती हुई प्रतिभाओं के लिए अपने कौशल दिखाने के लिए एक शानदार मंच के रूप में काम करेगा।

## गीत-संगीत के बीच महिलाओं मनाया तीज

**लखनऊ।** गोमती तट पर बीरबल साहनी मार्ग स्थित श्री श्याम मंदिर में श्री श्याम श्रावणी तीज उत्सव मनाया गया। श्याम परिवार की तरफसे इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान गीत-संगीत के कार्यक्रम किए गए। महिलाओं ने तीज के गानों पर डांस किया। इस दौरान तीज क्वीन का चुनाव भी किया गया। तीज आस्था, प्रेम, सौंदर्य व उमंग का त्योहार है। श्याम श्रावणी तीज उत्सव को प्रायोजित कर महिलाओं को अपनी जड़ों से जोड़ने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। भारतीय महिलाओं की सांस्कृतिक मान्यताओं का प्रतीक श्रावणी तीज पर्व दंपति यों के वैवाहिक जीवन में समृद्धि, खुशी और तरक्की का प्रतीक है। हाथ-पैरों में तरह-तरह के बेल-बूटे वाली मेहंदी, बालों में फूलों का जूड़ा, हरे रंग के विभिन्न शेड्स वाली खूबसूरत साड़ियां, लहंगा-चोली, ओढ़नी, आभूषणों में नथनी, बोरला और तगड़ी, वातावरण में संस्कृति की उमंग, मधुर ध्वनि में गूंजता संगीत, परस्पर हंसी-ठिठोली, उन्मुक्त ठहाके... रोजमर्रा की एकरस जिंदगी से बिल्कुल अलग, महिलाओं ने श्रावणी तीज के उमंग में जमकर मस्ती की।

# महासमिति ने जनसमस्याओं को लेकर महापौर को सौंपा ज्ञापन

**नाला नालियों में कीटनाशक दवा व एंटी लार्वा का छिड़काव कराया जाए**

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

इंदिरा नगर आवासीय महासमिति का प्रतिनिधिमंडल इंदिरा नगर के तमाम जन समस्याओं को लेकर महापौर सुषमा खर्कवाल के आवास पर जाकर ज्ञापन सौंपा और समस्यायो के निराकरण हेतु विस्तृत चर्चा भी की गई। महासचिव सुशील कुमार बच्चा ने महापौर सुषमा खर्कवाल को जन समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि शहीद भगत सिंह वार्ड के अमराई गांव से इंदिरा नगर प्रिय प्रदर्शनी वार्ड से सैकड़ो कॉलोनीयों को जोड़ता हुआ करोड़ों रुपए के लागत से बना बड़ा नाला कुकरेल बांध में जाता है इस नाले पर अवैध अतिक्रमण के चलते हमेशा जलभराव का रहता है। मुंशी पुलिया के डी ब्लॉक में गेट नंबर 1 के पास बने मंगल वाटिका पार्क का बुरा हाल है। इसका सुंदरीकरण कराते हुए बाकी अन्य जर्जर पड़े पार्कों को चिन्हित कर सुंदरीकरण कर ओपन जिम लगवाने, मुंशी पुलिया तथा अरविंदो पार्क के चारों तरफ का अतिक्रमण हटवाया जाए। शिवाजी पुरम के शिवाजी पार्क के बाहर की कच्ची पड़ी ऊबड़ खाबड़ सड़क का निर्माण कराने,तथा पार्क में ओपन जिम लगवाने व सभी पार्कों में माली की व्यवस्था की जाए।

पटेल नगर में बने नाले का निरीक्षण कर घरों में हो रहे नुकसान को देखे तथा मलिन बस्तियों में बढ़ते चूहों के आतंक के प्रकोप को देखते हुए नाला नालियों में कीटनाशक दवा व एंटी लार्वा का छिड़काव कराया जाए। मंगल दिवस शुरू करने पर भी विस्तृत चर्चा हुई सभी समस्यो को सुनकर महापौर ने गंभीरता से लेते हुए सभी समस्यायो यथाशीघ्र निदान कराने का पूर्ण आश्वासन भी दिया। वार्ता के दौरान सुभाष शर्मा, डॉक्टर आरपी सिंह, हरिशंकर वर्मा, संगठन सचिव विनोद कुमार चौधरी, संजय शर्मा ,महेश वाल्मीकि, मो. इरशाद ,रामशरण गुप्ता आदि शामिल है।

## मुख्यमंत्री से मिले कर्नल राजीव सिंह वीरेन्द्र सिंह राठौड़

**लखनऊ।** पूर्व सैनिको के मान सम्मान शौर्य पराक्रम सहित उनकी समस्याओं के समाधानों को लेकर भाजपा सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक कर्नल राजीव सिह सह संयोजक उत्तर प्रदेश वीरेन्द्र सिह राठौड सैनिक प्रकोष्ठ नेता सीतेश कुमार सिह ओम सिह राणा दिग्गज उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिले उन्होंने कहा की नमन यात्रा एवम एक बडी रैली आयोजित करेंगी।

पूर्व सैनिको ने कहा कि महापुरुषों को जातियों मे उपजातियों मे जो स्थितियों आ रही उसकी जांच हो क्योंकि आगामी अन्य प्रदेशो के चुनाव मे व उत्तर प्रदेश मे पार्टी का कोई नुकसान न हो मूर्तिया लगानी जरूरी तो देश की सीमाओं पर जान न्योछावर करने वाले हमारे योद्धाओ की लगे वीरेन्द्र सिह राठौड ने कहा की मुख्यमंत्री के संरक्षण मे एक बडा आयोजन होगा पूर्व सैनिको को सम्मानित करेंगे ..'लखनऊ कार्यालय पर भी पहुँचे समस्त पूर्व सैनिक अधिकारियों का भगवा सम्मान राष्ट्रीय महामंत्री कार्यालय प्रभारी सुखवीर सिह भदौरिया' व क्षत्रियों ने सबको सम्मानित किया।

# पूजा चक्रवती ने दुबई में जीता स्वीट ग्लैमरस गर्ल्स का खिताब



**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

राजधानी की रहने वाली पूजा चक्रवती ने दुबई में आयोजित के मिस एंड मिसेज इंडिया प्रतियोगिता 2023 ग्लैमन में ग्लैमरस गर्ल्स का खिताब जीता है। इस जीत के बाद उन्होंने कहा कि लगातार मेहनत से इस तरह का परिणाम आया है। अगर आप को जीवन में सफल होना है लगातार मेहनत करने की जरुरत होती है।

अगर जीवन में कुछ कर गुजरने की तम्मना हो तो कोई भी बाधा आपके विकास को नहीं रोक सकती है। इस बात को पूजा चक्रवती ने दुबई में आयोजित मिस एंड मिसेज इंडिया प्रतियोगिता 2023 ग्लैमन में ग्लैमरस गर्ल्स का खिताब जीत कर दिखा दिया है। उन्होंने यह बात आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान कही। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि लगातार आप को आज के इस बदलती दुनिया में लगातार अपडेट के साथ.साथ सही दिशा में काम करने से ही सफलता मिल सकती है। वर्तमान समय में आज के डिजिटल दौर में सही जानकारी का इस्तेमाल करके ही मैंने इस सफलता को हासिल किया है। पूजा चक्रवती ने कहा कि आने वाले कई और प्रतियोगिता में हिस्सा लेने की तैयारी कर रही है। उन्होंने कहा कि स्वीट ग्लैमरस गर्ल्स का खिताब जीतने के लिए काफी समय से प्रयासरत रही थी। जिसके लिए हमने दिन.रात के मेहनत का नतीजा है जो कि आप लोगों के सामने है।

# मेडिकल कॉलेज में पीआरडी जवान और दो अन्य को प्रोफेसर ने पीटा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



- प्राचार्य ने पांच सदस्य कमेटी गठित कर जांच के दिए आदेश
- मेडिकल कॉलेज में आए दिन कोई न कोई विवाद करते हैं प्रोफेसर

आटोनामिक स्टेट मेडिकल कॉलेज में प्रोफेसरों की दबंगई बढ़ती जा रही है। मेडिकल कॉलेज की सुरक्षा में तैनात पीआरडी जवान और दो अन्य लोगों से परिसर में मारपीट का वीडियो वायरल हो रहा है। वहीं भाजपा महिला मोर्चा की कार्यालय प्रभारी ने हॉस्पिटल मैनेजर और प्राचार्य पर अपशब्द कहने का आरोप लगाया है।बहराइच मेडिकल कॉलेज में आए दिन प्रोफेसर कोई न कोई विवाद करते हैं। अब मेडिकल कॉलेज के विवादित दो प्रोफेसर का एक वीडियो वायरल हो रहा है।

मेडिकल कॉलेज में सुरक्षा में तैनात एक पीआरडी जवान पर प्रोफेसर ने पिटाई के लिए हाथ उठा दिया। इसके बाद पीआरडी जवान को किसी को बुलाने के लिए छत पर भेज दिया। छत से आए दूसरे व्यक्ति को दूसरे प्रोफेसर ने अंदर ले जाकर जमकर पीटा। इसके बाद एक अन्य व्यक्ति की प्रोफेसर ने पिटाई की। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वर्दी में तैनात पीआरडी जवान की पिटाई का लोग विरोध कर रहे हैं। इसकी शिकायत प्राचार्य डॉक्टर संजय खत्री से की गई।

जहां सरकार ने जनपद वासियों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए जिले में मेडिकल कॉलेज का निर्माण कराया है। वहीं मेडिकल कॉलेज प्रशासन सरकार के मंसूबों पर पानी फेरता नजर आ रहा है।

मेडिकल कॉलेज प्रशासन पर भ्रष्टाचार, मनमानी, अव्यवस्था और दबंगई के आरोप लगे हैं। जिसकी जांच चल रही है। ताजा मामला मेडिकल कॉलेज परिसर का सामने आया है जहां वायरल वीडियो में रात्रि में दो व्यक्ति सिविल ड्रेस में परिसर में विचरण करते नजर आ रहे हैं। जिसमें परिसर में पहले एक व्यक्ति को धमकाया जा रहा है। दूसरे वायरल वीडियो में पीआरडी के जवान का गिरेबान पकड़कर पीटा गया है। इस प्रकरण में जिन दो प्रोफेसरों का नाम सामने आ रहा है वह दोनों प्रिंसिपल के नजदीकी बताए जा रहे हैं।

### जोंच के दिए आदेश

मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर संजय खत्री ने बताया कि मामले की जानकारी हुई है। जांच के लिए पांच सदस्य कमेटी गठित की गई है। उन्होंने बताया कि जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### भाजपा नेता ने अपशब्द कहने का लगाया आरोप

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के कार्यालय प्रभारी अफसर अभिलाषा दुबे ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए बताया कि उनका एक मरीज जिला अस्पताल में भर्ती था। जिसे देखने के लिए वा मेडिकल कॉलेज पहुंची। यहां पर प्राचार्य उस मरीज को धमकी दे रहे थे। जिस पर उन्होंने विरोध किया तो प्राचार्य और हॉस्पिटल मैनेजर रिजवान ने उन्हें गाली दी। साथी हॉस्पिटल मैनेजर रिजवान ने भाजपा के बड़े नेताओं से शिकायत करने की बात कही। भाजपा नेत्री ने प्राचार्य और लंबे समय से जमे हॉस्पिटल मैनेजर के स्थानांतरण करने और मामले की जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि प्रचार के आने से मेडिकल कॉलेज में भ्रष्टाचार बढ़ने के साथ मरीजों को असुविधाएं होने लगी हैं।

### पिटाई करने वाले दोनों असिस्टेंट प्रोफेसर प्रिंसिपल के हैं करीबी

वायरल वीडियो में स्पष्ट प्रतीत हो रहा है कि पीआरडी जवान के साथ दबंगई करने वाले प्रोफेसर कौन है? दरअसल वह दोनों असिस्टेंट प्रोफेसर प्रिंसिपल के बहुत नजदीकी है। सूत्रों की माने तो दबंगई का नंगा नाच प्रिंसिपल की शय पर हो रहा है। निवर्तमान प्रिंसिपल डॉ अजय साहनी के भी यह दोनों असिस्टेंट प्रोफेसर बहुत नजदीक थे। उन्हें शिकायत पर मुख्यालय अटैच कर डॉक्टर संजय खत्री को महाराजा सुहेलदेव स्वशासी मेडिकल कॉलेज का बनाया गया था। वह दोनों नए प्रिंसिपल के भी बहुत नजदीक है। जबकि पूर्व प्रिंसिपल के साथ के अनेकों लोगों को उन्होंने बाहर का रास्ता दिखा दिया है। अब देखना यह है कि जांच रिपोर्ट में क्या बात सामने आती है। दोषियों पर कार्रवाई होती है या घटना को जांच की आड़ में दबा दिया जाता है।

# शिकायतकर्ता को करें संतुष्ट : मण्डलायुक्त



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।**

शनिवार को मंडलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र ने तरबगंज तहसील पहुंचकर संपूर्ण समाधान दिवस में लोगों की शिकायतों को सुना।

मंडलायुक्त के साथ आईजी भी संपूर्ण समाधान दिवस में मौजूद रहे। मंडलायुक्त ने संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए कहा कि आमजन की शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता पर किया जाए तथा शिकायतकर्ता को संतुष्ट किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता से संवाद स्थापित कर उसको संतुष्ट करें। किसी भी शिकायत को बिना जांच के निस्तारित ना किया जाए। शिकायतों के निस्तारण में समय सीमा का ध्यान रखा जाए। पुलिस से संबंधित शिकायत में दोनों पक्ष को सुनकर ही कार्रवाई की जाए। सभी अधिकारी वंचित शोषित वर्ग के व्यक्तियों की शिकायतों को प्राथमिकता पर सुने।

सरकार की मनशा है कि संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर लोगों की शिकायतों को सुन मौके पर निस्तारण हो। इसलिये सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गये हैं कि वह संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों का हर हाल में समय से निस्तारण कर अवगत करायें।

# निजी अस्पताल के डायरेक्टर पर जानलेवा हमला

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

- दबंगों ने हॉकी व राड से किया हमला, सिर पर आई चोट
- पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज किया

देर शाम को दबंगों ने एक निजी अस्पताल के डायरेक्टर पर हाकी व रॉड से हमला कर दिया जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कटरा बाजार ले जाया गया जहां डाक्टर ने जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

कटरा-गोण्डा मार्ग पर स्थित ओपी मेमोरियल हास्पिटल के डायरेक्टर अकुंर तिवारी ने थाने में दी गई तहरीर में कहा है कि वह 18 अगस्त को अपने अस्पताल पर थे तभी शाम साढ़े सात बजे करनैलगंज कोतवाली थाना क्षेत्र के देवी तिलमहा खजुहा निवासी आलोक सिंह, अमन सिंह, कोतवाली देहात के गुलहरियन पुरवा चांदपुर के रमन शुक्ला, थाना कटरा बाजार के सरैंया गांव निवासी अमित शुक्ला व चार-पांच अन्य अज्ञात लोग आए और हाथ में लाठी, हाकी, राड, डंडा लेकर अस्पताल के अंदर घुसने लगे। मना करने पर मारपीट करने लगे। इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने ले जाकर सुलह कराया।

अंकुर तिवारी ने बताया कि जैसे ही वह सुलह करके बाहर आए वैसे ही उक्त लोग पुनः थाने के गेट के सामने ही हमला कर दिए जिसमें उनके सिर पर ज्यादा चोट आई।

प्रभारी निरीक्षक करुणाकर पांडेय ने बताया कि वादी अंकुर तिवारी की तहरीर पर आलोक सिंह पुत्र सूर्यपाल सिंह, अमन सिंह पुत्र सूर्यपाल सिंह व राजा सिंह पुत्र विनय भास सिंह निवासी खजुहा कोतवाली करनैलगंज तथा रमन शुक्ल पुत्र प्रकाश शुक्ल निवासी कोतवाली देहात, अमित शुक्ल निवासी कोटिया सरैया कटरा बाजार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# संपूर्ण समाधान दिवस : डीएम-एसपी ने फरियादियों की सुनी समस्याएं

- अधिकारी शिकायती पत्रों का गुणवत्तापूर्ण एवं समय से करें निस्तारण : डीएम

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़**

शासन की मंशानुरूप जन सामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं का एक ही स्थल पर निस्तारण कराने के उद्देश्य से आज जनपद के समस्त तहसीलो में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें तहसील करनैलगंज में डीएम व एसपी ने आये हुये फरियादियों की समस्याओं को सुना तथा शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को प्रेषित किया गया। तहसील करनैलगंज में कुल 112 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें 05 प्रार्थना पत्र का मौके पर ही हुआ निस्तारण, शेष प्रार्थना पत्र को निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत प्रकरण का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करते हुये आख्या तहसील में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये।



संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान उन्होंने कहा कि अवैध अतिक्रमण के मामले में पुलिस फोर्स के साथ मौके पर जाकर निस्तारित कराना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि तालाब जमीन की पैमाइश, अवैध कब्जा, चकरोड, नाली, अवैध अतिक्रमण आदि को पुलिस फोर्स के साथ हटवाने का कार्य करें। शिकायतकर्ताओं को मौके पर बुलाएं। उसके आने पर लिखित रूप से उल्लेख करें और निस्तारण के प्रकरण का फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी भी करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण मौके पर जाकर पूरी गुणवत्ता के साथ करें अन्यथा संबंधित विभाग के अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस के अंत में जिलाधिकारी ने वहां पर उपस्थित सभी संबंधित विभाग के जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल, प्रभागीय वनाधिकारी पंकज कुमार शुक्ल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 रश्मि वर्मा, उपजिलाधिकारी करनैलगंज विशाल कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी करनैलगंज, चकबंदी अधिकारी, उपनिदेशक कृषि प्रेम ठाकुर, परियोजना निदेशक डीआरडीए चंद्रशेखर, जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार श्रीवास्तव, जिला पंचायत राज अधिकारी लालजी दूबे, जिला कृषि अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, पूर्ति विभाग, जिला प्रोवेशन अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, नलकूप विभाग, सिंचाई विभाग, विद्युत विभाग, बीडीओ करनैलगंज, एसएचओ करनैलगंज, एसओ कौड़िया, एसओ कटरा बाजार, परसपुर, सहित अन्य सभी जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### तीन जोड़े एक साथ रहने को हुए राजी

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** रविवार जनपद गोण्डा के पुलिस लाइन में आयोजित परिवार परामर्श केन्द्र में पुलिस अधीक्षक गोंडा अंकित मित्तल के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक गोण्डा शिवराज के उपस्थित में परामर्शदाताओं ने बिछुडे जोड़ो की समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण किया गया तथा 03 जोड़ो को समझाबुझाकर सुखी जीवन जीने हेतु राजी कर लिया गया। इस अवसर पर गंगाधर शुक्ल, राजमंगल मौर्य, शशि कुमार भारती, अनिता श्रीवास्तव, साक्षी अरोड़ा, संतोष ओझा, महिला थाना उ0नि0 तहसीक अहमद, म0का0 रोशन आरा, म0का0 शाहिना बानो, म0का0 सुनीता यादव आदि मौजूद रहे।

### 200 किलो लहन किया गया नष्ट

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी के निर्देश पर आबकारी विभाग की टीम ने ग्राम गुलरिहा कोतवाली देहात व मजरेठिया थाना कोतवाली नगर में श्रीमती वंदना केसरवानी, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 1 सदर गोण्डा द्वारा मयस्टाफ सहित दबिश दी गई। दबिश के दौरान की गई कार्यवाही में 25 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। उन्होंने बताया है कि दबिश के दौरान एक अवैध भट्ठी एवम् 200 किलो लहन मौके पर नष्ट किया गया, तथा 02 अभियोग आबकारी अधिनियम की धारा 60 में पंजीकृत किये गये।

### प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ ने की मंत्री के बयान की निंदा



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ का एक साथ जिले के सभी विकास खंडों में बैठक संपन्न हुई जिसमें बेसिक शिक्षा मंत्री के बयान पर नाराज़गी जताते हुए निंदा की गई। शिक्षामित्रों की समस्याओं को लेकर लखनऊ में प्रस्तावित महारैली में अधिक से अधिक संख्या जुटाने के लिए प्रेरित किया गया। विकास खंड वार शिक्षामित्रों की सदस्यता कराकर सूची 25 अगस्त तक जिले के पदाधिकारियों को प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया। इसी क्रम में झंझरी की अध्यक्षता रामनिवास जायसवाल, कर्नलगंज से मनुवा तिवारी, रुपईडीह से तिलकराम वर्मा, कटरा बाजार से श्रवण कुमार शुक्ला, हलधरमऊ से राजकुमार शुक्ला उर्फ़ मार्शल, परसपुर से महेंद्र प्रताप सिंह, बेलसर से राघवेंद्र प्रताप सिंह रिंकू, मनकापुर से महेंद्र विक्रम कुशवाहा, वजीरगंज से राजकुमार, नवाबगंज से घनश्याम तिवारी, छपिया से वशिष्ठ पांडेय, बभनजोत से मनोज कुमार, पंडरी कृपाल से हनुमंत तिवारी, मुजेहना से अशोक तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। विकास खंड झंझरी की बैठक में जिलाध्यक्ष अवधेश मणि मिश्रा, मंत्री अभिमन्यु प्रसाद मिश्र, तेजेंद्र कुमार शुक्ला, निर्मल श्रीवास्तव, इंदु पांडेय, किरण श्रीवास्तव, मिथिलेश कुमारी, सीमा बानो, आमना खातून, नीता सोनकर, अर्चना गुप्ता, सरोज कुमारी, चंद्र कांति पांडेय, मंजू देवी, नीलम देवी, संतोष सिंह, मोहम्मद अहमद, शाकिर अली, जियाउल हसन, मनोज कुमार, अरविंद शंकर सिंह, देवेंद्र प्रताप पांडेय, भगवती प्रसाद, बृजकेश्वर दत्त मिश्रा, अरविंद गुप्ता, बृजेश यादव, विनोद यादव, धर्मेंद्र श्रीवास्तव, शिवप्रसाद जायसवाल, रामधन, शिव शंकर यादव, जयकरण वर्मा, अजय कुमार तिवारी सहित सैकड़ों शिक्षामित्र उपस्थित रहे।

# एडवोकेट रामपाल बनाए गए यादव महासभा के जिला अध्यक्ष

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र के लौव्वावीरपुर गाँव के रहने अधिवक्ता रामपाल यादव को अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा का जिला अध्यक्ष बनाया गया है। महासभा के प्रदेश अध्यक्ष कप्तान सिंह यादव ने उन्हें गोण्डा जनपद की जिम्मेदारी दी है।

अधिवक्ता रामपाल यादव कई वर्षों से संगठन के साथ ही सामाजिक कार्यों से जुड़े रहे हैं। एक अधिवक्ता के तौर पर भी उन्होंने कई पीडितों की लड़ाई लड़ी है। उनके कार्यों को देखते हुए अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष ने उन्हें गोण्डा जनपद के जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। उनके मनोनयन पर सपा नेता सूरज सिंह,



नरेंद्र सिंह, महेश सिंह, पवन, विजय बहादुर यादव सहित तमाम विशिष्ट लोगों और अधिवक्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी है। इस अवसर पर एडवोकेट रामपाल यादव ने कहा कि वह संगठन के लिए पूरी निष्ठा और ईमानदार से 24 घंटे काम करेंगे। यादव समाज ही नहीं, अपितु समाज के अन्य शोषित और वंचित लोगों को भी न्याय दिलाने के लिए प्रयास करेंगे।

# धूमधाम से मनाया गया तीज महोत्सव

- सरिता नेवटिया बनीं तीज क्वीन

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

ददुआ बाजार स्थित श्री श्याम मंदिर गोन्डा में शनिवार को देर शाम धूमधाम से हरियाली तीज महोत्सव श्री श्याम मंदिर महिला मंडल द्वारा मनाया गया। जिसमें कार्यक्रम की शुरुआत छोटे छोटे बच्चों बच्चों द्वारा सावन हरियाली तीज और राधा कृष्ण के भजनों नृत्य प्रस्तुत किया जिसमें आराध्या गर्ग-अनिका गर्ग ने संयुक्त रूप से, आरना अग्रवाल, कीर्ति सोमानी और रमा मित्तल रही।



हरियाली तीज पर आधारित सरप्राइज़ प्रश्नोत्तरी का कार्यक्रम भी हुआ और उसके बाद हाऊजी गेम्स महिलाओं के बीच हुई जिसमें बिजयी महिला , प्रश्नोत्तरी और नृत्य में शामिल बच्चों को महिला मंडल द्वारा पुरस्कृत किया गया। फिर तीज क्वीन प्रतियोगिता हुई जिसमें 40 वर्ष से अधिक आयु की सरिता नेवटिया, नुपुर मोदी, गुंजन मोदी, सरोज नेवटिया, गुंजन शाह, ज्योति तुलस्यान, संगीता अग्रवाल, प्रीति तुलस्यान और सुनीता खेतान महिलाओं ने हिस्सा लिया। जिसमें जजमेंट द्वारा सरिता नेवटिया को तीज क्वीन चुना गया। और दुसरे स्थान पर नुपूर मोदी और तीसरे स्थान पर गुंजन मोदी बिजयी हुईं। तीनों विजेताओं को महिला मंडल द्वारा सम्मानित किया गया। जजमेंट सीमा अग्रवाल, मालिनी मोदी और सरोज अग्रवाल रही। सरिता नेवटिया को तीज क्वीन चुनते ही समाज की महिलाओं द्वारा बधाई देने वाले का तांता लगा रहा ।सरिता नेवटिया ने अपने को तीज क्वीन चुने जाने पर अपनी बड़ी बहन, फास्ट फ्रेंड और जजमेंट को धन्यवाद दिया और आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में मंच का संचालन बेनू अग्रवाल और रजनी मनीरामिका ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम देर शाम तक चला। हरियाली तीज पर मंदिर का प्रांगण हरी-हरी पत्तियों और हरे रंग के कपड़ों से सजा हुआ था। मंदिर में बाबा खाटू श्याम और श्री राणी सती दादी जी का दरबार भव्य और सुंदर सा सजा हुआ था। कार्यक्रम के दौरान महिला मंडल अध्यक्ष की अध्यक्ष सरोज अग्रवाल, बेनू अग्रवाल, पूनम मित्तल, प्रीति अग्रवाल, गुंजन शाह, नीतू गर्ग, नीलम जैन, सरोज गर्ग, प्रीति तुलस्यान, ज्योति तुलस्यान ,पुष्पा सोमानी, संतोष अग्रवाल, मीना अग्रवाल, अनीता अग्रवाल, सहित भारी संख्या में महिलाएं और बच्चें मौजूद रहे।

# गोशाला की व्यवस्थाएं बदहाल, दम तोड़ रहीं गायें

- गोशाला में सड़ा भूसा और गंदा पानी पीकर बीमार हो रहीं हैं गायें

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

मिहींपुरवा तहसील एवं ब्लॉक मुख्यालय के निकट स्थित गोशाला की स्थिति काफी दयनीय हो गई है। गोशाला में सड़ा भूसा और गंदा पानी पीकर गाय बीमार हो रही है। इनका कोई पुरसाहाल नहीं है। जबकि गोशाला की देखभाल के लिए कर्मचारी भी रखे गए हैं।

विकासखंड मिहींपुरवा अंतर्गत ग्राम तुलसीरामपुरवा के निकट जंगल में बने गो आश्रय स्थल मोतीपुर की व्यवस्थाएं काफी बदहाल हो चुकी है। गो आश्रय स्थल में रह रही गायों के लिए खाने के लिए सड़ा भूसा एवं



गंदा पानी का प्रयोग किया जा रहा है। जिसको खाकर वहां की गाएं काफी दुबली पतली बीमार पड़ी हुई है। जिनकी देखरेख के लिए कोई चिकित्सक भी नहीं पहुंच रहा है। जिससे गाएं तड़प तड़प कर मर जा रही हैं।उन्हें वही गौ आश्रय स्थल के किनारे बनी खाई में गड्ढा खोदकर पाट दिया जा रहा है। गो आश्रय स्थल की देखरेख कर रहे प्रधान संघ के अध्यक्ष एवं ग्राम प्रधान मोतीपुर द्वारा बलहा ब्लॉक से गायों को ट्राली में भरकर मंगवाया जा रहा है। इसकी सूचना पाकर बलहा विधायक प्रतिनिधि आलोक जिंदल एवं नगर पंचायत अध्यक्ष जितेंद्र मद्धेशिया गो आश्रय स्थल पहुंचकर वहां की स्थिति का जायजा लिया। जहां व्यवस्थाएं अव्यवस्थित मिली। चारों तरफ गंदगी दिखी। सड़ा भूसा खा रही गायों को नया भूसा खिलाया।पीने के लिए वॉटर टैंक में भरा गंदा पानी बदलने के निर्देश दिए। सूत्रों की माने तो शुक्रवार की देर रात बलहा ब्लाक से गौशाला में लाई जा रही आठ ट्रैक्टर ट्राली हिंदू संगठन के लोगों ने पकड़ा। रात भर उस ट्रैक्टर ट्राली की निगरानी की। शनिवार को सुबह से लेकर शाम तक यह मामला चलता रहा। आखिर में मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष श्रीधर पाठक द्वारा उन सभी ट्रैक्टर ट्राली बलहा ब्लॉक वापस भिजवा दिया गया।

### एक गाय की हुई मौत

गोशाला का निरीक्षण करने एसडीएम के साथ गए थे। एक बीमार गाय की मौत हुई थी। एक बीमार थी, जो इलाज के द्वारा सही हो गई है। अब प्रतिदिन पशु चिकित्सक दौरा करेंगे। कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिए गए हैं।

अजीत सिंह खंड विकास अधिकारी

# कांग्रेसियों ने मनाई राजीव गांधी की जयंती






- वक्ता बोले - उनके पास देश को आगे ले जाने का विजन था

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

भारत रत्न भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती को सद्भावना दिवस के रूप में कांग्रेसियों ने मनाया। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आदर्श अग्रवाल व कैसरगंज विधानसभा की पूर्व प्रत्याशी गीता सिंह के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने बहराइच मेडिकल कॉलेज में चिल्ड्रेन वार्ड में जूस, फल, बिस्कुट व मिठाई आदि बांटा। शहर अध्यक्ष आदर्श अग्रवाल ने कहा कि राजीव गांधी का विजन हम सबको अभी भी प्रेरणा देता है। राजीव ने देश में कंप्यूटर की शुरुआत कर विकास को गति दी थी। राजीव गांधी के पास देश को आगे ले जाने का विजन था। कुछ लोग ज़मीन पर राज करते हैं और कुछ लोग दिलों पर। मरहूम राजीव गांधी एक ऐसी शख़्सियत थे, जिन्होंने ज़मीन पर ही नहीं, बल्कि दिलों पर भी हुकूमत की। वे भले ही आज इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन हमारे दिलों में आज भी ज़िंदा हैं। राजीव गांधी ने उन्नीसवीं सदी में इक्कीसवीं सदी के भारत का सपना देखा था।

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य अमर नाथ शुक्ल ने कहा कि राजीव गांधी को भारत में सूचना क्रांति का जनक माना जाता है। उन्हें देश में कम्प्यूटराइजेशन और टेलीकम्युनिकेशन क्रांति का श्रेय दिया जाता है। इसके अलावा, महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिलवाने का काम भी उन्होंने ही किया। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता एडवोकेट अनिल सिंह, चौधरी अब्दुल मुईद, मुकुंद जी शुक्ल, धर्मेंद्र चौधरी, समाजसेवी अनुभव सिंह अन्नू, हमजा शाहिद, इस्लाम अली, सैय्यद फैज काजी, सलमान, तौहीद अहमद, शमीम सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### स्वभाव से गंभीर लेकिन आधुनिक सोच के थे राजीव गांधी

पूर्व प्रत्याशी विधानसभा कैसरगंज गीता सिंह ने कहा कि स्वभाव से गंभीर लेकिन आधुनिक सोच और निर्णय लेने की अद्भुत क्षमता वाले राजीव गांधी देश को दुनिया की उच्च तकनीकों से पूर्ण करना चाहते थे। वे बार-बार कहते थे कि भारत की एकता और अखंडता को बनाए रखने के साथ ही उनका अन्य बड़ा मक़सद इक्कीसवीं सदी के भारत का निर्माण है। अपने इसी सपने को साकार करने के लिए उन्होंने देश में कई क्षेत्रों में नई पहल की, जिनमें संचार क्रांति और कम्प्यूटर क्रांति, शिक्षा का प्रसार, 18 साल के युवाओं को मताधिकार, पंचायती राज आदि शामिल हैं।

# ब्लॉक कार्यालय में मवेशियों को ले जाना किसानों पर पड़ा भारी

- बीडीओ ने दर्ज कराया केस

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

हुजूरपुर ब्लॉक कार्यालय में क्षेत्र के मवेशियों को ले जाना भाकियू के किसानों पर भारी पड़ गया है। खंड विकास अधिकारी ने तीन नामजद और 50 अज्ञात किसानों के विरुद्ध संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। ऐसे में मामला और तूल पकड़ने की संभावना जताई जा रही है।हुजूरपुर में स्थित ब्लॉक कार्यालय में भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने 17 अगस्त को क्षेत्र के छुट्टा मवेशियों को ले जाकर बंद कर दिया था। किसान मवेशियों से फसलों की



सुरक्षा करने और उन्हें पकड़कर गोशाला में भेजे जाने की मांग करने लगे थे। अधिकारियों के समझाने के बाद भी किसान नहीं माने थे। जिस पर कैसरगंज के एसडीएम पंकज दीक्षित और पुलिस क्षेत्र अधिकारी कमलेश कुमार सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे थे। सभी के समझाने पर किसान मान गए थे। वही शुक्रवार को भी कुछ किसान ब्लॉक परिसर में पहुंच गए। सभी मवेशियों को पकड़े जाने की मांग करने लगे। शनिवार को एसडीएम के निर्देश पर क्षेत्र में टहल रहे मवेशियों को पकड़ा भी गया। अब किसानों के धरने में नया मोड़ आ गया है। खंड विकास अधिकारी हुजूरपुर संदीप कुमार सिंह ने थाने में किसानों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।

खंड विकास अधिकारी की तहरीर पर शाहपुर निवासी किशन बाबू वर्मा, गोविंद वर्मा, कंदरा गांव निवासी धर्मदेव और 50 अज्ञात के विरुद्ध पशु क्रूरता, सरकारी काम में बाधा, मवेशियों को दौड़ा कर पीटना, लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम और बलवा फैलाने का मुकदमा दर्ज कराया है। थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि वीडियो की तहरीर पर तीन नामजद और 50 अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। वही वीडियो कि कार्रवाई से किसान नेताओं में हड़कंप मच गया है, ऐसे में मामला और तूल पकड़ने की संभावना जताई जा रही है।

# भारत-नेपाल सीमा पर खुद ही यात्रियों की एसएसबी की डीजी ने की जांच

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

एसएसबी की डीजी शनिवार को भारत नेपाल सीमा पर पहुंची। चेक पोस्ट पर आने जाने वाले लोगों की डीजी जांच करने लगी। इसके बाद उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था के बारे में जानकारी लेते हुए पैदल मार्च किया। डीजी के दौरे को लेकर एसएसबी और पुलिस के अधिकारी दौड़ लगाते दिखे। भारत नेपाल सीमा पर स्थित रुपईडीहा में शनिवार को एसएसबी की डीजी रश्मि शुक्ला पहुंची। उन्होंने रुपईडीहा बॉर्डर तक निरीक्षण किया। इसके बाद भारत और नेपाल से आवागमन करने वाले यात्रियों की खुद कतार में जांच की। साथ ही जांच और चौकस बनाने के निर्देश दिए। इसके बाद एसएसबी की डीजी ने कार्यालय परिसर के अंदर जाकर निरीक्षण किया। इसके बाद में आईसीपी सूखा बंदरगाह के अलावा अन्य जगह पर निरीक्षण किया। डीजी ने एसएसबी अधिकारियों एवं जवानों को दिशा निर्देश दिए कि कैसे-कैसे जांच करना है। एसएसबी बटालियन के सामने एसएसबी द्वारा खरीदी गई जमीन का निरीक्षण किया। इसके बाद डीजी ने एसएसबी जवानों और पुलिस के साथ सड़क मार्ग पर पैदल मार्च किया। इस मौके पर सभी एसएसबी के सभी कमांडेंट, उप कमांडेंट, थानाध्यक्ष शमशेर बहादुर सिंह पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

# जागरुकता रथ को राज्यमंत्री ने किया रवाना

- केन्द्रीय संचार ब्यूरो प्रयागराज द्वारा जीआईसी में दो दिवसीय विविध कार्यक्रम का आयोजन
- मेरी माटी मेरा देश, मिट्टी को नमन, वीरों का वंदन




**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय प्रयागराज द्वारा ÷मेरी माटी, मेरा देश÷ मिट्टी को नमन, वीरों का वंदन पर दो दिवसीय जन जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन 21 व 22 अगस्त, 2023 को राजकीय इण्टर कालेज परिसर रायबरेली 10.30 बजे से किया जायेगा। ÷मेरी माटी, मेरा देश÷ मिट्टी को नमन, वीरों का वंदन के पूर्व प्रचार के जागरूकता रथ को आज दिनेष प्रताप सिंह राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात ने अपने कार्यालय से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। ब्यूरो की ओर से राम मूरत द्वारा दिनेश प्रताप सिंह को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। पूर्व प्रचार के तहत रायबरेली के विभिन्न चौराहे, व सार्वजनिक स्थल पर प्रचार वाहन, माइकिंग, बैनर, पोस्टर, स्टीकर व हैण्डबिल के माध्यम से कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी गयी।

केन्द्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी/प्रभारी डा लाल जी ने बताया कि मुख्य कार्यक्रम के अंतर्गत जीआईसी रायबरेली में आजादी के अमृत महोत्सव पर चित्र प्रदर्शनी, झण्डारोहण, तिरंगा यात्रा, संगोष्ठी, समूह चर्चा, व्याख्यान, विभिन्न प्रतियोगिताएं, वसुधा वंदन के तहत वृक्षारोपण, पंच प्रण की प्रतिज्ञा, अर्धसैनिक बल/स्वतंत्रता सेनानी को सम्मानित किया जायेगा। साथ ही प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को विभाग की ओर से पुरस्कार व प्रमाण पत्र भी प्रदान किये जाएंगे। कार्यक्रम में सभी का प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

# मनाई गई पूर्व विधायक स्व. अखिलेश सिंह की पुण्यतिथि

- हजारों की संख्या में लोगों ने पहुंचकर पुष्पांजलि एवं श्रद्धांजलि अर्पित की



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

जनपद रायबरेली की आन-बान-शान, गरीबों के मसीहा के रूप में पहचाने जाने वाले पूर्व विधायक स्व. अखिलेश सिंह जी की चतुर्थ पुण्यतिथि पर कैम्प कार्यालय, कोठी पर हजारों की संख्या में लोगों ने पहुंचकर पुष्पांजलि एवं श्रद्धांजलि अर्पित की। पुण्यतिथि के अवसर पर उपस्थित हजारों लोगों के हुजूम में सिर्फ एक बात की ही चर्चा रही कि वे सदर विधानसभा क्षेत्र ही नहीं अपितु पूरे जनपद रायबरेली के लोगों के लिए संरक्षक की भूमिका में रहे और उनके हर सुख - दुख के साथ भी रहे। स्व. पूर्व विधायक अखिलेश सिंह के कार्यकाल में कोई भी अधिकारी कर्मचारी किसी भी गरीब को प्रताड़ित नहीं कर सकता था उनके एक फोन कॉल पर गरीबों को शोषण और परेशानियों से मुक्ति मिल जाती थी। उनकी इसी छवि से उनको रॉबिनहुड, गरीबों का मसीहा व जननायक के रूप में पहचान मिली।

पूर्व विधायक स्व. अखिलेश सिंह ने जनपद की लगभग 3 दशकों तक सेवा समर्पण भाव से की। इस दौरान उन्होंने बढ़-चढ़कर गरीबों, असहाय, एवं निशक्त जनों की सेवा की व कन्याओं की शादियों में व अग्निपीड़ितों की सहायता में सदैव अग्रणी भूमिका में नजर आए, उनके पास जब भी कोई जरूरतमंद पहुंचा कभी खाली हाथ वापस नहीं आया।

उनकी विरासत को संभालने व आगे ले जाने का कार्य उनकी धर्मपत्नी वैशाली सिंह, ब्लाक प्रमुख अमावां, बड़ी बेटी सदर विधायक अदिति सिंह व छोटी बेटी देवांशी सिंह अध्यक्ष डीएस फाउंडेशन बखूबी कर रही है। पुण्यतिथि के कार्यक्रम के क्रम में शहर क्षेत्र के कुष्ठ सेवा आश्रम और सुपरमार्केट में प्रसाद वितरण कर किया गया।

## खबरें एक नजर में

### वादों के निस्तारण में बहराइच को चौथी रैंक



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले में जिलाधिकारी मोनिका रानी के प्रयासों के परिणाम स्वरूप भू-राजस्व सम्बन्धी वादों के निस्तारण में शासन द्वारा जारी की गई रैंकिंग में बहराइच को चौथा स्थान मिला है। राजस्व न्यायालय कम्प्यूटरीकृत प्रणाली के पोर्टल पर जुलाई 2023 की रिपोर्ट की समीक्षा में जनपद द्वारा 5,662 वाद निस्तारित कर 3,800 मानक अंक प्राप्त होने पर जिले को प्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त हुआ है। समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) के तहत जून 2023 में जिले को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ था। जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए डीएम मोनिका रानी द्वारा अभिनव पहल करते हुए अत्याधुनिक संचार तकनीक का उपयोग कर ग्राम स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ जूम मीटिंग कर उन्हें समयबद्धता के साथ जनसमस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए गए। वहीं राजस्व वादों के निस्तारण के लिए डीएम ने सभी पीठासीन अधिकारियों को 5 साल से अधिक अवधि के अधिक से अधिक वादों का निस्तारण किए जाने के निर्देश दिए हैं। भू-राजस्व वादों के निस्तारण में प्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त करने पर डीएम ने समस्त पीठासीन अधिकारियों की सराहना करते हुए आहवान किया कि प्रथम स्थान प्राप्त करने के लक्ष्य के साथ अधिक से अधिक संख्या में भू-राजस्व वादों का निस्तारण सुनिश्चित करें, जिससे भू-राजस्व सम्बन्धी वादों के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए शासन की शीर्ष प्राथमिकता के अनुपालन के साथ आमजन को भी राहत मिल सके।

### चौकीदार की संदिग्ध परिस्थितियो में मौत

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** बारासगवर थाना क्षेत्र के चुराखेड़ा बारा निवासी चौकीदार देशराज सूर्यबली उम्र 65 वर्ष की शनिवार रात संदिग्ध परिस्थितियो में मौत हो गया। सूचना पर पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा है। चूराखेड़ा बारा निवासी देशराज थाने में चौकीदारी करते थे। शुक्रवार थाने की ड्यूटी थी। शनिवार रात घर में अचानक तबियत बिगड़ी। परिजन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ऊंचगांव ले जा रहे थे लेकिन रास्ते में चौकीदार की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा है। मृतक के 2 पुत्र अनुज कुमार, संजय है। पत्नी सियावती घटना के बाद से बेहाल है।

### महिला की हाईटेंशन लाइन से चिपककर मौत

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** शौच के लिए गई महिला ग्यारह हजार लाइन की चपेट में आ गयी जिससे उसकी हाईटेंशन लाइन में चिपक दर्दनाक मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। असोहा थाना क्षेत्र के नौगवां निवासी रामदीन की 48 वर्षीय पत्नी शिवकांती रविवार सुबह लगभग 5 बजे अंधेरे घर से बाहर खेतो में शौच के लिए गई थी तभी अंधेरा होने की वजह से खेतो के ऊपर से निकली ग्यारह हजार की लाइन की चपेट में आ गई जिससे उसकी तारो में चिपककर मृत्यु हो गई। सुबह जब गांव वाले खेतो की तरफगए तो महिला के हाईटेंशन लाइन में चिपके होने की जानकारी ग्राम प्रधान टिंकू यादव को दी। प्रधान की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। मृतका के तीन पुत्र रजनीश, आशीष,बउवा है जिनकी शादी हो गई है। घटनास्थल पर पहुंचे जेई अशोक कुमार ने बताया कि मृतका को हर संभव सरकारी मदद दिलाई जाएगी। वही ग्राम प्रधान टिंकू यादव व ग्रामीणों ने बताया कि खेतो के उपर से निकली ग्यारह हजार लाइन लगभग बीस वर्ष पूर्व की बहुत ही जीर्ण-शीर्ण है जिसकी शिकायत हम लोगो ने दर्जनों बार लिखित व मौखिक रूप से छोटे से लेकर बड़े अधिकारियों को दी है परंतु आजतक जर्जर लाइन बदली नही जा सकी है। मृतका के जेठ रामभरोसे ने विद्युत लाइन में चिपककर मृत्यु हो जाने का प्रार्थनापत्र स्थानीय थाने में दिया है।

### लखीमपुर के युवक का खैरीघाट थाना क्षेत्र में मिला शव

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** लखीमपुर खीरी निवासी युवक 13 अगस्त को बाढ़ देखने के दौरान डूब गया था। उसका शव खैरीघाट थाना क्षेत्र से बरामद हुआ। कपड़े से परिवार के लोगों ने मृतक की पहचान की। उसका शव पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। लखीमपुर खीरी जनपद के धौरहरा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गुलहरिया गांव निवासी प्रदीप कुमार (19) पुत्र दूबर 13 अगस्त को क्षेत्र में बाढ़ के पानी को देख रहा था। बाढ़ का पानी अधिक होने से वह पैर फिसलने से धारा में बह गया। पुलिस ने गांव के लोगों की मदद से युवक की तलाश शुरू की। लेकिन काफी प्रयास के बाद भी युवक का शव बरामद नहीं हुआ। मृतक युवक का शव खैरीघाट थाना क्षेत्र के ग्राम बांसगढी गांव के निकट नदी में लोगों ने बहते हुए देखा। इस पर पुलिस को सूचना दी। थानाध्यक्ष कमल शंकर चतुर्वेदी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया। आसपास के लोगों को सूचना दी। थानाध्यक्ष ने बताया कि पड़ोस के कोतवाली धौरहरा पुलिस को शव मिलने की सूचना दी गई। जिस पर शनिवार शाम को परिवार के लोग पहुंचे। सभी ने कपड़े से शव मृतक प्रदीप की पहचान की। जिस पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# दिवंगत सैनिक को गार्ड ऑफऑनर के साथ बक्सर घाट पर दी गयी मुखाग्नि



**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

विकास क्षेत्र बीघापुर के गांव पाही हरदो निवासी सेना में तैनात जूनियर कमिसेंड ऑफीसर जितेंद्र पुत्र सुरेंद्र बहादुर का शनिवार शाम रीजेंसी हॉस्पिटल कानपुर में इलाज के दौरान निधन हो गया था। रविवार को सुबह सैनिक टुकड़ी ने घर व घाट पर गार्ड ऑफ ऑनर दिया किया। छोटे भाई ने बक्सर घाट पर मुखाग्नि दी। घर व घाट पर पहुंचकर सैकड़ो लोगों ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

पाही हरदो निवासी सैनिक जितेंद्र (50) सूरतगढ़ राजस्थान में 708 टारगेट सपोर्ट यूनिट में जेसीओ के पद पर कार्यरत थे। जो छुट्टी पर गांव आए हुए थे लेकिन 13 अगस्त को अचानक ब्लड प्रेशर बढ़ने से ब्रेन हेमरेज हो गया। रीजेंसी हॉस्पिटल में इलाज चल रहा था। शनिवार शाम सैनिक का इलाज के दौरान निधन हो गया। रविवार को सुबह कुमाऊं यूनिट कानपुर के सैनिकों ने घर व बक्सर घाट पर पहुंचकर सलामी दी। छोटे भाई रिटायर्ड हवलदार ज्ञानेंद्र ने मुखाग्नि दी। घाट पर पहुंचे उपजिलाधिकारी क्षितिज द्विवेदी ने रीथ समर्पित किया। सैनिक के आकस्मिक निधन की सूचना पर घर व घाट पर पहुंचकर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष गोविंद नारायण शुक्ला, सैन्य एकेडमी के प्रबंध निदेशक ऊदल फौजी, प्रधान प्रतिनिधि अजयपाल लाला, पूर्व प्रधान राजकशोर गुप्ता, सूबेदार मेजर नंदकिशोर, अनुज, अंकुर गुप्ता, विनोद कुमार, नितिन कुमार, प्रेमशंकर, सुरेश ने श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# कंप्यूटर क्रांति दूरसंचार क्रांति के जनक थे राजीव गांधी : सुशील




**महराजगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी आधुनिक भारत में कंप्यूटर क्रांति दूरसंचार क्रांति के जनक के रूप में जाने जाते हैं पूर्व प्रधानमंत्री को भारत रत्न से भी नवाजा गया है आज के युवा पूर्व प्रधानमंत्री के बारे में कम जानते हैं जबकि उनको अधिक से अधिक राजीव गांधी के बारे में जानना और पढ़ना चाहिए शिक्षा के क्षेत्र में स्वास्थ्य के क्षेत्र में आमूलचूल बदलाव लाने वाले पूर्व प्रधानमंत्री का जन्म दिवस आज हम सभी सद्भावना दिवस के रूप में मना रहे हैं यह उद्गार कांग्रेस के प्रदेश महासचिव सुशील पासी डॉक्टर बी आर अंबेडकर शिक्षा सदन इंटरमीडिएट कॉलेज में व्यक्त कर रहे थे। अंबेडकर शिक्षा सदन में धूमधाम के साथ पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का जन्म दिवस सद्भावना दिवस के रूप में मनाया गया पूर्व प्रधानमंत्री के चित्र पर कांग्रेस के प्रदेश महासचिव सुशील पासी ने फूल माला चढ़ाकर उन्हें याद किया वही अंबेडकर शिक्षा सदन में हुए कार्यक्रम में कांग्रेस के पदाधिकारी सहित विद्यालय के बच्चे और क्षेत्र के सम्मानित लोग मौजूद रहे।

विद्यालय प्रबंधक सुशील पासी द्वारा निबंध प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाली छात्राओं को सम्मानित किया निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने वाली कोमल तिवारी द्वितीय स्थान पाने वाली कोमल सिंह एवं तृतीय स्थान पाने वाली गुड्डन कश्यप ये तीनों छात्राएं महिला डिग्री कॉलेज की छात्राएं हैं जिन्हें विद्यालय परिवार द्वारा सम्मानित किया गया।

### पूर्व प्रधानमंत्री के जन्म दिवस पर निशुल्क चिकित्सा एवं जांच शिविर का हुआ आयोजन




सीमहैंस हॉस्पिटल रविवार को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर निशुल्क चिकित्सा एवं जांच शिविर का आयोजन किया गया इस जांच शिविर का उद्घाटन सांसद प्रतिनिधि के एल शर्मा सीमहैंस हॉस्पिटल के निदेशक डॉ मनीष चौहान डॉक्टर ओमिका चौहान जिला अध्यक्ष कांग्रेस पंकज तिवारी नगर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव, नगर पालिका अध्यक्ष शत्रुघ्न सोनकर डॉक्टर अनुपम जायसवाल डॉ रोहित हसानी के द्वारा राजीव जी की फोटो पर माल्यार्पण कर एवं उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया इसके पश्चात सभी ने मिलकर दीप प्रज्वलित किया और निशुल्क चिकित्सा एवं जांच शिविर को प्रारंभ किया डॉ रोहित हसानी हृदय रोग विशेषज्ञ एवं डॉक्टर अनुपम जायसवाल न्यूरो रोग विशेषज्ञ ने 57 मरीज का परीक्षण किया और एवं उन्हें उचित परामर्श प्रदान किया इस अवसर पर 20 लोगों का ईसीजी किया गया 15 लोगों का ब्लड शुगर किया गया और बाकी सभी मरीजों का बीपी पल्स एवं ऑक्सीजन चेक की गई। सांसद प्रतिनिधि के एल शर्मा जी ने इस कार्यक्रम की सराहना की और सभी को स्वगीर्य राजीव गांधी के जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की इस अवसर पर सिमहैंस हॉस्पिटल का समस्त स्टाफ एवं कांग्रेस के अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

### धूमधाम के साथ मनाया पूर्व प्रधानमंत्री का जन्म दिवस



**महराजगंज।** ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय पर आधुनिक भारत में कंप्यूटर क्रांति, दूरसंचार क्रांति के जनक, भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्र स्व. राजीव गांधी के जन्म दिवस पर उनके चित्र पर फूल माला चढ़कर एवं केक काटकर जन्मदिन मनाया गया। कांग्रेस के पदाधिकारियों द्वारा राजीव गांधी का जन्म दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप चौधरी, जिला सचिव कृपा शंकर शर्मा, प्रिन्सू वैश्य,ब्लाक उपाध्यक्ष भरत मिश्रा, राजेश भारतीय, सेवादल ब्लॉक अध्यक्ष राम रामशरण शुक्ला, राम चंद्र सिंह, सच्चिदानंद त्रिपाठी हनुमान जयसवाल, जैनुल आबदीन,मनीष वैश्य,आशुतोष सिंह, नगर अध्यक्ष अंकुर जयसवाल, मनोज कसेरा सहित सभी कांग्रेसी पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सद्भावना दिवस के रूप में मनाई राजीव गांधी की जयन्ती

- राजा राव रामबक्स सिंह पार्क में हुआ आयोजन

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**




बीघापुर तहसील क्षेत्र के बक्सर स्थित राजा राव राम बक्स सिंह पार्क में सद्भावना दिवस के रूप में देश के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष आरती बाजपेई की अध्यक्षता में मनाई गई।

बक्सर स्थित राजा रावराम बक्श सिंह पार्क में आयोजित सद्भावना दिवस कार्यक्रम में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के चित्र पर कांग्रेस के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित कर उनके व्यक्तित्व कृतित्व को याद किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष आरती बाजपेई ने कहा कि राजीव गांधी ने जो विकास की नींव रखी थी आज भारत उसी मजबूत नींव पर खड़ा है जात-पात से ऊपर रहकर राजनीति करने वाले राजीव गांधी गरीबों की आवाज बनकर राष्ट्र को एक सूत्र में बांधकर विकास का कार्य किया है जिले के महासचिव अनुराग सिंह ने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा को आगे बढ़ाने में स्वर्गीय गांधी की भूमिका अनुकरणीय है। बैठक के बाद पार्क में बैठक के बाद पार्क में वृक्षारोपण कर राजा साहब की मूर्ति पर भी माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में पूर्व एआईसीसी सदस्य कमल तिवारी, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष आशीष त्रिपाठी, उमाकांत पांडेय, राजीव बाजपेई, ब्लॉक अध्यक्ष विजय यादव, सुमेरपुर अध्यक्ष अमित रावत, बिंदा आदि रहे।

### बाइक की टक्कर से साइकिल सवार वृद्ध की मौत

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** रविवार सुबह साइकिल से शौच के लिए खेतो की ओर जा रहे वृद्ध को बाइक सवार युवक ने टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया। मौरावां थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम निरहीखेड़ा गुजौनी निवासी 84 वर्षीय कंधई लोधी पुत्र नन्हकाऊ सुबह के समय साइकिल से खेतों की ओर शौचक्रिया के लिए जा रहा था तभी गांव के बाहर बाइक सवार युवक ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने उसे स्थानीय मौरावां स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां चिकित्सक ने हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद पत्नी नन्हकाई का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनो की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# चोरों ने प्राथमिक विद्यालय को बनाया निशाना



- चोरों ने प्राथमिक विद्यालय को बनाया निशाना

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

प्राथमिक विद्यालय को चोरों ने बनाया निशाना। प्राथमिक विद्यालय थरि के अध्यापक अखिलेश अवस्थी ने कोतवाली पुलिस को लिखित शिकायती पत्र देते हुए बताया कि थरि मंजरे मांझगाव में कुछ आज्ञात लोगों द्वारा रात्रि दिनांक 19/8 /2023 को चोरों द्वारा चोरी की गई उक्त घटना सुबह आज दिनांक 20 /8/2023 को जब कुछ ग्राम वासियों द्वारा विद्यालय के ऑफिस का दरवाजा का ताला टूटा हुआ था जिसकी सूचना सुरेंद्र कुमार शिक्षामित्र को दी गई।

शिक्षामित्र जब विद्यालय पहुंचा तो देखा ऑफिस का ताला टूटा हुआ था और सारा सामान बिखरा हुआ था जिसकी सूचना प्रधानाध्यापक को दिया और 112 पर सूचना दी गई उक्त सूचना घटना पर 112 नंबर पहुंचने पर निरीक्षण के दौरान घटना सही पाई गई। चोरों द्वारा 35 किलो चावल खेल का सामान अन्य सामान चुरा ले गए।

# नाविकों की तत्परता से बच गई रामप्रकाश की जान

**सरेनी (रायबरेली), समृद्धि न्यूज।**



रविवार को महिला के अंतिम संस्कार में शामिल होने आए अधेड़ ने गेगासो पुल से गंगा में छलांग लगा दिया,लेकिन घाट पर मौजूद नाविकों ने तत्परता दिखा कर उसे बचा लिया। जब नाविकों ने उसे नाव पर बैठाया तो उसने नाविकों के साथ हाथापाई भी की। गेगासो पुलिस ने अधेड़ को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। थाना क्षेत्र के तखत खेड़ा गांव की रहने वाली एक बुजुर्ग दलित महिला की रविवार को मौत हो गई थी।परिजन अंतिम संस्कार के लिए उसके शव को गेगासो ले गए।अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए गांव का रामप्रकाश पुत्र गोपी भी गया और न जाने वहां उसे क्या सूझी कि गेगासो पुल से गंगा में छलांग लगा दिया, इससे हड़कंप मच गया।घाट पर मौजूद नाविक रंजीत, संदीप नावों के साथ मौके पर पहुंचे और उसे नाव पर बैठाने लगे तो मना करने लगा।काफी जद्दोजहद के बाद नाविकों ने जब उसे नाव में चढ़ाने में सफलता पाई तो नाविकों से मारपीट करने लगा। इस बीच घाट पर मौजूद ग्राम प्रधान देशराज ने गेगासो चौकी को फोन कर दिया तो चौकी इंचार्ज अजीत सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और उसे कब्जे में लिया। इसके बाद परिजनों को बुलाकर उनके सुपुर्द कर दिया।चौकी इंचार्ज ने बताया कि अधेड़ नशे की हालत में था,उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

### किसान की सर्पदंश से मौत

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** शनिवार देरशाम खेत से टिंडा तोड़ने जा रहे किसान को जहरीले सांप ने काट लिया। जानकारी होने पर परिजन स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अचलगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मवैया माफी निवासी सुधीर शुक्ला 27 पुत्र हरिशंकर देरशाम अपने खेत में टिंडा तोड़ने गया थाा तभी जहरीले सांप ने काट लिया जिससे वह अचेत होकर गिर पड़ा। बगल खेत में काम कर रहे अन्य किसानों ने देख परिजनो को सूचना दी। आनन-फानन परिजन मौके पर गये और उसे उठाकर इलाज के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र लोहचा लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मृतक चार भाईयो में दूसरे नंबर पर था। भाई सुजीत, शुभम, मां मोहिनी का रो-रोकर बुरा हाल था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# पति ने की पत्नी की नृशंस हत्या

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

बांगरमऊ नगर के मोहल्ला महाब्रह्मनान में घर में सो रही विवाहिता की पति ने धारदार हथियार से काटकर नृशंस हत्या कर दी गयी। उसके बाद मौके से फरार हो गया। विवाहिता की हत्या की खबर से नगर में सनसनी फैल गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया।

मोहल्ला महाब्रह्मनान निवासी अब्दुल समी की पुत्री संजीदा का विवाह करीब दो साल पहले फतेहपुर-84 थाना अंतर्गत ग्राम पैसरा निवासी समीर के संग हुआ था। बताते हैं कि इस विवाह से समीर के परिजन नाराज थे। संजीदा के परिजनों के मुताबिक समीर दिल्ली व लुधियाना आदि शहरों में रहकर मजदूरी करता और जब वापस आता तो वह अपने घर पैसरा न जाकर बांगरमऊ स्थित अपनी ससुराल में रहता था। एक सप्ताह पूर्व समीर लुधियाना से वापस आया था और संजीदा के साथ बांगरमऊ स्थित अपने ससुराल में ही रह रहा था।

शनिवार को देररात खाना पीना खाकर पति पत्नी दोनों नीचे कमरे में सो गए और संजीदा की चार वर्षीय पुत्री नाबिया अपनी नानी रफीकुन के पास सोने चली गई। जबकि संजीदा के अन्य परिजन दूसरी मंजिल पर स्थित कमरों में सो गए। आज सुबह परिजन जब संजीदा के कमरे में पहुंचे तो वहां का दृश्य देखकर उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। कमरे में संजीदा का रक्तरंजित शव पड़ा था और पति समीर गायब था। संजीदा का शव देखकर परिजनों में कोहराम मच गया।

मृतका के भाई फिरोज ने घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने संजीदा का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी से लटके मिले तीन शव

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

अलग-अलग थाना क्षेत्रों में विवाहिता व नवयुवती समेत तीन लोगों के शव संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटके मिले। परिजनों की सूचना पर पहुंची इलाकाई पुलिस ने शवों को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। विवाहिता के मामले में मायके वालों ने दहेज हत्या का आरोप लगाया है।

पहली घटना में सदर कोतवाली के पूरन नगर मोहल्ला निवासी राहुल देव (47) पुत्र राजबहादुर मजदूरी करता था। वह शराब का लती था। शनिवार देररात साढ़े दस बजे नशे की हालत में घर पहुंचने पर उसकी पत्नी से कहासुनी हुई। जिसके बाद उसने कमरे में जाकर दरवाजा बंद कर लिया। तकरीबन एक घंटे बाद बेटा आदिप्रणव खाना लेकर गया। दरवाजा न खुलने पर उसने स्टूल लगाकर रोशनदान से झांका तो पिता को फंदे से लटका देख उसके होश उड़ गए। परिजनों की चीख पुकार सुनकर पड़ोसी एकत्र हो गए। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने पड़ोसियों की मदद से दीवार तोड़ राहुलदेव को फंदे से उतारकर जिला पहुंचाया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसकी मौत पर पत्नी अनुपम, बेटी केशकी और बेटे आदिप्रणव का रो-रोकर बुरा हाल है।

दूसरी घटना में औरास थाना क्षेत्र के धमियाना निवासी सुशीला (18) पुत्री किशोरी का मानसिक संतुलन ठीक नहीं थी। शनिवार गांव में किसी का निधन होने पर परिजन वहां गए थे। सुशीला घर में अकेली थी। देरशाम जब परिजन घर पहुंचे तो बेटी का शव फंदे से लटका देख उनके होश उड़ गए। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतका एक भाई तीन बहनों में दूसरे नंबर की थी। बताया जा रहा है परिजनों ने उसकी शादी तय कर रखी थी।

तीसरी घटना में मौरावां थाना क्षेत्र बाजखेड़ा गांव निवासी आरती (28) का शव संदिग्ध हालातों में घर के अंदर फंदे से लटका मिला। मृतका के नंदोई नंदलाल ने घटना की जानकारी रायबरेली जनपद के बछरावां थाना क्षेत्र के महाबलखेड़ा निवासी मायके वालों को दी। सूचना पर पहुंचे मृतका के चाचा गणेश कुमार ने बेटी की हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। उसने बताया कि 2017 में आरती की शादी की थी। जिसमें सामर्थ्य के अनुसार दान-दहेज दिया था। मृतका के पिता रामबिहारी मानसिक रूप से विक्षिप्त है। चाचा ने सास कल्लो, ससुर रामआसरे, ननंद ममता व नंदोई नंदलाल पर आरोप लगाया है। उसका कहना है कि दहेज में कार की मांग को लेकर आरती को प्रताड़ित किया जाता था। दो तीन बार मामला पुलिस तक भी पहुंचा जिसमें समझौता करा दिया गया। बेटी की मौत पर मां भोली रो-रोकर बेहाल है।

# जियो और जीने दो

यदि मनुष्य के बाद बहुत सारा धन है उसमें से कुछ दान करता है तो यह बड़प्पन नहीं होगा अपितू यदि किसी के पास थोड़ी धन संपदा हो और वह उसमें से काफी कुछ अति जरूरतमंद लोगों को दान करता है तो यह मानवीय जीवन का श्रेष्ठ पहलू होगा। जियो और जीने दो तथा वसुधैव कुटुंबकम की भावना जिस मनुष्य समाज और देश में बलवती हो उस समाज की प्रगति को कोई रोक नहीं सकता है और वह समाज साधुवाद का पात्र होगा। मनुष्य में उत्साह से जीवन जीने की जिजीविषा होनी चाहिए। जीवन में आकस्मिकत परिवर्तनशीलता और निरंतर विकास की संभावनाओं की तलाश होती रहनी चाहिए। जो मनुष्य जीवन मानव जाति एवं समाज के समग्र कल्याण के लिए जीता है वह जीवन को सार्थकता की ओर अग्रसर करता है। शास्त्रों में पुनर्जन्म की व्याख्या की गई है यदि इस जन्म अच्छा कार्य करेंगे तो अगले जन्म आपको पुन: मनुष्य की योनि प्राप्त होगी और आप फिर से मनुष्य के रूप में जन्म लेंगे, पर मेरा यह मानना है की वर्तमान जीवन ही पहला और अंतिम जीवन है। इसलिए आने वाले जन्मों की परिकल्पना में यथार्थ से दूर भागना एक मिथ्या की तरह है। वर्तमान जीवन ही यथेष्ट है और इस जीवन में ही सर्वश्रेष्ठ अवदान देकर इस जीवन को मानव जीवन के कल्याण एवं सामाजिक व्यवस्था की बेहतरी के लिए किया गया कार्य ही जीवन की सफलता होगी। व्यक्ति के जीने के अलग-अलग दृष्टिकोण और उद्देश्य हो सकते हैं अलग-अलग लक्ष्य की प्राप्ति भी मनुष्य के जीवन की अवधारणा हो सकती है, कोई आर्थिक लाभ एवं धन उपार्जन को अपने जीवन का लक्ष्य मानकर चलता है, और कोई इज्जत आबरु और सम्मान के प्रति आकर्षण में बंध कर राजनीति के उच्चतम शिखर पर पहुंचने की कामना के प्रयास में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां करने के प्रयास में रहता है। कोई विज्ञान के प्रति, कोई व्यवसाय के प्रति, कोई कला के प्रति, कोई संस्कृति के प्रति जीवन जी कर लोगों से आगे निकलने का प्रयास करता है। जीवन के लक्ष्य जो भी हो पर उसमें प्रयासों की शुद्धता एवं सार्थकता सबसे ज्यादा मायने रखती है। मनुष्य को जिंदगी में उच्च मनोबल साहस संयम और तपस्या के साथ अपने जीवन के उद्देश्यों की पूर्ति का प्रयास करना चाहिए। जीवन में कार्य करने की प्रेरणा समसामयिक परिस्थितियों से जूझने की इच्छा शक्ति एवं असफलता में ना घबराने तथा प्रयास के लिए सदैव तत्पर रहने की अदम्य जिजीविषा के साथ संघर्ष में विजयी होने की कामना भी होनी चाहिए। मनुष्य के जीने की स्वच्छंद प्रवृत्ति केवल मनुष्य को आनंद एवं आम संतोष प्रदान कर सकती है पर ईश्वर के बनाए मनुष्य की परिणति सर्वथा इसके विपरीत है, मनुष्य को सदैव प्रयत्नशील होकर मानवीय संवेदनाओं को सहेज कर जगत के कल्याण के बारे में तन मन धन से प्रयास करना चाहिए तभी मनुष्य के जीने का लक्ष्य संपूर्ण रूप से प्राप्त हो सकता है। विभिन्न चिंतकों का मानना है कि जिंदगी एक रंगमंच है और हम सब अलग-अलग किरदार की तरह उसे निभाते चले जाते हैं। पर इस किरदार को निभाने में सच्चाई ईमानदारी प्रयत्नशीलता एवं संघर्षों के प्रति साहस जिंदगी को रुचिकर बनाकर आगे बढने् के प्रयास को द्विगुणित करते हैं। वैसे जीवन में सफलता और असफलता दोनों ही सिक्के के दो पहलू हैं और सफलता तथा असफलता को एक ही ही उत्साह से स्वीकार करने वाला व्यक्ति सफल व्यक्तित्व का मालिक हो सकता है। जीवन में यदि लोभ,कामना,स्पृहा, लालच से यदि बचकर आगे बढ़ा जाए तो जीवन सात्विक तौर पर दार्शनिक जीवन माना जा सकता है पर ऐसे जीवन में आर्थिक तंत्र अत्यंत मजबूत हो इसकी कोई निश्चिंतता का कोई निश्चित परिणाम नहीं होता है। इसीलिए मनुष्य को सदैव आध्यात्मिक चिंतन, मनन, धर्म, संस्कृति और आर्थिक लाभ से सामंजस्य बनाकर समाज के निचले तबके के व्यक्ति के लिए समर्पित जीवन ही एक जीवन के मूल उद्देश्य का परिणाम हो सकती है। जीवन को रंगमंच की तरह जीने वाले और ऐसे नजरिया को अपनाने वाले व्यक्ति को क्षणवादी माना जा सकता है जो जीवन के प्रत्येक क्षण को पूर्णता वादी नजरिए से देखते हैं ऐसे ही लोग परिवर्तन को सबसे बड़ा सत्य मानते हैं और इनका उद्देश्य परिवर्तन ही सबसे बड़ा परिवर्तनशील कारक होता है। जीवन में आने वाला हर पल अनिश्चित होता है इसका यह कतई आशाय नहीं है कि हम अपने आप को भाग्य के भरोसे छोड़ दें और कर्म को त्याग दें। यह निश्चित तौर पर सत्य है कि कर्म और भाग्य दोनों समानांतर चलने वाली प्रक्रिया है और कर्म से भाग्य को बदला जा सकता है और अपने लक्ष्य की प्राप्ति में इन दोनों का सामंजस्य पूर्वक संतुलन बनाकर उपयोग मनुष्य के जीवन की प्राप्ति का एक साधन बन सकता है। कर्म के साथ परिणामों को बहुत महत्व दिए जाने की आवश्यकता नहीं है यदि परिणाम व्यक्ति के अनुरूप नहीं होते तो निराशा की संभावना ज्यादा बलवती होती है इन परिस्थितियों में जीवन में सदैव कर्मशील रहकर सकारात्मक सोच के साथ जीवन को निरंतर चलाएं मान गतिमान रखने का अथक तथा निरंतर प्रयास किया जाना चाहिए तब ही आप अपने जीवन के सद उद्देश्यों की प्राप्ति कर सकते हैं।

# लोकसभा 2024 का सेमीफाइनल

प्रेम शर्मा

ज्ञात हो कि लोक सभा चुनाव के परिणाम 23 मई 2019 को घोषित किये गए थे जिसमें भारतीय जनता पार्टी ने 303 सीटों पर जीत हासिल की, और अपने पूर्ण बहुमत बनाये रखा और भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन ने 353 सीटें जीतीं थी और भाजपा ने 37.36 प्रतिशत वोट हासिल किए, जबकि एनडीए का संयुक्त वोट शेयर 60.37 करोड़ वोटों का 45 प्रतिशत था। इनमें मध्यप्रदेश में 29 सीटो में से 28 पर भाजपा, छत्तीसगढ़ की 11 में से 9, राजस्थान की 25 में से 25 सीटों पर भजपाप का परचम लहराया था। जबकि तेलंगाना की 17 में से चार तथा मिजोरम में क्षेत्रीय दल का परचम लहराया था। निश्चित तौर से चुनावों से काफी पहले प्रत्याशियों के नाम घोषित करने के कई फायदे हैं। एक तो इन प्रत्याशियों को अपने क्षेत्र में काम करने का वक्त मिल जाता है, दूसरे पार्टी नेतृत्व के पास भी इस बात का मौका होता है कि अगर आधिकारिक प्रत्याशी के खिलाफ असंतोष या बगावत जैसी स्थिति बने तो उससे समय रहते निपट सके या संभावित नुकसान को कम कर सके। मगर इसी का दूसरा पहलू यह है कि फैसले से असंतुष्ट तत्व भी जवाबी कदम तय करने का वक्त पा जाते हैं। विरोधी दलों के सामने भी यह मौका होता है कि वे प्रतिद्वंद्वी पार्टी के प्रत्याशी को देखकर और उससे क्षेत्र विशेष में बने जातीय और अन्य समीकरणों का ध्यान रखते हुए अपने प्रत्याशी तय करें। संभवत: इन्हीं कारणों से बीजेपी ने पहली सूची में उन्हीं सीटों को रखा जहां उसकी स्थिति कमजोर मानी जा रही है। ये सभी सीटें ऐसी हैं जहां पिछले विधानसभा चुनावों में पार्टी को हार मिली थी। जहां तक राजस्थान की बात है तो दोनों अहम समितियों का गठन होते ही इस बात पर चर्चा शुरू हो गई कि पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे को इनमें जगह नहीं दी गई। चर्चा की वजह यह है कि पार्टी नेतृत्व के साथ उनके संबंध बहुत अच्छे नहीं माने जा रहे। बहरहाल, चुनावों में अभी वक्त है और ऐसी चर्चा और जवाबी चर्चा अभी हर दल में उठती और मंद पड़ती रहेगी।

लोकसभा चुनाव से पहले होने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर सभी पार्टियों ने चुनावी बिगुल फूंक दिया है। इन विधानसभा चुनावों लोकसभा चुनावों का सेमी फाइनल माना जा रहा है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में होने हैं, लेकिन शुरुआती तीन राज्यों की विशेष अहमियत इस लिहाज से है कि यहां बीजेपी और कांग्रेस में सीधी टक्कर है। बीजेपी ने तो मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के लिए 60 प्रत्याशियों की पहली सूची भी जारी कर दी है। हिमाचल प्रदेश और खासकर कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के हाथों हार झेलने के बाद बीजेपी इन तीनों राज्यों में किसी तरह का जोखिम मोल नहीं लेना चाहती। इसीलिए चुनाव आयोग की ओर से चुनाव की तारीखों का ऐलान होने से भी पहले उसने इन दो राज्यों में प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर यह संकेत देने की कोशिश की है कि वह चुनाव तैयारियों के मामले में अपने प्रतिद्वंद्वी दलों से काफी आगे है। जहां तक राजस्थान का सवाल है तो प्रत्याशियों की सूची भले न जारी की गई हो, लेकिन दो अहम समितियां दृ चुनाव प्रबंधन समिति और संकल्प पत्र समिति- जरूर गठित कर दी गईं। पहली नजर में, ये कदम बताते हैं कि चुनाव की तैयारियों को लेकर बीजेपी नेतृत्व अन्य दलों के मुकाबले कहीं ज्यादा गंभीर है। लेकिन थोड़ा ठहर कर देखें तो इन कदमों के साथ भी कई किंतु-परंतु जुड़े नजर आते हैं। यही नही विपक्षी का गठबंधन का एकमत न होना भी भाजपा के लिए संजीवनी से कम नही है।




हालांकि पिछले कुछ समय से देखा जाए तो कांग्रेस के राहुल गांधी की पद यात्रा को जनता ने सराहा है वहीं केन्द्र सरकार की साख में महंगाई और बेराजगारी जैसे मुद्दे दाग बनकर उभरे है। ज्ञात हो कि लोक सभा चुनाव के परिणाम 23 मई 2019 को घोषित किये गए थे जिसमें भारतीय जनता पार्टी ने 303 सीटों पर जीत हासिल की, और अपने पूर्ण बहुमत बनाये रखा और भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन ने 353 सीटें जीतीं थी और भाजपा ने 37.36 प्रतिशत वोट हासिल किए, जबकि एनडीए का संयुक्त वोट शेयर 60.37 करोड़ वोटों का 45 प्रतिशत था। इनमें मध्यप्रदेश में 29 सीटो में से 28 पर भाजपा, छत्तीसगढ़ की 11 में से 9, राजस्थान की 25 में से 25 सीटों पर भजपाप का परचम लहराया था। जबकि तेलंगाना की 17 में से चार तथा मिजोरम में क्षेत्रीय दल का परचम लहराया था। निश्चित तौर से चुनावों से काफी पहले प्रत्याशियों के नाम घोषित करने के कई फायदे हैं। एक तो इन प्रत्याशियों को अपने क्षेत्र में काम करने का वक्त मिल जाता है, दूसरे पार्टी नेतृत्व के पास भी इस बात का मौका होता है कि अगर आधिकारिक प्रत्याशी के खिलाफ असंतोष या बगावत जैसी स्थिति बने तो उससे समय रहते निपट सके या संभावित नुकसान को कम कर सके। मगर इसी का दूसरा पहलू यह है कि फैसले से असंतुष्ट तत्व भी जवाबी कदम तय करने का वक्त पा जाते हैं।

विरोधी दलों के सामने भी यह मौका होता है कि वे प्रतिद्वंद्वी पार्टी के प्रत्याशी को देखकर और उससे क्षेत्र विशेष में बने जातीय और अन्य समीकरणों का ध्यान रखते हुए अपने प्रत्याशी तय करें। संभवत: इन्हीं कारणों से बीजेपी ने पहली सूची में उन्हीं सीटों को रखा जहां उसकी स्थिति कमजोर मानी जा रही है। ये सभी सीटें ऐसी हैं जहां पिछले विधानसभा चुनावों में पार्टी को हार मिली थी। जहां तक राजस्थान की बात है तो दोनों अहम समितियों का गठन होते ही इस बात पर चर्चा शुरू हो गई कि पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे को इनमें जगह नहीं दी गई। चर्चा की वजह यह है कि पार्टी नेतृत्व के साथ उनके संबंध बहुत अच्छे नहीं माने जा रहे। बहरहाल, चुनावों में अभी वक्त है और ऐसी चर्चा और जवाबी चर्चा अभी हर दल में उठती और मंद पड़ती रहेगी। इतना जरूर है कि चुनाव आयोग की घोषणा से पहले ही विधानसभा चुनावों के समर का शंखनाद हो चुका है और अब दोनों पक्षों से ऐसे नए-नए दांव देखने को मिलते रहेंगे। चौबीस घंटे सक्रिय रहना और जल्दी फैसला लेकर बढ़त लेना, नई राजनीति का माइंडगेम बन गया है। 2014 में सत्ता में आने के बाद भाजपा ने इस ट्रेंड की शुरुआत की और लगातर मेहनत से सियासी पिच को बेहद प्रतियोगी और लगातर अलर्ट मोड में डाल दिया। कांग्रेस के बारे में कहा गया इन नौ सालों में फैसला लेने और स्टार्ट लेने में देरी करती है, जिसका खामियाजा भी भुगता। खरगे ने प्रेजिडेंट बनने के बाद इससे निकल कर भाजपा की तर्ज पर सक्रियता दिखाई। माना जाता है कि सियासी सक्रियता कहीं न कहीं वोटरों के मनोदशा पर भी असर डालती हैं। कर्नाटक ऐसा पहला चुनाव हाल के सालों में बना, जहां कहा गया कि कांग्रेस ने बीजेपी से पहले पहल की। ऐसे में जब पिछले दिनों कांग्रेस ने कहा कि सितंबर में राजस्थान के लिए उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी करेगी, भाजपा ने अगस्त में ही दो राज्यों की पहली लिस्ट जारी कर इस माइंडगेम में बढ़त लेने की कोशिश की। अब बारी कांग्रेस की काउंटर करने की है। लोकसभा चुनावों से पहले पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों को सेमीफाइनल माना जा रहा है। उनमें से तेलंगाना और मिजोरम को छोड़ा तो बाकी तीन राज्य राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ न सिर्फ बड़े राज्य हैं, बल्कि इन तीनों ही राज्यों में कांग्रेस और भाजपा का सीधा मुकाबला है। कांग्रेस के सामने राजस्थान और छत्तीसगढ़ में सरकार बचाने की चुनौती है।

साथ ही उसकी कोशिश मध्य प्रदेश में भाजपा के लगभग डेढ़ दशक से ज्यादा के शासनकाल को खत्म करना है। ठश्रच् मध्य प्रदेश का किला बचाने के साथ-साथ राजस्थान और छत्तीसगढ़ में सत्ता पाने की कोशिश करेगी। इसे लेकर दोनों ही राष्ट्रीय दलों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। कांग्रेस ने तमाम राज्यों में पर्यवेक्षकों की नियुक्ति से लेकर अलग-अलग राज्यों में चुनाव से जुड़ी समितियों का गठन कर दिया है। बीजेपी ने चुनाव वाले राज्यों में नियुक्ति के साथ-साथ एक कदम आगे जाते हुए छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में कुछ सीटों पर अपने उम्मीदवारों का ऐलान कर मनोवैज्ञानिक बढ़त लेने की कोशिश की है। हाल ही में भाजपा ने राजस्थान में अपनी चुनाव प्रबंधन समिति और घोषणा पत्र समिति का गठन किया, जिसमें राज्य की पूर्व सीएम वसुंधरा राजे सिंधिया को छोड़कर प्रदेश के तमाम बड़े नेताओं को जगह दी गई। केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल को दोनों समितियों में न सिर्फ जगह दी गई है, बल्कि उन्हें घोषणा पत्र समिति का अध्यक्ष भी बनाया गया है। हालांकि राजस्थान में अभी तक कांग्रेस ने अपनी उम्मीदवारी का कोई ऐलान नहीं किया है। राजस्थान में उम्मीदवारी का ऐलान करने के लिए भाजपा ने काफी लंबी चौड़ी कवायद कर रही है। इसके लिए देश के चार राज्यों से लगभग 200 विधायक राजस्थान पहुंचे हैं, जिनका काम अगले एक हफ्ते तक हर सीट पर सक्रिय रहकर उसका रिपोर्ट कार्ड तैयार कर अपना फीडबैक हाईकमान को देना है। यह विधायक उस सीट के दावेदारों के बारे में लोगों के साथ-साथ बूथ लेवल से लेकर विधानसभा स्तर तक के ठश्रच् से जुड़े लोगों का फीडबैक लेंगे और इस आधार पर सीट पर उम्मीदवारी का फैसला होगा। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ को मिलाकर भाजपा ने पहली सूची में 60 सीटों पर उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक, राजस्थान में भी बीजेपी के लिहाज से अति कमजोर 19 सीटों का ऐलान भी पहले ही होना था, लेकिन प्रदेश में कुछ महत्वपूर्ण नियुक्तियों के न होने के चलते ऐसा नहीं हो पाया। बताया जाता है कि इन सीटों पर उम्मीदवारी का ऐलान कभी भी हो सकता है। वैसे तो तीन राज्यों को लेकर कांग्रेस भी पीछे नहीं। पार्टी में बड़े पैमाने पर उम्मीदवारी को लेकर मंथन चल रहा है। मध्य प्रदेश को लेकर कांग्रेस, बीजेपी सरकार को कुछ उसी तरह से घेरने की तैयारी कर रही है, जैसे उसने कर्नाटक में किया था।

## विचार

# सोचकर कीजिए सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर फॉरवर्ड

विश्व स्तर पर पूरी दुनियां में तेजी से विस्तारित हो रहे डिजिटलाइजेशन के कारण विभिन्न प्रकार के ऐप्स और प्लेटफॉर्म तेज़ी से बढ़ते जा रहे हैं, जिन्हें हम सोशल मीडिया के नाम से जानते हैं। आज करीब करीब हर मोबाइल धारकों के पास व्हाट्सएप फेसबुक इंस्टाग्राम सहित ऐसी अनेकों ऐप्स है जिनके माध्यम से वे अपने भावों को व्यक्त करते हैं। सोशल मीडिया पर किसी पोस्ट को शेयर करना फॉरवर्ड करना या फिर उसे रिट्वीट कर देना काफी आम बात है। किसी भी सोशल मीडिया यूजर को जैसे ही कोई पोस्ट पसंद आता है। अक्सर वह ऐसा ही करते हैं।

सोशल मीडिया पर एक विचार का समर्थन दर्शाना अर्थात वह स्वयं का विचार बन जाता है। ऐसे में जानकारी रखना काफी आवश्यक है कि सोशल मीडिया पर किसी पोस्ट को रिट्वीट करना फॉरवर्ड करना या फिर शेयर करना क्या अपराध की श्रेणी में आता है या नहीं? परंतु उनकी नजर में तो साफ सुथरे और वेज़ होते हैं। परंतु हो सकता है उससे किन्हीं अन्य वर्ग के दिल में ठेस पहुंचा रहे हो, तो फिर वह मैटर बन जाता है और शिकायतों का दौर शुरू हो जाता है जिसे माफी मांग कर समाप्त कर हल निकालने की कोशिश की जाती रही है। परंतु शुक्रवार दिनांक 18 अगस्त 2023 को माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए एक फैसले के अनुसार केवल माफी मांगने से काम नहीं चलेगा, ऐसे लोग माफी मांगकर आपराधिक कार्यवाही का सामना करने से नहीं बच सकते। हमने कई बार देखा है कि कई लोगों के पास फेसबुक या अन्य एप्स 5 हज़ार की अधिकतम सीमाएं तक पहुंच जाते हैं तो फिर वह अपनी प्रसिद्ध को आगेबढ़ाते हुए उसी के पार्ट-2 और पार्ट-3 जोड़ देते हैं और यह संख्या हज़ारों से लाखों तक पहुंच जाती है, जिससे सोच अपने आप को सेलिब्रिटी समझने की ओर सो चली जाती है, तो स्वाभाविक रूप से अनेक मुद्दों पर अपने विचार व्यक्त करते हुए लीक से हटकर पोस्ट शेयर या फॉरवर्ड कर देते हैं जो उनके लिए जी का जंजाल बन जाता है फ़िर माफी मांगते हैं। परंतु अब हम हजारों ग्रुप्स में देखते हैं कि अनेक पोस्ट शेयर फॉरवर्ड किए हुए मिलते हैं जो ऐसे लोगों द्वाराफॉरवर्ड किया जाता है जिनका उनसे कोई लेना देना नहीं होता बस अनर्गल विचार, अनेक विषयों पर लिखते हैं जिनमें कुछ वर्गों की भावनाओं को ठेस पहुंचती है, लेकिन अब हमें ऐसी पोस्ट शेयर फॉरवर्ड से बचने की जरूरत है वरना हमें आपराधिक कार्यवाही का सामना करने के लिए तैयार रहना होगा। चूंकि 18 अगस्त 2023 को माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा एक महत्वपूर्ण फैसले में इस अभद्र अपमानजनक पोस्ट को लेकर टिप्पणियां आई है, ऐसे पोस्ट पर माफी से कम नहीं चलेगा बल्कि आपराधिक कार्यवाही का सामना करना पड़ेगा, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर फॉरवर्ड अब सोच समझ कर कीजिएगा जी।

साथियों बात अगर हम दिनांक 18 अगस्त 2023 को आए एक अपेक्स कोर्ट के दो जजों की बेंच के जजमेंट की करें तो, सोशल मीडिया पर अभद्र और अपमानजनक पोस्ट को लेकर एक याचिका पर सुनवाई की। बेंच ने कहा कि सोशल मीडिया पर अपमानजनक पोस्ट करने वालों को सजा देना जरूरी है, ऐसे लोग माफी मांगकर आपराधिक कार्यवाही से नहीं बच सकते। उन्हें अपने कृत्यों का परिणाम भुगतना होगा। कोर्टने तमिल अभिनेताऔर पूर्व विधायकके खिलाफ दर्ज मामले को रद्द करने से इनकार कर दिया। उनके खिलाफ महिला पत्रकारों पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का मामला दर्ज है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा हैकि सोशलमीडिया उपयोगकर्ताओं को इसके प्रभाव और पहुंच के बारे में सावधान रहने की हिदायत देते हुए अभिनेता और तमिलनाडु के पूर्व विधायक द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया है। साथियों बात अगर हम इस केस को समझने की करें तो, मामला 2018 का है। उन्होंने अपने फेसबुक पर महिला पत्रकारों को निशाना बनाते हुए एक आपत्तिजनक पोस्ट किया था। दरअसल, एक महिला पत्रकार ने तमिलनाडु के तत्कालीन राज्यपाल पर अभद्रता का आरोप लगाया था। महिला पत्रकार के इस आरोप पर उन्होंने अपनी राय रखी थी। उनके इस पोस्ट के बाद काफी विवाद हुआ था। एक राजनीतिक पार्टी ने उनके इस्तीफे की मांग की,इस पोस्ट को लेकर तमिलनाडु में उनके खिलाफ मामले दर्ज किए गए.जैसे ही उन्हें अपनी गलती का एहसास हुआ, उन्होंने तुरंत अपना पोस्ट हटा दिया और बिना शर्त माफी मांगी। एक्टर ने किसी और का पोस्ट शेयर किया था। उस समय उनकी दृष्टि धुंधली हो गई थी क्योंकि उन्होंने अपनी आँखों में दवा डाल रखी थी। इस वजह से वे देख नहीं पाए कि पोस्ट में क्या लिखा है। सोशल मीडिया पर एक्टर विधायक को कई लोग फॉलो करते हैं, जिसके चलते उनके शेयर करते ही यह पोस्ट वायरल हो गई। एक्टर के वकील ने तर्क दिया कि घटना के दिन एक्टर विधेयक अपनी आंखों में कुछ दवा डाल ली थी, जिसके कारण वह अपने द्वारा साझा की गई पोस्ट की सामग्री को नहीं पढ़ नहीं सके। कोर्ट ने कहा कि अगर किसी को सोशल मीडिया का इस्तेमाल जरूरी लगता है तो उसे परिणाम भुगतने के लिए भी तैयार रहना चाहिए। उन्होंने पोस्ट से संबंधित आपराधिक कार्यवाही को रद्द करने की मांग वाली याचिका लगाई थी जिसे खारिज कर दिया गया है।

## साहित्य



# न महलों की बुलंदी...

**अदम गोंडवी**

न महलों की बुलंदी से न लफ़्ज़ों
के नगीने सेन महलों की बुलंदी से
न लफ़्ज़ों के नगीने से
तमद्दुन में निखार आता है घीसू के
पसीने से

कि अब मर्क़ज़ में रोटी है, मुहब्बत
हाशिए पर है
उतर आई ग़ज़ल इस दौर में कोठी
के ज़ीने से

अदब का आईना उन तंग गलियों
से गुज़रता है
जहाँ बचपन सिसकता है लिपट
कर माँ के सीने से

बहारे-बेकिराँ में ता-क़यामत का
सफ़र ठहरा
जिसे साहिल की हसरत हो उतर
जाए सफ़ीने से

अदीबों की नई पीढ़ी से मेरी ये
गुज़ारिश है
सँजो कर रक्खें 'धूमिल' की
विरासत को क़रीने से

## झरोखा





# राशिफल

**मेष :-** स्वयं को सही दिशा और लक्ष्य की ओर केंद्रित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होंगे।

**वृषभ :-** हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व जानकार लोगों से विचार-विमर्श करें। भविष्य के प्रति निराशाजनक विचारों को मन पर हावी न होने दें। नये व्यावसायिक यात्राओं का योग है।

**मिथुन :-** निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुंदर छबि बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। घर में खुशहाली होगी।

**कर्क :-** भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का सही ढ़ंग से निर्वहन करें। वर्तमान कार्य से मन असंतुष्ट रहेगा। जरूरी कायरे में आलस्य का त्याग करें।

**सिंह :-** पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु चिंता उत्पन्न होगी। अपने स्वास्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्य के प्रति भी ध्यान दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित साधन लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्या :-** परिवार की छोटी-छोटी बातों बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

**तुला :-** समय के साथ समझौता करके चलने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझें और स्वयं को उसी ओर केंद्रित करें। पत्नी के साथ मधुर वणी का प्रयोग करें। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी।

**वृश्चिक :-** कोई छोटी बात भी परिवार में तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता हेतु नये उत्साह का संचार होगा। सामाजिक गतिविधियों में क्रियाशीलता बढ़ेगी। भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंध मधुरत होंगे।

**धनु :-** किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्घित्ता से पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे।

**मकर :-** बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिले-जुले संयोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। सफलताएं आंतरिक क्षमताओं का एहसास कराएंगी। संतान संबंधी दायित्वों की पूर्ति होगी।

**कुंभ :-** शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। राजनीति को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा। परिजनों के सुख-दुख के प्रति मन चिंतित होगा।

**मीन :-** महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तुिष्ट पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर ही रखें। विपरीतलिंगी संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है।

# प्राकृतिक संसाधनों के दोहन की कीमत अब चुकानी पड़ रही

ललित गर्ग

पहले उत्तराखंड और अब हिमाचल प्रदेश की आपदाओं ने पहाड़ी जीवन पर अनेक सवाल खड़े कर दिये हैं। क्या पहाड़ी जीवन असंभव हो जायेगा या हमें नाजुक पहाड़ों पर सुरक्षित एवं निष्कंटक जीने के लिये नये तरीके से जीना सीखना होगा? इन पहाड़ों में भारी बारिश व भूस्खलन से जान-माल की तबाही चिंतित करने वाली है। पहाड़ों में यह पहली बार नहीं है कि इतनी तबाही हुई है। इससे पहले भी देश के पहाड़ी राज्यों में ऐसी तबाही होती रही है। इनमें न सिर्फ बड़ी संख्में लोगों को जान गंवानी पड़ रही है, बल्कि निजी और सरकारी संपत्तियों को भी बड़ा नुकसान होता जा रहा है। ऐसे हालात में सवाल यही उठता है कि बार-बार की आपदाओं के कारण हो रही तबाही को न्यूनतम करने की दिशा में कदम उठाने के लिए हमने सबक क्या लिया? क्या पहाड़ों पर सामान्य धरती यानी मैदानी क्षेत्रों की तरह विकास योजनाओं, सड़क, भवन निर्माण, टनल, औद्योगिक उपक्रम, पर्यटन आदि को आकार देना उचित है। भूस्खलन की बढ़ती घटनाओं के कारणों की पड़ताल जरूरी है। पहाड़ों पर हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट लगातार हो रहे भूस्खलन की एक बड़ी वजह हैं। प्रोजेक्ट के दौरान टनल बनाने के लिए विस्फोट किए जाते हैं। भारी मशीनों के इस्तेमाल से पहाड़ों पर तेज कंपन होता है। हिमाचल प्रदेश का इकोसिस्टम अभी काफी संवेदनशील है। इन राज्यों में लगातार वृक्षों को काटने एवं मौजूद पहाड़ों की उम्र भी कम होने की वजह से लैंडस्लाइड की संभावना बढ़ जाती है। इसके अलावा जलवायु परिवर्तन को भी भूस्खलन के बढ़ते मामलों की एक वजह माना जा सकता है। पिछले साल फरवरी में नासा ने एक रिपोर्ट जारी की थी। इसके मुताबिक क्लाइमेंट चेंज से हिमालय के ग्लेशियर झील वाले इलाकों में जून से सितंबर के दौरान लैंडस्लाइड बढ़ सकती है। साथ ही इससे बाढ़ की आपदा से जूझना पड़ सकता है। लेकिन ऐसे पूर्व अनुमानों से हमने क्यों नहीं सबक लिया? हिमालय आज चिन्ताओं का हिमालय बन गया है। कुछ दशकों में खासकर हिमालयी क्षेत्र के राज्यों में विकास के नाम पर प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन हुआ है।

इतना ही नहीं, प्रकृति से खिलवाड़ कर नियमों के खिलाफ ऐसा निर्माण खड़ा किया जा रहा है, जो बाढ़ और भूस्खलन के साथ बर्बादी लेकर आया है। सवाल यह भी है कि पहाड़ी राज्यों में विकास का क्या पैमाना होना चाहिए? अगर विकास के नाम पर कहीं निर्माण गतिविधियां आवश्यक हों तो वह नियोजन के साथ ही आपदाओं को झेलने में सक्षम होनी चाहिए। आम तौर पर देखा गया है कि इन राज्यों में पर्यटन को बढ़ावा देने के नाम पर ऐसी बड़ी-बड़ी इमारतें खड़ी हो गईं जो न सिर्फ बाढ़ और भूस्खलन झेलने में अक्षम साबित हुईं, बल्कि पर्यावरण के हिसाब से भी नुकसानदेह रही हैं। ऐसे निर्माण में सरकारी स्तर पर सतर्कता की जो उमीद की जाती है, उसे नजरअंदाज किया गया। हमने पहाड़ों को बाजारवाद के हवाले कर दिया है, वहां पर जिस तरह का आधारभूत ढांचा गत क्षेत्र से लेकर आवास क्षेत्र, होटलों आदि तक में अंधाधुंध निर्माण कार्य किया है और पहाड़ों को एक तरफ खोदा है और दूसरी तरफ उन पर कंक्रीट का निर्माण कार्य करके बोझ बढ़ा दिया है उससे प्रकृति द्वारा निर्मित इन मनोहर स्थानों का स्वरूप बदल रहा है। पिछले दिनों हमने बदरीनाथ तीर्थ की यात्रा के आधार नगर जोशीमठ की हालत देखी थी कि किस प्रकार यह शहर दरकने लगा है। उससे पहले श्री केदारनाथ धाम में आयी विनाश लीला को भी देखा था। यह सब पहाड़ों पर बोझ बढ़ाने का ही नतीजा है और पहाड़ों को बेहिसाब तरीके से काटने व खोदने का ही नतीजा है। अगर कालका-शिमला राजमार्ग पर सोलन तक की दूरी में ही दस जगह भूस्खलन होता है तो हमें सोचना पड़ेगा कि गलती कहां हुई है। यदि शिमला शहर की पहाड़ियों पर ही मकान ढहने लगते हैं तो हमें सोचना पड़ेगा कि ऐसे स्थानों में भवन निर्माण के नियम क्या हैं? शिमला की घटनाओं ने अधिक चिन्ता में डाला है। राजधानी एवं अधिक सक्रिय, जनबहुल एवं पयर्टन नगर होने की बजह से शिमला में जो दृश्य देखें गये, वे अधिक डरावने, चिन्ताजनक एवं दहशत भरे थे। शिमला के कृष्णा नगर इलाके में 15 अगस्त को लैंडस्लाइड के चलते यहां कई मकान ढह गए। अपने आस-पास दशकों से रह रहे लोगों के घर ढहते देख पड़ोसी अपनी चीखें नहीं रोक पाए, भूस्खलन के बाद समूचे देश ने मचा हाहाकार देखा है। लेकिन जब जमीन धंसकती है और आपकी आंखों के सामने सब-कुछ नष्ट हो जाता है, वो बेबसी सरकारी योजनाओं, विकास प्रक्रियाओं एवं असंवेदनहीन होती सोच पर सवाल खड़ा करती है। शिमला के ही समर हिल इलाके में बादल फटने के बाद भूस्खलन हुआ। चपेट में इलाक़े का शिव मंदिर भी आ गया, जहां सावन का सोमवार होने के चलते भीड़ कुछ अधिक थी। जमीन इतनी तेजी से धंसी कि किसी को कुछ करने का मौका नहीं मिला।

14 अगस्त को ही शिमला में एक और जगह फागली पर भूस्खलन हुआ। यहां पांच लोगों की मौत हो गई। सोलन जिले में भी 7 लोगों के मो जाने की खबर है। भारी वर्षा ने जिस तरह विनाश का खेल खेला है उससे पर्वतीय क्षेत्रों के विकास के लिए की जा रही विभिन्न गतिविधियों पर सवालिया निशान लग रहे हैं और भूगर्भ शास्त्री इस बारे में चेतावनियां भी दे रहे हैं कि पहाड़ी क्षेत्रों के लिए विकास का पैमाना वह नहीं हो सकता जो मैदानी क्षेत्रों में होता है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के अनुसार अब तक के आकलन के मुताबिक प्राकृतिक आपदा से 10 हज़ार करोड़ रुपयों एवं भारी जानमाल का नुकसान हो चुका है। ये दर्दनाक एवं त्रासद घटनाएं प्रकृति के साथ तालमेल को नजरअंदाज करने का परिणाम है। यही वजह है, दोनों पहाड़ी राज्यों के लोगों को भविष्य में अंधाधुंध विकास की दौड़ से बचने के लिए तैयार रहना होगा। प्रकृति हमें आपदाओं के साथ यही संकेत और संदेश दे रही है कि विभिन्न स्तरों पर और निरंतर बहुत कुछ करने की जरूरत है। जिम्मेदारी सरकार और वहां के लोगों की है कि वे नाजुक पहाड़ी जीवन की मर्यादा, संयम, सादगी और पवित्रता को बनाए रखें।

हर कोई जीवन में सुख-समृद्धि हासिल करना चाहता है लेकिन अंधाधुंध निर्माण गतिविधियों पर नियंत्रण बनाने की जरूरत है। पहाड़ों के प्राकृतिक स्वरूप से अधिक छेड़छाड़ किए बिना संतुलित विकास हो।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- जितेन्द्र सिंह* मो. : 9554964672
फोन नं. 0522-4077632, 3083627 , *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। RNI No. UPHIN/2013/55887 Email : samradhinews@gmail.com

# कार्यकर्ताओं की जुझारू फौज तैयार करें पदाधिकारी : गोप

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।




विधान सभा क्षेत्र दरियाबाद के भिटरिया चौराहे पर समाजवादी पार्टी की जोनल एवं सेक्टर प्रभारियों की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सपा के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने सभी सेक्टर एवं जोन प्रभारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए सभी बूथ कमेटियों को नए सिरे से बनाकर एक सप्ताह के अन्दर जमा करा दिया जाय।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री आदरणीय अखिलेश यादव के सख्त निर्देश हैं कि हर बूथ स्तर तक समाजवादी पार्टी के बीस सिपाही मौजूद होना चाहिए।प्रत्येक बूथ अध्यक्ष अपने अपने बूथ पर जाकर लोगों से सम्पर्क करके मजबूत कार्यकर्ताओं की समाजवादी फौज तैयार करे।तभी इन बहरूपियो से लड़ पाएंगे देश और संविधान को को खत्म करने वाले लोगों का मुंह तोड़ जवाब देना है।पूरे देश में समाजवादी पार्टी का कार्यकर्ता ही सबसे संघर्षशील कार्यकर्ता है।अपने कार्यकर्ताओं की बदौलत समाजवादी पार्टी ने उत्तर प्रदेश में चार बार सरकार बनाई है।पूर्व मंत्री ने कहा कि इन झूठों से लड़ने के लिए ही इण्डिया गठबंधन बना है जिसकी बढ़ती लोकप्रियता से घबराकर देश का बादशाह परेशान है।आप सभी को यही कहना है एकजुट होकर समाजवादी पार्टी को मजबूत करें क्योंकि 2024 में बिना समाजवादी पार्टी के दिल्ली में सरकार बनने वाली नही है।

इस मौके पर मौजूद लोगों में पूर्व विधायक राम गोपाल रावत, पूर्व विधायक रतन लाल राव,अजय वर्मा बबलू,अविरल सिंह,जय किशोर मिश्र,हशमत अली गुड्डू, विजय यादव गुड्डू, बिन्नू जायसवाल, विनय पांडेय, अजय प्रताप सिंह पप्पू,अभय तिवारी,चक्खन यादव, देवेंद्र सिंह प्रांशु वर्मा, इकरार अहमद, शैलेंद्र सिंह सैलू, जैसीराम रावत, रवि प्रकाश यादव, रमेश यादव, अशोर किदवई, जियाउर्रहमान, देवेंद्र सिंह,अनिल सिंह, टिंकू अग्रवाल, सावन यादव, राजबहादुर यादव,वीरेंद्र मौर्य, मोहित यादव, मनोज कुमार यादव,रमापति यादव, दीपेश पांडेय सर्वेश यादव,धर्मेंद्र यादव, अभिषेक यादव,दिनेश यादव, अयोध्या यादव, रामनाथ रावत,राजेश प्रताप सिंह, लवकुश यादव,जयसिंह यादव आदि तमाम लोग उपस्थित रहे।

# संचार क्रांति के जनक स्व राजीव गांधी की मनाई गई जयंती, कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।



कंप्यूटर क्रांति के जनक भारत रत्न से सम्मानित पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी कि जयंती क्षेत्र में जगह-जगह मनाई गयी।

जयंती अवसर पर क्षेत्रीय कांग्रेसी नेता व पार्टी के ब्लॉक हैदर गढ़ अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता सियाराम यादव ने विधानसभा हैदर गढ़ क्षेत्र के कई स्थानों पर आयोजित स्वर्गीय गांधी की जयंती अवसर पर शामिल हुए और उनके द्वारा देश में चलाई गई जनहित में दूरगामी योजनाएं आज भी प्रासंगिक हैं। और तमाम योजनाएं गरीबों के हित में निरंतर चल रही हैं, जिससे देश की जनता को लाभ मिल रहा है।

पूर्व प्रधानमंत्री के नए भारत की सोच के बारे में लोगों को विस्तार से बताया। और कहां हम लोग उन्हीं के द्वारा बताए गए मार्गों पर चलकर देश को प्रगति के पथ पर ले जा सकते हैं।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष राज कुमार सिंह, डिंपल सिंह, मोहम्मद सरवर सिद्दीकी, प्रदीप सिंह, अंकुर सिंह यादव, पवन कुमार यादव सहित क्षेत्र के बड़ी संख्या में कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी व उनके समर्थक मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### शिवगंगा लॉन में आयोजित हुई काव्य गोष्ठी




**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** मसौली चौराहा स्थित शिवगँगा मैरिज लान मे शिवगँगा साहित्य सेवा समिति की मासिक बैठक एव काब्य गौष्ठी का आयोजन वरिष्ठ साहित्यकार डा ब्रज किशोर पाण्डेय की अध्यक्षता एव संचालन ओज कवि रवि अवस्थी द्वारा की गयी। तथा वरिष्ठ रचनाकार श्रीमती लता श्रीवास्तव को समिति द्वारा अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौक़े पर रमेश चंद्र रावत, शिवेंद्र सिंह सोनू, जय गुप्ता, ध्यान सिंह चिंतन, रामकिशुन यादव, जैस राम उर्फ़ बेचारी आदि कवियों ने कविता पाठ किया।

### फालिस के मरीज का संदिग्ध परिस्थितियों में शव

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** संदिग्ध परिस्थितियों में फालिज़ की बीमारी से पीड़ित एक युवक का शव घर के अंदर पाया गया है । मृतक की पत्नी ने घर वालों पर अपने पति की हत्या करने का आरोप लगाया है। फॉरेंसिक टीम ने गांव पहुंचकर मौका मुआयना किया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कोतवाली बदोसराय क्षेत्र के ग्राम रूपऊपुर में मोनू अवस्थी पुत्र रामशंकर अवस्थी रविवार की सुबह अपने ही घर में मृत पाये गये । मृतक बाएं हाथ व बाएं पैर से गत तीन वर्षों से फालिज की बीमारी से ग्रसित थे। उसकी पत्नी मन्नो अवस्थी मौजूदा समय में अपने मायके थाना रामसनेहीघाट के उजदीपुर गांव में रह रही थी । सूचना पर ससुराल पहुंची और ससुराली जनों पर पति की हत्या करने का आरोप लगाया है। मृतक की पत्नी ने बताया कि पति फालिश के रोगी थे उनके गले में रस्सी के निशान भी देखे गए हैं आए दिन ससुराल वाले उसे प्रताड़ित करते रहते हैं । जिससे वह मायके में रह रही थी। इस संबंध में थानाध्यक्ष गजेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि पत्नी ने हत्या की आशंका जताई है । शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है । पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

### आश्रित परिवारों को 10-10 लाख रुपये वितरित




**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** जिला राज्यकर विभाग (जीएसटी) के अंतर्गत मुख्यमंत्री व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना के तहत मृतक आश्रितों को बीमा राशि प्रदान किये जाने के उद्देश्य से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बताया गया कि पिछले तीन माह में सात मृतक व्यापारियों के आश्रितों के खाते में 10-10 लाख रूपये वितरित किये जा चुके हैं। आहरण एवं वितरण अधिकारी/सहायक आयुक्त राज्यकर खण्ड 2 रेनू सिंह ने बताया कि मण्डल कार्यालय राज्यकर विभाग बाराबंकी की ओर से आज लखपेड़ाबाग मैरिज लान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही मुख्यमंत्री व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत पिछले तीन माह में आवेदन किए गए 07 लाभार्थियों को 10-10 लाख रूपये की राशि उनके खातों में भेजी गई है। जिनमें 1. अजय इण्टरप्राइजेज कोटवा सड़क। 2. औसानेशवर किसान सेवा केन्द्र हैदरगढ़। 3. पारूल आइस्क्रीम रामसनेही घाट। 4. अमित एजेंसी हैदरगढ़। 5. यादव ट्रेडर्स गणेशपुर रामनगर। 6. नारायण ट्रेडर्स धमेड़ी रामनगर। 7. दिनेश इलेक्ट्रिकल एण्ड सेनेटरी हाउस लखपेड़ा बैग शामिल है।

# पुलिस और राजस्व प्रशासन के संरक्षण में चल रहा अवैध खनन

हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।



मिट्टी खनन को लेकर भाजपा सरकार खनन माफियाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुरजोर मेहनत कर रही है तो वहीं दूसरी तरफ सरकार की छवि धूमिल करते हुए क्षेत्रीय पुलिस और राजस्व प्रशासन के लेखपाल के संरक्षण में दिन-रात मिट्टी का बिना किसी परमिशन से अवैध खनन किया जा रहा है जिसको लेकर जब क्षेत्र के लोगों द्वारा शिकायतें की जाती है तो खनन पर कार्रवाई करने से पहले ही क्षेत्रीय पुलिस अपने हाथ खड़े कर ले रही है तो वहीं राजस्व विभाग के द्वारा यह बताया जा रहा है कि यह मामला खनन अधिकारी से संबंधित है मामला बाराबंकी जनपद के हैदरगढ़ तहसील के अंतर्गत आने वाले लोनी कटरा थाना क्षेत्र के मंगलपुर रेलवे स्टेशन का है जहाँआज कई दिनों से लगातार बिना नंबर प्लेट के ट्रैक्टर ट्राली खुलेआम चलाए जा रहे हैं जिसको लेकर सूचित करने के बाद भी शासन प्रशासन द्वारा कोई भी ठोस कार्यवाही नहीं की जा रही है कार्यवाही ना करने से यह साफ जाहिर हो रहा है कि मिट्टी का अवैध खनन करने वाले खनन माफियाओं को लोनी कटरा पुलिस और क्षेत्रीय लेखपाल का संपूर्ण सहयोग मिला हुआ है अब देखने वाली बात यह है कि इन खनन माफियाओं के प्रति शासन प्रशासन द्वारा क्या कार्रवाई की जाती है उक्त मामले को लेकर जब बाराबंकी खनन अधिकारी के नंबर पर संपर्क किया गया तो उन्होंने फोन ही नहीं रिसीव किया।

# भाकियू की बैठक में संगठन विस्तार पर चर्चा

मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

भारतीय किसान यूनियन भानु गुट की मासिक बैठक कस्बा मसौली के मोहल्ला भूलीगंज मे सम्पन हुई जिसमे संगठन का विस्तार किया गया।

ब्लाक अध्यक्ष राहुल गुप्ता की अगुवाई मे आयोजित बैठक मे युवा प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र यादव उर्फ बबलू भैया व जिला अध्यक्ष राधे रमन वर्मा की उपस्थिति में किसानों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न की गई बैठक के साथ- साथ महा सदस्यता अभियान भी चलाया गया। जिसमें मुख्य रूप से लाल बच्चन यादव को मसौली ब्लॉक प्रभारी व मनोज यादव ब्लॉक वरिष्ठ उपाध्यक्ष व गया प्रसाद को ग्राम अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गयी। सदस्यता अभियान कार्यक्रम के बाद प्रदेश अध्यक्ष बबलू सिंह ने मीडिया से रूबरू होते हुए किसानों के हो रहे शोषण . भारतीय किसान यूनियन भानु कतई बर्दाश्त नहीं करेगा इस मौके पर ब्लॉक प्रभारी लाल बच्चन यादव वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज यादव ब्लॉक उपाध्यक्ष अतीक अहमद ब्लॉक महासचिव कबीर शरण यादव ग्राम अध्यक्ष गया प्रसाद महिला ब्लॉक प्रभारी गुड्डी उपाध्यक्ष शीला देवी आज भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद है।

# एनसीसी कैडेट्स को ट्रैफिक वालेंटियर के रुप में कार्य करने के लिए जागरुक किया गया



लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

20 अगस्त 2023 को टीएसआई खीरी, मनीष कुमार पाठक व अन्य यातायात पुलिसकर्मियों द्वारा युवराज दत्त इंटर कॉलेज ओयल में 489 एन0सी0सी कैडेट्स को यातायात नियमों के पालन करने के संबध में अवगत कराया गया। साथ ही साथ बिना लाइसेंस, बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, ड्रंक एन ड्राइव, रॉन्ग साइड ड्राइविंग, ड्राइविंग करते समय मोबाइल फोन का उपयोग ना करने, ओवर स्पीडिंग, स्टंट आदि ना करने के सम्बन्ध में जागरुक किया गया।

इसके साथ ही एन0सी0सी0 कैडेट्स को ट्रैफिक वालेंटियर के रूप में काम करने के दौरान यातायात पुलिस की सहायता हेतु क्या करें- इस विषय में बताया गया जिससे ट्रैफिक वॉलिंटियर्स की मदद से कुशल यातायात संचालन किया जा सके।

एन0सी0सी0 कैडेट्स को ट्रैफिक नियमों से सम्बंधित पम्पलेट बांटे गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय सेना के कर्नल श्री चित्रसेन, प्रशासनिक अधिकारी, कर्नल आर एस चौहान द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सूबेदार मेजर सुमेर सिंह एवं 19 प्रशिक्षक स्टॉप तथा 489 एन0सी0सी0 कैडेट्स मौजूद रहे।

# अनियंत्रित होकर पलटा टैंकर, लगी भीषण आग

- रोड पर मची अफरा तफरी
- आधा दर्जन फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने आग को किया काबू

मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।



गोंडा बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित पशु बाजार मसौली के निकट अनियंत्रित टैंकर के पलट जाने से लगी भीषण आग से हाइवे पर अफरातफरी मच गयी। सूचना पर आयी आधा दर्जन से अधिक फायर विग्रेड की गाड़ियों से कड़ी मेहनत के बाद करीब 3 घंटे बाद आग बुझाई जा सकी। टैंकर ज्वलनशील पदार्थ को लेकर बाराबंकी की ओर जा रहा था।

रविवार की रात्रि करीब साढ़े तीन बजे रामनगर की ओर से बाराबंकी की ओर जा रहा टैंकर नंबर यूपी 53 ए टी 3639 मसौली चौराहे के निकट अनियंत्रित होकर हाइवे के डिवाइडर से टकराकर पलट गया और टैंकर में भीषण आग लग गयी। इससे हाइवे से गुजरने वाले अन्य वाहन चालकों में अफरा-तफरी मच गई और आवागमन प्रभावित हो गया।

गनीमत रही कि टैंकर रात्रि मे पलटा था अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था आग की बढ़ती लपटो को अफरातफरी मच गयी जिसके चलते हाइवे पर कई किलोमीटर का जाम लग गया। मौके पर फायर ब्रिगेड की आधा दर्जन से गाड़ियों ने घंटों मशक्कत करने के बाद आग पर काबू पाया। टैंकर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने टैंकर को हाइवे से हटवाकर आवागमन शुरू करवा दिया है। सूचना मिलते ही बाराबंकी फतेहपुर, रामसनेहीघाट और रामनगर की आधा दर्जन फायर बिग्रेड की गाड़ियां पहुंचीं।

टैंकर में लगी भीषण आग पर घंटों मशक्कत करने के बाद काबू पाया जा सका। फिर पुलिस ने क्रेन की मदद से टैंकर को हाईवे से हटाकर किनारे करवाया और हाइवे पर गिरे केमिकल को साफ करवाकर आवागमन को शुरू कराया तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली। इस दुर्घटना में किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई है। पुलिस पेट्रोलिंग टीम ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त टैंकर को किनारे कराया।

### अज्ञात बैकरी वाहन से टकरा कर पलटा टैंकर

रात्रि करीब साढ़े तीन बजे जब घटना घटी उस दौरान थोड़ी दूरी पर स्थित ढाबे पर मौजूद लोगो के मुताबिक टैंकर बिस्कुट से लदे वाहन से टकराने के बाद अनियंत्रित होकर बीच हाइवे पर पलट गया और देखते ही देखते आग का गोला बन गया धू धू कर जल रहे टैंकर की सूचना पर पहुंची मसौली पुलिस ने फायर बिग्रेड को सूचना दिया।

### बलरामपुर चीनी मिल से लखनऊ स्थित इण्डियन आयल कार्पोरेशन जा रहा था टैंकर

आग का गोला बना टैंकर बलरामपुर चीनी मिल से इथेनाल केमिकल लेकर लखनऊ स्थित इण्डियन आयल कार्पोरेशन लेकर जा रहा था जिसमे करीब 25 हजार ली केमिकल भरा हुआ था। इथेनाल केमिकल पेट्रोल एव डीजल मे मिश्रित किया जाता है। मौक़े पर मौजूद आबकारी निरीक्षक राम श्याम त्रिपाठी हेड कांस्टेबल अमजद खान, सत्यप्रकाश, सुनील सचान एव प्रवीण कुमार ने अपनी मौजूदगी मे जले हुए टैंकर मे शेष बचे केमिकल को दूसरे टैंकर मे भरवाकर रवाना किया।

# खीरी का यूपीएस अलीगंज निजी स्कूल को दे रहा मात, हेडमास्टर मीनाक्षी ने बदली तस्वीर

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।



- सुविधा से लैस सरकारी विद्यालय अलीगंज को मिला स्कूल ऑफ़ द वीक का खिताब

ब्लॉक बांकेगंज यूपीएस अलीगंज जिले में शैक्षिक उत्कृष्ट के लिए नए आयाम स्थापित कर रहा। इं. प्रधानाध्यापक मीनाक्षी साहू ने यूपीएस में नियुक्ति के बाद से जिस तरह अभिनव प्रयोगों के साथ कार्य किया, वह प्रशंसनीय है। बेसिक शिक्षा में सूचना, संचार और प्रौद्योगिकी की जान फूंककर यूपीएस अलीगंज को नया आयाम दिलाया। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अभिनव पहल ÷बेस्ट स्कूल आफ द वीक÷ के तहत इस सप्ताह के सर्वश्रेष्ठ विद्यालय का खिताब इसी स्कूल को दिया गया है।

इं. प्रधानाध्यापक मीनाक्षी साहू और सहयोगी स्टाफ ने जिस तन्मयता के साथ मेहनत करके बच्चों का भविष्य सरकारी स्कूल में संवारने का बीड़ा उठाया, उसके परिणाम न केवल ब्लॉक अपितु जनपद स्तर तक देखे गए। यह स्कूल पढ़ाई की गुणवत्ता और सुविधाओं के मामले में कान्वेट स्कूलों से मुकाबला कर रहा है।

यूपीएस अलीगंज में छात्रों की शिक्षा को रुचिकर बनाने के लिए विद्यालय में प्रोजेक्टर के जरिए स्मार्ट क्लास स्थापित है। बच्चे उनमें अत्याधुनिक साधनों के जरिए शिक्षा ग्रहण कर रहे। शिक्षक विभिन्न प्रकार के टीएलएम, गतिविधियों के माध्यम से, गणित व विज्ञान किट के माध्यम से तथा आईसीटी के तहत दीक्षा ऐप, रीड अलोंग ऐप, टीचर्स ऐप का प्रयोग करके, प्रिंट रिच सामग्री का प्रयोग करते है, जिससे छात्र विषय की सामग्री को सरलता से ग्रहण कर सके। शिक्षक छात्रों को अपने बेस्ट अनुभवों से आगे बढ़ने का अवसर, माहौल प्रदान करते हैं। इनका मानना है की शिक्षक अपने छात्रों को विषय पुस्तक के पाठ को समझाने के साथ प्रैक्टिकल अर्थात व्यवहारिक ज्ञान भी प्रदान करें और असल जीवन से जोड़कर समझाए ताकि उन्हें समझने में आसानी हो।

### शिक्षकों ने दी घर-घर दस्तक, बढ़ा नामांकन का ग्राफ

विद्यालय में शिक्षकों के निरंतर प्रयासों से छात्र संख्या में वृद्धि हुई। सत्र 2019-20 में छात्र संख्या 274 , सत्र 20-21 में छात्र संख्या 313, सत्र 21-22 में छात्र संख्या 363, सत्र 22-23 में छात्र संख्या 461, सत्र 23-24 में अभी तक छात्र संख्या 428 है। और प्रतिदिन एडमिशन हो रहे हैं। सत्र 2022-23 में शासन द्वारा दिए नामांकन लक्ष्य 83 के सापेक्ष 30 सितंबर 2022 तक 202 छात्रो का नामांकन पूर्ण किया, जो न्याय पंचायत, ब्लाक बांकेगंज में सबसे अधिक था। विद्यालय में सत्र 2023-24 में 19 अगस्त 2023 तक कक्षा 06 में 137 नामांकन हुये हैं। विद्यालय में नामांकन में अभी और वृद्धि होंगी।

### छात्र सचिन का अग्निवीर में हुआ चयन

विद्यालय के लिए यह बहुत गर्व की बात है कि दिसम्बर 2022 में विद्यालय से पासआउट छात्र सचिन कुमार का चयन अग्निवीर में हुआ। जब यह खुशखबरी देने सचिन विद्यालय आये और बोले मैम देखो आपका बेटा फौजी बन गया। यह सुनकर हम सभी का हृदय गर्व से प्रफुलित हो गया। सचिन की इस कामयाबी को देखकर विद्यालय के सभी छात्र प्रेरित हुये।

# सीएमओ ने किया तीन पीएचसी सहित एक सीएचसी का निरीक्षण




- जानी स्वास्थ्य मेलों की जमीनी हकीकत

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

शासन के निर्देश पर आयोजित हो रहे मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेलों और स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी हकीकत जाने के लिए सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने रविवार को पीएचसी रोशन नगर, पीएचसी परेली व पीएचसी गोला और सीएचसी गोला का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक बेहतर करने के लिए निर्देश दिए, तो वहीं अनुपस्थित मिले अधिकारियों कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए हैं।

### महादेवा में छुट्टा जानवरों पर नही किसी का नियंत्रण

**रामनगर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** लोधेश्वर महादेवा मे सावनी मेले के मद्देनजर जिलाधिकारी अविनाश कुमार सिंह की ओर से छुट्टा मवेशियो को लेकर दिये गये निर्देश मेले के अन्तिम चरण तक जरा सा भी कारगर साबित नही हुये। उप जिलाधिकारी अनुराग सिह के तमाम प्रयास भी छुट्टा मवेशियो से लोधेश्वर धाम को धाम को छुटकारा नही दे पाये। मंदिर परिसर से लेकर मेला क्षेत्र मे तमाम छुट्टा मवेशी श्रद्धालुओं के बीच भ्रमण करते रहते हैं। जिससे शिव भक्तों को खतरा बना रहता है। पूरे मेले में एक सैकड़ा से अधिक सफाई कर्मी तैनात किए गये हैं लेकिन उनके द्वारा रविवार व सोमवार को ही सफाई की जाती है।अब लोगो मे सवाल इस बात का है कि शासन प्रसासन की तमाम चाहत के बावजूद छुट्टा मवेशियो से छुटकारा नही मिल सका।

# स्वास्थ्य केंद्रों पर मिले बेहतर उपचार : सीएमओ

सीतापुर, समृद्धि न्यूज।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रत्येक रविवार को आयोजित किए जाने वाले मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले की हकीकत जानने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरपाल सिंह ने रविवार को शहरी क्षेत्र की दुर्गापुरवा, ईस्माइलपुर और सदर बाजार पीएसची का निरीक्षण किया।

इस दौरान राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुजीत वर्मा भी उनके साथ रहे। मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले प्रदेश सरकार के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित किए जा रहे हैं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने तीनों पीएचसी के चिकित्सा अधिकारियों को को निर्देशित किया कि स्वास्थ्य केंद्रों पर आने वाले मरीजों का बेहतर उपचार किया जाए साथ ही उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न होने पाए इसका भी ख्याल रखा जाए। इस दौरान सीएमओ ने ओपीडी, टीकाकरण की स्थिति और दवाओं की उपलब्धता की गहन समीक्षा की। शहर क्षेत्र के तीनों पीएचसी पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी समेत सभी स्वास्थ्य कर्मी मौजूद मिले। सभी जगहों पर मेला सुचारू रूप से चलता मिला। इस दौरान उन्होंने मेले में आए मरीजों एवं उनके तीमारदारों से मेले में मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेले को लेकर आम लोगों को जागरूक करने के लिए मेलों का व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जाए। इसके अलावा सभी आवश्यक दवाओं की उपलब्धता निरंतर बनी रहे, इस पर भी ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से अधिक से अधिक टीकाकरण कराया जाए । सीएमओ ने बताया कि आरोग्य मेला के पुन प्रारंभ होने से एक ही स्थान पर जनता को ट्रिपल डी यानी डॉक्टर, ड्रग्स और डायग्नोस्टिक (चिकित्सक, दवा व जांच) की मुफ्त सुविधा उपलब्ध हो रही है। मेले में मरीजों को एक ही जगह विभिन्न विधाओं के विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श, जांच व दवाओं की मुफ्त सुविधा दी जा रही है। समाज के अंतिम पायदान के लोगों को चिकित्सा सुविधा सुलभ कराने के लिए मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला की शुरुआत की थी।

# भारत-नेपाल सीमा ब्राउन शुगर के साथ महिला गिरफ्तार




लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

अगस्त 2023 की रात्रि में थाना सम्पूर्णानगर पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम द्वारा अभियुक्ता पप्पा उर्फ गुरमीत कौर पत्नी श्रवण सिंह नि0 बाजार घाट बेल्हा थाना हजारा जनपद पीलीभीत को 10 ग्राम अवैध नशीला पदार्थ (ब्राउन शुगर) बरामद कर गिरफ्तार किया गया, जिसके संबंध में थाना सम्पूर्णानगर पर एनडीपीएस एक्ट मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई। गिरफ्तार करने वाली टीम में निरीक्षक श्री शैलेश, एसएसबी-उ0 नि0 आदित्य कुमार यादव थाना संपूर्णानगर, हे0 का0 चक्रपाल सिंह, थाना संपूर्णानगर,म0 का0 मेगना एसएसबी, म0 का0 सुनीला एसएसबी मौजूद रहे।

# सीतापुर में फिल्म की शूटिंग के दौरान नजर आये अक्षय

सीतापुर, समृद्धि न्यूज।



11वी वाहिनी पीएसी में चल रही शूटिंग वही बम धमाकों के बीच हवा में कई गाड़ियां उड़ गईं। आतंकियों ने वायुसेना आदमपुर को हथगोलों से तहस-नहस कर दिया। इसी बीच बाइक पर भाग रहे एक आतंकी का पीछा करते अक्षय कुमार दिखे। यह नजारा 11वीं वाहिनी पीएसी में चल रही स्काईफोर्स फिल्म की शूटिंग के दौरान दिखा। दरअसल, पीएसी कार्यालय में फिल्म की शूटिंग के लिए वायुसेना आदमपुर पंजाब कार्यालय का सेटअप बनाया गया है। वहीं फिल्म की शूटिंग 31 अगस्त तक चलेगी। इस फिल्म में अक्षय कुमार एक वायुसेना अधिकारी की भूमिका निभा रहे हैं। वहीं सारा अली खान भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। यहां वे एक प्रतिष्ठित होटल में ठहरें है। होटल में उनके लिए विशेष इंतजाम कराए गए हैं। इससे पहले पीएसी में अजय देवगन 2019 में शूटिंग कर चुके हैं। शूटिंग के दौरान अजय देवगन खिलाड़ियों को टिप्स देते नजर आए थे। इस दौरान सीतापुर की अंग्रेजी हुकूमत की इमारतों को भी कैमरे में कैद किया गया था।

# छोटे भाई ने बड़े भाई को उतारा मौत के घाट

- आला कत्ल तमंचा गायत्री गंगा पुल के नीचे छुपाकर खुद ही बताता रहा दुर्घटना
- सीसीटीवी कैमरे से खुला हत्या का राज




**सुमेरपुर। समृद्धि न्यूज**

सैनिक पिता की मौत के बाद पेंशन आदि मदों से प्राप्त लाखों रुपए के बंटवारे के विवाद में छोटे भाई ने बड़े भाई की गोली मारकर हत्या करके एक्सीडेंट का रूप देने का प्रयास किया और आला कत्ल तमंचा गायत्री गंगा पुल के नीचे छिपाकर एक्सीडेंट होने का ढोंग रचता रहा। लेकिन जैसे ही सीसीटीवी फुटेज में वह भाई को अपने साथी के साथ लेकर जाते दिखा वैसे ही पुलिस ने उसे दबोचकर हत्या का सारा राज उगलवा लिया और तमंचा आदि निशानदेही पर बरामद कर जेल भेजने की तैयारी की है। पंधरी गांव निवासी रामप्रताप यादव 35 वर्ष गुरुवार को देर रात गांव से लापता हो गया था। शुक्रवार सुबह इसका शव नेशनल हाईवे 34 में चंदौखी मोड़ के पास पाया गया था। पुलिस इसको एक्सीडेंट मान रही थी। मृतक का छोटा भाई विजय उर्फ छोटू भी एक्सीडेंट की बात कहकर गुमराह करता रहा लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में जैसे ही गोली मारकर हत्या का जिक्र सामने आया सभी चुप्पी साध गए। हत्या की बात सामने आने पर सक्रिय हुई पुलिस ने शुक्रवार को देर शाम कस्बे में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जिसमें रात 9.39 बजे रामप्रताप अपने भाई विजय उर्फ छोटू तथा गांव निवासी कुलदीप पुत्र जगदीश वर्मा के साथ बाइक में बैठकर हमीरपुर की ओर जाते दिखा। पुलिस ने शुक्रवार को देर रात दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। दोनों ने कुछ ही देर में सारा सच उगल दिया। मृतक के भाई विजय ने बताया कि वह आए दिन शराब पीकर घर में हंगामा करता था और पिता की पेंशन आदि मदों से प्राप्त रूपयों के बंटवारे की बात कहता था। घटना वाले दिन भी वह घर शराब पीकर आया और मां जमुना देवी के साथ उससे विवाद करने लगा। मां के समझाने पर वह शांत हो गया और अपनी ससुराल अमौली फतेहपुर जाने की रात में ही जिद करने लगा। तब उसने गांव निवासी कुलदीप वर्मा को साथ लिवाकर बाइक से अमौली जा रहा था तभी उसने चंदौखी मोड़ के पास बाइक रुकवाकर फिर झगड़ा शुरू कर दिया। खुन्नस में आकर उसने गोली मारकर हत्या कर दी और मौके से भाग आया। हत्या में प्रयुक्त तमंचा उसने गायत्री तपोभूमि के समीप गायत्री गंगा पुल के नीचे छुपा कर गांव लौट गया और सुबह जब सूचना पाकर मौके पर गया। तब उसने एक्सीडेंट होने की बात कहनी शुरू कर दी। परंतु पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सच सामने आ गया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर रविवार को सुबह गायत्री गंगा पुल के नीचे से आला कत्ल तमंचा बरामद करके दोनों को जेल भेजने की तैयारी शुरू कर दी है।

# कार्यकर्ता संगठित होकर करें कार्य



**चोपन/ सोनभद्र। समृद्धि न्यूज**

**समाजवादी** पार्टी विधानसभा ओबरा की बैठक विधानसभा अध्यक्ष परमेश्वर यादव की अध्यक्षता में वैरियर स्थित मैरिज हाल में संपन्न हुई । बैठक का संचालन महामंत्री अमरनाथ यादव ने की बैठक में सेक्टर कमेटी की समीक्षा तथा पार्टी के संगठन पर विचार विमर्श किया गया।

बैठक के मुख्य अतिथि लोकसभा प्रभारी राज नारायण कोल, जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव ने संयुक्त रूप से कहा कि भाजपा सरकार जन समस्याओं के उम्मीद की विपरीत कार्य कर रही हैं इस सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए कार्यकर्ता संगठित होकर कार्य करें। बैठक में मुख्य रूप से संजय यादव, विजय यादव, जिला पंचायत सदस्य सुनील सिंह गोड़, नजमुद्दीन इदरीश, जाकिर अंसारी, सुल्तान कुरैशी, दुर्गेश यादव, विनीत जाटव, विजय अग्रहरी, बब्लू यादव, मुस्तफा सिद्दीकी , रमेश वर्मा, संजू शर्मा इत्यादि सपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### मासूम की मौत के मामले में अज्ञात पर मुकदमा दर्ज

**मौदहा।** बीते तीन दिन पहले सड़क हादसे में हुई मासूम बच्चे की मौत मामले में कोतवाली पुलिस ने पिता की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। बीते 18 अगस्त की शाम पत्नी और बच्चे के साथ गांव जाते कस्बे से दो किमी दूर अरतरा मार्ग पर अज्ञात ई रिक्शा ने टक्कर मार दी थी। जिसमें कृष्ण कुमार, पत्नी और उनके दो साल के बच्चे अश्विनी कुमार को गंभीर चोटें आईं थीं। जिसमें बच्चे को डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया था। पीडित पिता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात रिक्शा चालक के विरुद्ध धारा 279,337 और 304 ए के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली से टूटी पुलिया टूटी, मजूदर गंभीर

**मौदहा।** ईंटों भरी ट्रैक्टर ट्राली निकलते पुलिया की स्लैब टूट गई। इसके चलते ट्राली पर सवार मजदूर ईंटों के साथ नीचे आ गिरा। ईंटों में दबने से गंभीर रूप से घायल होने पर प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कालेज कानपुर रेफर किया गया है। जबकि नगर पालिका की टीम ने पुलिया का काम शुरू कर दिया है। रविवार को तड़के ईंटें लादकर गांधी इंटर कालेज के सामने से निकली ट्रैक्टर ट्राली में अधिक भार होने के कारण पुलिया की स्लैब टूट गई। जिससे ट्रैक्टर की ट्राली नाले में चली गई। हादसे में ट्राली में बैठा मजदूर कोतवाली क्षेत्र के छिरका निवासी सुरेश (52) पुत्र रामआसरे गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे एंबुलेंस द्वारा आनन फानन इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां मजदूर को गंभीर चोंट आने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कालेज कानपुर रेफर कर दिया गया है। फिलहाल मजदूर की हालत नाजुक बताई जा रही है।

### महिला ने युवक पर लगाया शारीरिक शोषण का आरोप

**राठ (हमीरपुर)।** एक महिला ने युवक पर शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी है। महिला का आरोप है कि युवक दरोगा से सांठगांठ कर राजीनामा का दबाव बना रहा है। पीड़िता ने उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई है। कस्बे के एक मोहल्ला निवासी महिला ने बताया कि फेसबुक के माध्यम से उसकी जान पहचान एक युवक से हो गई थी। बताया युवक ने उसे शादी का झांसा देकर गुड़गांव से राठ बुला लिया। आरोप लगाया कि वह उसके साथ शारीरिक शोषण करने लगा। बताया पिछले 26 जुलाई को आरोपी युवक उसे राठ से पनवाड़ी फिर लखनऊ ले गया। वहां पर उसके साथ दुष्कर्म किया। बताया उसके द्वारा शादी करने का दबाव डालने पर आरोपी उसे लखनऊ में अकेला छोड़कर एवं पैसे लेने के बहाने राठ आ गया। उसका फोन नंबर भी ब्लैक लिस्ट में डाल दिया। बताया कि जब वह राठ आकर आरोपी युवक के घर पहुंची तो उसके परिजनों ने उसे घर से धक्के मारकर भगाते हुए धमकी दे डाली। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। महिला ने यह भी बताया कि कोतवाली का एक दरोगा उस पर राजीनामा करने का दबाव बना रहा है। कोतवाली इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह ने बताया कि प्रकरण संज्ञान में है। जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

### करंट की चपेट में आए युवक की मौत

**राठ (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के टोला गांव में घर में काम करने के दौरान करंट की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। जानकारी के अनुसार टोला गांव निवासी बालकेश (45) पुत्र सुखदेव सिंह शनिवार की शाम घर में घरेलू कार्य कर रहा था। तभी अचानक करंट की चपेट में आने से बालकेश बेहोश होकर गिर पड़ा। जिसके बाद परिजन उसे लेकर सीएचसी पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक बालकेश के नाम डेढ़ बीघा कृषि भूमि थी। जिस पर खेती किसानी के अलावा मेहनत मजदूरी कर वह अपने परिवार की गुजर बसर करता था। मृतक अपने पीछे पत्नी गीता के अलावा पुत्र सुरेंद्र व पुत्रियां सोमवती व आकांक्षा को रोता बिलखता हुआ छोड़ गया है। इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

### दो पक्षों ने पुलिस को दी मारपीट की तहरीर

**कुरारा।** थाना क्षेत्र के पारा शंकर पुर गांव में दो पक्षों में गाली गलौज व मारपीट हुई। दोनो ने एक दूसरे के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। क्षेत्र के पारा शंकर पुर गांव निवासी बाबूसिंह पुत्र भगवान दीन ने थाने में तहरीर देकर बताया कि मोहल्ला निवासी रामसखी पत्नी दयाशंकर , कामता पुत्र दयाशंकर ने मेरी पत्नी को गाली गलौज किया। मना करने पर जान माल की धमकी दी है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। वही दूसरे पक्ष के दया शंकर ने चंद्रभूषण ,बाबू सिंह, संगीता के खिलाफ गाली गलौज करने की तहरीर थाने में दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

### युवक ने आशा बहू को डंडों से पीटा

**कुरारा।** पसोड़ी महिला व उसके लड़के द्वारा गांव की आशा बहू को लाठी डंडों से पीटकर घायल कर दिया। आशा बहू को पड़ोसियों की मदद से सीएचसी कुरारा में एडमिट करवाया गया। प्रथम उपचार के बाद आशाबहू को जिला अस्पताल के लिए रिफर कर दिया गया। थाना क्षेत्र के बिलौटा के मजरा टेकचंद का डेरा गांव निवासिनी आशाबहू सुनीता पत्नी राजकिशोर ने थाने में दी तहरीर में बताया है कि रविवार दोपहर जब वो घर से निकलकर दरवाजे के ताला लगा रही थी तभी पड़ोसी महिला भूरी पत्नी मुन्ना व उसका लड़का शिवशंकर आये और उसे पीछे से पकड़ चबूतरे के नीचे गिरा लिया तथा डंडों व लातो से जमकर पिटाई कर दी जिससे आशाबहू गंभीर रूप से घायल हुए है। पड़ोसियों ने आनन फानन में एम्बुलेंश को फोन कर आशा बहू को अस्पताल भिजवाया। अस्पताल से सूचना पर पुलिस अस्पताल पहुच प्राथमिक उपचार के बाद महिला सिपाही के साथ उसे जिला अस्पताल रिफर भेजा।

### अघोषित बिजली कटौती से लोग परेशान

**सुमेरपुर।** दोपहर के समय तीन घंटे की अघोषित कटौती से लोगों के अंदर आक्रोश पनप रहा है। दिन के अलावा रात के समय होने वाली कटौती से लोगों की मच्छरों ने नींद हराम कर रखी है। नींद पूरी न होने से बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों में चिड़चिड़ापन पैदा होने लगा है। विद्युत आपूर्ति एक पखवारे से ज्यादा समय से बेपटरी है। भीषण गर्मी और उमस में बिजली के कई घंटे तक गायब रहने से उपभोक्ता के अंदर आक्रोश पनप रहा है। कस्बा निवासी डा नरेश शर्मा, धर्मेंद्र सिंह,संतोष यादव,अखिलेश तिवारी, राजेश द्विवेदी, सोनू पांडेय, सोनू तिवारी,सोनू द्विवेदी आदि ने बताया कि दोपहर 1:00 बजे से 4 बजे तक होने वाली कटौती से लोग परेशान हैं। इसके अलावा रात में सोने के समय में बेहिसाब कटौती होने से लोग मच्छरों से परेशान होते हैं। नींद पूरी न होने से बच्चों, बूढ़ों, महिलाओं में चिड़चिड़ापन पैदा हो रहा है।

# पत्रकार को धमकी मामले में कलमकार आक्रोशित

- बेसिक शिक्षा अधिकारी से कार्रवाई करने की उठाई मांग

**सोनभद्र। समृद्धि न्यूज**



**विगत** दिनों कम्पोजिट विद्यालय महुली के अध्यापक द्वारा वाराणसी से प्रकाशित एक दैनिक समाचार पत्र के पत्रकार रविंद्र कुमार श्रीवास्तव को खबर प्रकाशित करने को लेकर मोबाइल फोन से जान से मारने व बर्बाद कर देने की धमकी देने के बाद बीजपुर प्रेस क्लब में जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है। रविवार को बीजपुर के सभी पत्रकारों ने बैठक कर उक्त मास्टर द्वारा किए गए कृत्य की जमकर निंदा की साथ ही बेसिक शिक्षा अधिकारी सोनभद्र से उसके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही की मांग की है।प्रेस क्लब के अध्यक्ष विनोद गुप्ता ने कहा कि मास्टर द्वारा धमकी भरे फोन से प्रतीत होता है वह मास्टर कभी विद्यालय में जाकर बच्चों को पढ़ना ही नही चाहता घर बैठे ही मुफ्त में पगार लेकर आराम करना चाहता है इसीलिए समाचार छापने पर पत्रकारों को फोन कर धमकी दे रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि वह पत्रकारों के के कलम की आवाज को कत्तई नही दबा पाएगा उस पर पुलिस विभाग द्वारा आवश्यक कार्यवाही कर दी गयी है अब शिक्षा विभाग को उस पर कड़ी कार्यवाही करते हुए तत्काल प्रभाव से उसे निलंबित कर देना चाहिये। वही रामजियावन गुप्ता ने बेसिक शिक्षा अधिकारी से मांग करते हुए उक्त अध्यापक के विरुद्ध तत्काल प्रभावशाली कार्यवाही की मांग की है। रामबली मिश्रा ने कहा शिक्षक समाज का आईना होता है वो बच्चों के भविष्य को संवारता है उसे देशसेवा के लिए प्रेरित करता है लेकिन यहां शिक्षक ही फोन पर गाली व धमकी दे तो बच्चों के भविष्य पर क्या असर पड़ेगा, इसका सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। उन्होंने उन्होंने कहा कि ऐसे शिक्षक पर तत्काल प्रभाव शाली कार्यवाही होनी चाहिए शिक्षा विभाग अगर उक्त शिक्षक पर तत्काल कार्यवाही नही करेगा तो पत्रकार समाज आंदोलन के लिए मजबूर होगा।वरिष्ठ पत्रकार डीएस त्रिपाठी ने कहा पत्रकारों को धमकी देने वालो को कत्तई बर्दाश्त नही किया जाएगा शिक्षा विभाग तत्काल कार्यवाही करें अन्यथा जिले के पत्रकार आंदोलन को मजबूर होंगे।बैठक में प्रेस क्लब से जुड़े दर्जनों पत्रकार उपस्थित रहे।

# ढोल नगाड़ों व बैंड बाजे के साथ निकाली गई विशाल शोभायात्रा



बीजपुर/सोनभद्र। एनटीपीसी रिहंद आवासीय परिसर स्थित शिव मंदिर समिति द्वारा शिव परिवार मूर्ति स्थापना से पहले नगर भ्रमण एव श्रद्धालु भक्तों के दर्शनों के लिए रविवार को विशाल शोभायात्रा ढोल नगाड़ो बैंड बाजे के साथ निकाली गयीं। शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओ ने फूल बर्षा कर शिव परिवार का स्वागत किया शिव परिवार की आरती उतारी गयी वही जगह जगह पर श्रद्धालुओं द्वारा भक्तों के लिए प्रसाद एवं पानी की व्यवस्था की गयी थी। शिव मंदिर समिति के अध्यक्ष संजीव खेड़ा ने बताया कि सोमवार को नागपंचमी के दिन शिव परिवार की मूर्ति की स्थापना शिव मंदिर प्रांगण में की जाएगी साथ ही हरिकीर्तन के साथ विशाल भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा समिति के अध्यक्ष श्रीखेड़ा ने आसपास के ग्रामीणों से अपील कर कहा कि उक्त कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर भाग ले । शोभायात्रा के दौरान मुख्य रूप से राम कुमार मिश्रा, शंशाक मालवीया, रुद्र देव दुबे, रामजी द्विवेदी, संजय, प्रमोद दुबे, अवनीश पांडे, रामानंद यादव, कृष्ण भगवान पाठक, रिकेश उपाध्याय के साथ हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# पौथिया नवीन सीएचसी में आए सिर्फ पांच मरीज

**पौथिया । समृद्धि न्यूज**

रविवार को आरोग्य मेले में पांच मरीज ही पहुंचे। पौथिया गांव स्थित नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डा.अर्चना प्रजापति की कुर्सी खाली मिली। सिर्फ फार्मासिस्ट रामसागर कुर्सी पर बैठे रजिस्टर देखते नजर आए। 11,30 बजे तक खांसी बुखार खुजली के चार मरीज़ दवा लेकर चले गए थे। एक भी मरीज़ मौके पर नहीं मिला। उधर प्रसव केन्द्र में सीएचओ आस्था सचान के साथ स्टाप नर्स अन्नपूर्णा मौके पर मिली। पौथिया गांव की बिनीता अपने बच्चे पुष्पेन्द्रराज को बुखार आने पर लेकर पहुंची। फार्मासिस्ट रामसागर ने बताया डा.अर्चना प्रजापति अवकाश में हैं। स्टाफ नर्स, वार्ड बॉय, स्वीपर, एनम अन्नपूर्णा मौके पर है। बताया रविवार को मरीज़ कम आते हैं। बाकी दिनों में बुखार जुखाम खुजली के मरीजों की संख्या करीब 35 तक पहुंच जाती है। प्रसव केन्द्र में आस्था सचान ने बताया चार गर्भवती महिलाएं टीका लगवाकर गई हैं। पौथिया अस्पताल की स्थिति दयनीय है समय से स्टाप नहीं आता है। सिर्फ फार्मासिस्ट के भरोसे अस्पताल चल रहा है। अतिक्रमण के बीच अस्पताल की चारदीवारी टूटी फूटी है, जर्जर तार झूल रहे हैं। उधर पौथिया से सात किमी दूर कलौलीजार गांव के नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सभी स्टाफ मिला। एक बजे तक करीब 30 मरीज इलाज करा चुके थे। डा.संतराम, फार्मासिस्ट धर्मचंद सिंह चौहान, एलए अनुज, एएनएम कांतीपाल, निर्मल सिंह सीएचओ, आशा कार्यकार्ता अनुसुइया व रविया बेगम सहित सभी स्टाफ मिला। एएनएम ने बताया गर्भवती महिला बंदना, शशि, तेजकुमारी, कामिनी, अंजना को टीका लगाया है। डा.संतराम ने बताया ज्यादातर खुजली, जुखाम, बुखार, आई फ्लू के आते हैं।

# दो बाइकों की भिड़ंत में भाइयों की मौत, मां-बेटा घायल, एक रेफर

**मुस्करा (हमीरपुर)। समृद्धि न्यूज**

**डेढ़ माह** पूर्व हुई शादी के बाद पत्नी को मायके ले जा रहे पति की बाइक दूसरी बाइक से टकरा गई। जहाँ पति व ममेरे देवर की मौत हो गई।पत्नी चुटहिल है।वहीं दूसरी बाइक में माँ को लेकर जा रहे पुत्र की हालत नाजुक होने पर उसे कानपुर के लिए रेफर कर दिया है।हालांकि माँ की हालत में थोड़ा सुधार है।

रविवार दोपहर करीब एक बजे बिवांर जलालपुर रोड़ पर बांधुर बुजुर्ग गांव के पास दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में चंदौलीअहीर निवासी युवक अमित यादव (23) पुत्र रामकिशन यादव व आठ वर्षीय ममेरे भाई गोलू उर्फ़ भूपेंद्र पुत्र जयहिंद निवासी चंदौरा डेरा की मौत हो गई।जबकि पत्नी कमलेश चुटहिल हुई है।मृतक अमित के छोटे भाई अजीत ने बताया कि भाई अमित की शादी डेढ़ माह पूर्व 22 जून को



टीकमगढ़ (एम. पी) के जरुआ गांव की कमलेश से हुई थी।बताया कि मृतक भरुआ में एक टायर फैक्ट्री में कार्य करता था।बताया कि त्यौहार के मद्देनजर भाई अमित अपने ममेरे भाई गोलू उर्फ़ भूपेंद्र के साथ भाभी कमलेश को मायके लेकर मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ जिले के जरुआ गांव जा रहा था। तभी बिवांर जलालपुर मार्ग पर बांधुर बुजुर्ग गांव के पास दूसरी बाइक से टकरा गई। घटना में ममेरे भाई गोलू की मौके पर मौत हो गई थी। जबकि घायल अमित की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। वहीं दूसरी बाइक पर रिजवान (26) पुत्र इमामशाह और उसकी माँ शाहसरा (42) निवासी बांधुर अपनी माँ को लेकर राठ क्षेत्र के इस्लामपुर गांव जा रहा था।घटना में माँ बेटा भी गंभीर रूप से घायल हो गए। चरवाहो की मदद से एम्बुलेंस से घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया जहाँ रिजवान की हालत नाजुक होने पर उसे जिला अस्पताल से कानपुर के लिए रेफर कर दिया है। वहीं माँ की हालत में कुछ सुधार है।थाना प्रभारी निशिकांत रॉय ने बताया कि मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

### दो दुकानों में चोरी, नगदी सहित सामान किया पार

**राठ (हमीरपुर)।** बीती रात चोरों ने नगर की दो दुकानों को अपना निशाना बनाया और दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे भी उखाड़कर अपने साथ ले गये। पीड़ित दुकानदारों ने थाने में शिकायत करते हुए पुलिस से कार्यवाही करने की मांग की है। कस्बा निवासी ओम प्रकाश गुप्ता ने बताया कि वह नगर के हमीरपुर रोड गायत्री मंदिर के पास ओम प्रकाश किराना स्टोर नाम से दुकान किये है। सुबह जब दुकान खोलने गया तो देखा कि शटर के ताले टूटे पड़े थे और सीसीटीवी कैमरे गायब थे। रात में चोरों ने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरो को उखाड़कर ताले तोड़ दिए गोलक में रखें एक हजार सात सौ रुपये और किराना का सामान चोर चोरी कर ले गए है। वही बगल में स्थित तहलका डीजे की दुकान से चोर डीजे की दो 22 एलटी की मशीनों को चोरी कर ले गये। राठ नगर क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाओं से नागरिकों में दहशत है और लोग अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित है।

# झांकियों के साथ 18 सितंबर को शुरू होगा तीजा मेला

- बब्बू भैया को बनाया गया नया अध्यक्ष

**सुमेरपुर। समृद्धि न्यूज**



**कस्बे का** 174 वर्ष पुराना ऐतिहासिक तीजा मेला इस वर्ष 18 सितंबर को नयनाभिराम शोभायात्रा के साथ शुरू होगा। रविवार को कस्बे के चांद थोक के श्रीकृष्ण मंदिर में संपन्न हुई श्रीकृष्ण लीला कमेटी की बैठक में जयप्रकाश दीक्षित उर्फ बब्बू भैया को अध्यक्ष बनाकर शोभायात्रा संपन्न कराने के लिए रणनीति तैयार की गई।

आजादी के पूर्व महज एक झांकी से शुरू हुआ कस्बे का ऐतिहासिक तीजा मेला आजादी के बाद शोहरत के नए आयाम गढ़ता रहा। आजादी के बाद पहली मर्तबा यह है मेला 1965 में बाढ़ के कारण नहीं संपन्न हुआ था। दूसरी मर्तबा यह कस्बे के आस्था व श्रद्धा केंद्र संत स्वामी रोटीराम महाराज नागा स्वामी जी की 1984 में ब्रह्मलीन होने के कारण नहीं मनाया गया था। तीसरी मर्तबा कोरोना काल में यह दो वर्ष नहीं मनाया गया। इसके अलावा यह प्रतिवर्ष धूमधाम के साथ मनाया जाता रहा है। इस वर्ष यह ऐतिहासिक तीजा मेला 18 सितंबर को विशाल नयनाभिराम झांकियों के साथ शुरू होगा। तीन दिवसीय इस मेले में दंगल, सांस्कृतिक कार्यक्रम की धूम रहती है। रविवार को चांद थोक के श्रीकृष्ण मंदिर में श्रीकृष्ण लीला कमेटी की बैठक संपन्न हुई। जिसमें कस्बे के समाजसेवी व्यवसायी जयप्रकाश दीक्षित उर्फ बब्बू भैया को कमेटी का अध्यक्ष व कुंजबिहारी पांडेय को उपाध्यक्ष बनाया गया। संरक्षक बृजलाल सिंह व सचिव नवल मिश्रा दाऊ को यथावत रखा गया है। मेला प्रभारी की जिम्मेदारी नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे के पिता राजेश बाबू शिवहरे को दी गई है। तीजा मेला को दिव्य व भव्य बनाने पर गहन मंथन किया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष ने बताया कि उनका प्रयास होगा कि वह इस ऐतिहासिक शोभायात्रा में कुछ नया करके दिखाएं, ताकि कस्बे के इस ऐतिहासिक मेले की ख्याति पूर्व की तरह बरकरार रहे।उनका प्रयास होगा कि बीते वर्षो की भांति इस साल भी सभी सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि कस्बे में संपन्न हो। उन्होंने कहा कि वह शासन में पहल करके इस मेले को महोबा के कजली मेले की तरह शासकीय मेला घोषित करने का भी प्रयास करेंगे। ताकि बुजुर्गो द्वारा शुरू किया गया यह मेला भविष्य में भी अपनी पहचान बनाए रखें।बैठक में महेश पांडेय,सुरेश यादव, संजीव पांडेय,बीरू मिश्रा,संदीप मिश्रा,कुलदीप मिश्रा,शालू पांडेय,प्रिंश मिश्रा, शिवम द्विवेदी आदि सभी सदस्य गण उपस्थित रहें।

# जिला पंचायत सदस्य ने चौकी इंचार्ज पर लगाए गंभीर आरोप

**सुमेरपुर।** ग्राम पंचायत सुरौली बुजुर्ग की निवासी जिला पंचायत सदस्य ने चौकी इंचार्ज आदित्य सिंह के कार्य व्यवहार अच्छा न होने व रिश्तेदारों व अराजकतत्वों को बढ़ावा देने की शिकायत कर स्थानांतरित किए जाने की मांग की है। सुरौली बुजुर्ग की निवासनी जिला पंचायत सदस्य रामदुलारी निषाद ने पुलिस अधीक्षक सहित मुख्यमंत्री, प्रमुख सचिव गृह,राज्य मानवाधिकार,महिला आयोग व उपमहानिरीक्षक पुलिस चित्रकूट धाम मंडल को भेज गए शिकायती पत्र में लिखा है कि क्षेत्र की जनता ने अवगत कराया है कि चौकी इंचार्ज सुरौली बुजुर्ग आदित्य सिंह थाना सुमेरपुर में लगभग दो वर्षो से तैनात हैं। ग्राम सुरौली बुजुर्ग एवं क्षेत्र में इनकी ज्यादातर रिश्तेदारियां हैं। पुलिस चौकी में क्षेत्र के आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों सहित दलालों एवं रिश्तेदारों का उठना-बैठना है।इन्होंने अराजकतत्वों को खुली छूट दे रखी है और यह लोग उनके सामने ही गरीब व मजदूरों के साथ अभद्रता कर उन्हें प्रताड़ित करते हैं। अगर कोई पीड़ित अपनी फरियाद लेकर जाता है। तो उनकी समस्या सुनने के बजाय उल्टा उनसे अभद्रता कर डांट कर भगा दिया जाता हैं। कहा कि अगर कोई भी व्यक्ति उनकी शिकायत उच्चाधिकारियों से करने को कहता है तो उन्हें झूठे व फर्जी मुकदमें में फंसाने की धमकी दी जाती हैं।चौकी इंचार्ज के आचरण व गलत कार्यशैली के कारण लगातार क्षेत्रवासियों में आक्रोश उत्पन्न होता जा रहा है। जो कभी भी अप्रिय घटना का रूप धारण कर सकती है। जिला पंचायत सदस्य ने क्षेत्रवासियों की उपरोक्त समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुये जनहित में चौकी इंचार्ज सुरौली बुजुर्ग के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही करते हुये उनका स्थानान्तरण किसी अन्य जनपद में किया जाय।

# केंद्रीय राज्यमंत्री ने कई मार्गों का किया लोकार्पण व शिलान्यास

**फतेहपुर। समृद्धि न्यूज**

> इन मार्गों के बन जाने से अब आसान होगा सफर : साध्वी निरंजन

**जिले** की सांसद एवं केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने रविवार को जनपद के कई मार्गों का शिलान्यास किया। इससे पूर्व स्थानीय लोगों के साथ-साथ पार्टीजनों ने केंद्रीय राज्यमंत्री को फूल-माला पहनाकर सम्मानित किया। केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि वह जिले के विकास के लिए कृत संकल्पित हैं। इन मार्गों के बन जाने से अब सफर आसान होगा। केंद्रीय राज्यमंत्री ने अमौली विकास खंड के ग्राम मदरी में सांसद निधि से पंद्रह लाख रूपये की लागत से निर्मित 220 मीटर लंबे सीसी रोड का लोकार्पण किया। तत्पश्चात ग्राम महादेवपुर मजरे सिजौली में त्वरित आर्थिक विकास योजना के अन्तर्गत निर्मित होने वाले सिजौली से महादेवपुर सम्पर्क मार्ग का शिलान्यास किया। इस मार्ग का निर्माण 65.30 लाख की लागत से किया जायेगा। जिसकी लंबाई 950 मीटर रहेगी। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत निर्मित होने वाले फतेहपुर जोनिहा रोड से फतेहपुर बिंदकी मार्ग वाया तारापुर असवार मोहनखेड़ा का शिलान्यास भी किया। इस मार्ग का निर्माण छह करोड़ सैंतीस लाख रूपये की लागत से 9 किलोमीटर 300 मीटर किया जायेगा। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत निर्मित होने वाली फतेहपुर बिन्दकी से ओझी खड्गसेनपुर मय भदबा सम्पर्क मार्ग का शिलान्यास भी किया। इस मार्ग का निर्माण तीन करोड़ सत्तावन लाख रूपये की लागत से किया जायेगा। जिसकी लंबाई 5 किलोमीटर 150 मीटर रहेगी। केंद्रीय राज्यमंत्री ने मलवां विकास खंड की ग्राम पंचायत महमूदपुर में सांसद निधि से बारह लाख रूपये की लागत से निर्मित सीसी रोड का लोकार्पण किया। जिसकी लम्बाई 180 मीटर है। इसी गांव में त्वरित आर्थिक विकास योजना के अन्तर्गत निर्मित होने वाली महमूदपुर से अजमेरीपुर सम्पर्क मार्ग का शिलान्यास कर शुभारंभ किया। यह मार्ग 50 लाख 91 हजार रूपये की लागत से बनेगा। देवमई विकास खंड की ग्राम पंचायत पहाड़ीपुर में जल जीवन मिशन-हर घर जल योजना के अन्तर्गत निर्मित होने वाली पानी की टंकी का शिलान्यास भी किया। इस टंकी का निर्माण एक करोड़ 77 लाख रूपये की लागत से किया जायेगा। इस मौके पर विधायक जहानाबाद राजेंद्र पटेल, मंडल अध्यक्ष राज बहादुर पासवान, कार्यालय प्रवक्ता शिव प्रताप सिंह, नरेंद्र मिश्रा, ज्ञानेंद्र सिंह, ओम मिश्रा, मंजू शुक्ला, मनोज निषाद, संतोष गुप्ता, राम भक्त वर्मा, शिव लखन सिंह, कुलदीप मौर्य भी मौजूद रहे।



मार्ग का लोकार्पण करतीं केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति

# पांच दिवसीय जीवन कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन



**महोबा। समृद्धि न्यूज**

**जिला** शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान चरखारी महोबा में समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत आयोजित सेवारत शिक्षक प्रशिक्षण के अनुक्रम में जनपद स्तरीय अध्यापकों का 16 अगस्त से 20 अगस्त तक चलने वाले 5 दिवसीय जीवन कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जिसमें शिक्षकों ने डब्ल्यूएचओ द्वारा प्रदान किए 10 जीवन कौशलों से भली-भांति परिचित हुए तथा इन कौशलों को अपने जीवन तथा विद्यालय में लागू करने का प्रण लिया इस प्रशिक्षण के समापन अवसर पर डायट प्राचार्य संतोष कुमार सक्सेना द्वारा जीवन कौशल के महत्व को प्रतिभागी शिक्षकों के अपने जीवन में तथा विद्यालय में अपनाने के लिए प्रेरित किया गया इस प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी आशुतोष कुमार (प्रवक्ता मनोविज्ञान) द्वारा भावना प्रबंधन तथा तनाव से बचने संबंधित महत्वपूर्ण टिप्स दिए गया और यह कहा गया यहां पर कोई भी अपने व्यवसाय से पूरी तरह संतुष्ट नहीं है जब तक व्यक्ति किसी भी कार्य को आनंददायक महसूस करते हुए नहीं करेगा तब तक उसे संतुष्ट नहीं मिल सकती और कामयाब भी नहीं होगा इस प्रशिक्षण अवसर पर प्रशिक्षण प्रभारी मनीष केसरवानी प्रवक्ता (जीव विज्ञान) द्वारा प्रतिभागी शिक्षकों को पांच दिवसीय प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर बधाई देते हुए प्रोत्साहित किया गया तथा अन्य डायट संदर्भदाता राजू सरोज, जयराम कुटार, राजेंद्र अनुरागी, दिव्या श्रीवास्तव तथा परिषदीय विद्यालयों के संदर्भदाता के रूप में नामित शिक्षक देवेश खरे एवं शिक्षिका शमा यादव सहित तकनीकी सहायता हेतु डायट प्रशिक्षु नरेंद्र कुमार, प्रदीप कशौधन, धर्मेंद्र यादव और राहुल मौजूद रहे।

# एपीओ जैतपुर ने दिखाई दबंगई प्रधान पति के साथ की अभद्रता

> - रविंद्र कुमार खरे ग्राम रोजगार सेवक धवर्रा ने पुलिस चौकी जैतपुर में दी तहरीर
> - एपीओ द्वारा किए गए भ्रष्टाचार की चर्चा अभी थमी नहीं थी और दबंगई का नया मामला आया सामने



**जैतपुर महोबा। समृद्धि न्यूज**

**विकासखंड** जैतपुर में तैनात अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी सरमन यादव के द्वारा ग्राम पंचायत धवर्रा के निवासी रविंद्र कुमार खरे ग्राम रोजगार सेवक हुआ व प्रधान प्रतिनिधि के साथ गाली गलौज की गई। इसके खिलाफ रविंद्र कुमार खरे ने आरोप लगाते हुए प्रार्थना पत्र में स्पष्ट उल्लेख किया कि मुझे ब्लॉक में तैनात महेश बाबू के द्वारा डाक रिसीव करने के लिए बुलाया गया जब मैं कार्यालय गया तो उन्होंने स्पष्ट कहा कि ए पी ओ से बात कर लो जब मैंनें ए पी ओ से बात की तो वह गाली-गलौज करने लगे इसके बाद जब मैंनें अपने पंचायत के जॉब कार्ड डिलीट करने की बात की तो वह मुझ पर भड़क गए और मुझे धमकियां दी कि मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता है मैं जो चाहूंगा वही होगा और यहां से निकल जाओ। इस प्रकार से रविंद्र खरे के साथ ब्लॉक में तैनात महेश बाबू व एपीओ सरमन यादव के द्वारा अभद्रता की गई। इससंबंध में जब रविंद्र कुमार खरे से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मेरे साथ जो गाली गलौज की गई है यदि इन दोनों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की जाती है तो मैं उच्च अधिकारियों से शिकायत करूंगा। इसी मामले को लेकर जब ब्लॉक में तैनात महेश बाबू व अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी सरवन यादव से बात की तो उन्होंने कहा कि झूठे आरोप लगाए गए हैं ऐसा नहीं हुआ है केवल बातचीत हुई है।

## युवक की संदिग्ध मौत, हत्या की आशंका

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के पक्का तालाब स्थित अटल बिहारी बाजपेई पार्क में शनिवार की देर शाम घूमने आये 35 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई वहीं मृतक के मामा ने हत्या की आशंका व्यक्त की है। जानकारी के अनुसार हथगाम थाना क्षेत्र के बंदीपुर गांव निवासी रसूल का पुत्र असगर अहमद अपने परिवार के साथ पिछले पंद्रह वर्षों से पक्का तालाब के समीप झोपड़ी बनाकर रह रहा था। बताते हैं कि शनिवार की रात लगभग साढ़े आठ बजे वह पार्क घूमने गया था वहीं अचानक उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पाकर घटनास्थल पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के मामा नसीम ने हत्या की आशंका व्यक्त की है।

## ट्रेन से कटकर वृद्धा की मौत

**फतेहपुर।** कल्याणपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पहुर के समीप शनिवार की शाम ट्रेन की चपेट में आ जाने से 70 वर्षीय वृद्धा की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार पहुर गांव निवासी स्व. राम औतार की पत्नी रानी शनिवार की शाम खेत जा रही थी। जब वह रेलवे लाइन पार करने लगी तभी ट्रेन की चपेट में आकर उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतका के पुत्र सुरेंद्र ने बताया कि उसकी मां का मानसिक संतुलन ठीक नहीं था।

## सावन माह में जगह-जगह हो रहे भंडारे

**फतेहपुर।** सावन माह को लेकर शहर के अलग-अलग स्थानों पर रविवार व सोमवार को भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज देवीगंज पुल के समीप भी भंडारे का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ कमाया।

आयोजकों ने भगवान भोलेनाथ का गुणगान भी किया। सावन मास को लेकर रविवार को देवीगंज पुल के समीप नवीन पाल, सुशील कुमार, प्रकाश सिंह, बृजेश गुप्ता की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसकी तैयारियां सुबह से ही शुरू हो गई थी। निर्धारित समय पर स्टाल लगाकर आने-जाने वाले राहगीरों एवं वाहन सवारों को रोक-रोकर कर प्रसाद वितरित किया। प्रसाद पाकर सभी ने पुण्य लाभ कमाया। आयोजकों ने कहा कि प्रत्येक वर्ष सावन माह में भंडारे का आयोजन किया जाता है।

# स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं : सीएमओ



**पनवाड़ी, महोबा। समृद्धि न्यूज**

**सामुदायिक** स्वास्थ्य केंद्र का सीएमओ ने निरीक्षण करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं की हकीकत को परखा। मरीजों से स्वास्थ्य सेवाओं का फीडबैक लेते हुए डॉक्टरों को बेहतर उपचार के निर्देश दिए। कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं मिलनी चाहिए। सीएमओ डॉ आशाराम ने रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। लेबर रूम में सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने पर जोर देते हुए कहा कि गर्भवती महिलाओं को शासन की योजनाओं का लाभ दिया जाए। जल भराव की समस्या के निस्तारण के निर्देश दिए। कहा कि डॉक्टर समय से पहुंचकर मरीजों का उपचार करें। मरीजों को बाहर की दवा न लिखी जाए। लापरवाही मिली तो कार्रवाई होगी।

# कांग्रेस कार्यालय में मनाई गई पूर्व पीएम राजीव गांधी की जयंती

**इटावा।** कांग्रेस कार्यालय पर देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती मनाई गई तथा एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रदेश सचिव आशुतोष दीक्षित ने कहा आज हम ऐसे नेता का जयंती मना रहे हैं जिन्हे देश में कंप्यूटर और संचार क्रांति का जनक कहा जाता है राजीव जी की सोच थी कि देश के युवा वर्ग को आगे ले जाने के लिए कंप्यूटर और विज्ञान की शिक्षा आवश्यक है उन्होंने सरकारी बजट में इसके लिए बजट को भी बढ़ाया था। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के उद्देश्य से पूरे देश में जवाहर नवोदय विद्यालयों की स्थापना की। जिला अध्यक्ष मलखान सिंह यादव ने कहा देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी ने गांव को शासन और लोकतंत्र में उसकी भागीदारी बढ़ाने के लिए पंचायती राज व्यवस्था लागू करने का बड़ा फैसला लिया था इसके माध्यम से उन्होंने पूरे देश में ग्राम सरकार की अवधारणा लागू की और पंचायत को ज्यादा से ज्यादा अधिकार दिए उनका मानना था की ग्राम पंचायत को वह दर्जा मिलना चाहिए जो संसद और विधानसभा को है। शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे ने कहा राजीव गांधी ने युवाओं को 18 वर्ष की उम्र में ही बोट देने का अधिकार दिया उन्होंने वोटिंग की उम्र 21 वर्ष से घटकर 18 वर्ष की थी। आज 18 वर्ष के करोड़ों युवा भी अपना सांसद विधायक से लेकर अन्य निकायों में जनप्रतिनिधियों को चुन सकते हैं। तथा महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए पंचायती राज व्यवस्था में उन्हें आरक्षण देने का काम स्वर्गीय राजीव गांधी जी ने किया था। गोष्ठी में प्रमुख रूप से आरबी सिंह पाल, करन सिंह राजपूत, सतीश नगर, सुरेंद्र सिंह चौहान, रामजीवन कुशवाहा, वाचस्पति दुबे, महेश कटारे, चंद्रशेखर यादव, लालमन बाथम, राकेश राठौर, आसिफ जादरान, प्रदीप दोहरे, धीरेंद्र अवस्थी, आसाराम कठेरिया, विनोद वर्मा, अनिल दीक्षित, मुबारक अली आदि लोग उपस्थित रहे।

# अस्तित्व के संकट से जूझ रही ताला सैय्यद की मजार

> महोबा की फिजाओं में आज भी जीवंत है साम्प्रदायिक सौहार्द की महक

**महोबा। समृद्धि न्यूज**




**बुंदेलखंड** की फिजाओं में बारह सौ साल पहले घुली साम्प्रदायिक सौहार्द की महक आज भी जीवंत है। पीढ़ियां गुजरने के बाद भी यहां चन्देल शासन काल में स्थापित साम्प्रदायिक सौहार्द और भाईचारा सामाजिक ताना-बाना को मजबूती प्रदान करता है। महोबा के वीर योद्धा आल्हा-ऊदल इतिहास पुरुष हुए है तो उन्हें रण कौशल में प्रशिक्षित कर अप्रतिम और अपराजेय बनाने वाले गुरु ताला सैय्यद इतिहास के रचयिता कहलाते हैं। यही वजह है कि वीरभूमि के ऐतिहासिक कजली मेला में जुटने वाली लाखो की भीड़ एक तरफ रण बांकुरे दोनों वीर योद्धाओं का स्मरण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करती है तो उनके प्रशिक्षक रहे ताला सैय्यद की मजार में हाजिरी दे सामाजिक सद्भाव ओर भाई-चारा कायम रहने की दुआएं करती है। हालांकि देखरेख के अभाव में सदियों पुराना पुरातात्विक महत्व का संरक्षित स्मारक ÷ताला सैय्यद की मजार÷ अब बेहद जीर्ण-शीर्ण हो अपने अस्तित्व के संकट से जूझ रही है। देश-दुनिया मे विख्यात बुंदेली धरती के शूरवीरों आल्हा-ऊदल के प्रशिक्षक व मार्गदर्शक ताला सैय्यद असाधारण व्यक्तित्व के स्वामी थे। वीरभूमि स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्रवक्ता डा0 एल0 सी0 अनुरागी बताते है कि वह मूल रूप से गोरखपुर जिले में ताली गांव के निवासी थे और युद्ध कला में खास निपुण होने के चलते वह वाराणसी नरेश के सैन्य बल का प्रमुख हिस्सा थे। ताला सैय्यद के महोबा आगमन को लेकर कथानक दिलचस्प है। जिसके मुताबिक किसी बात पर वाराणसी नरेश से मनमुटाव होने पर वह जब नोकरी की तलाश में कन्नौज जा रहे थे। तभी बिठूर मेले में उन्हें जानकारी हुई कि माहिल के उकसाने पर राय करिंगा ने महारानी मल्हना के नो-लखा हार को प्राप्त करने के लिए महोबा पर आक्रमण कर दिया है। इस पर ताला सैय्यद ने त्वरित निर्णय ले महोबा की चन्देल सेना के पक्ष से युद्ध लड़ा और अप्रतिम वीरता प्रदर्शित कर राय करिंगा को मार भगाया। जगनिक शोध संस्थान के सचिव डा0 वीरेंद्र निर्झर बताते है कि राय करिंगा से हुए युद्ध मे ताला सैय्यद के शौर्य और पराक्रम ने चन्देल नरेश परमाल को काफी प्रभावित किया। यही वजह रही कि परमाल ने तब उन्हें अपने राज्य में आश्रय दे युवा सैनिकों आल्हा,ऊदल,मलखान,ढेबा आदि को युद्ध कला में पारंगत करने की अहम जिम्मेवारी सोंपी। इतिहास गवाह है कि ताला सैय्यद का।

# सात साल जेल में रहने के बाद निर्दोष साबित हुए संजीत

**फतेहपुर। समृद्धि न्यूज**

> जेल से छूटे संजीत ने कहा, उनका पूरा कैरियर हो गया चौपट

**सदर** कोतवाली क्षेत्र में सात वर्ष पूर्व हुए अपहरण व हत्याकांड के आरोपियों को कोर्ट ने दोषमुक्त किया है। शहर के नासिरपीर मोहल्ला निवासी राज सिंह चौहान (22) के चर्चित अपहरण और हत्याकांड में पुलिस की कार्यशैली को लेकर कोर्ट की तल्ख टिप्पणी के बाद विवेचना पर कई सवाल खड़े हो गए। पीड़ित पक्ष का कहना है कि सात साल तक चली सुनवाई में इंसाफ नहीं मिला। बता दें कि राज सिंह चौहान सिविल कोर्ट के सेवानिवृत्त बाबू लोकनाथ सिंह का पुत्र था। वह घर से 21 सितंबर 2016 की शाम निकला था। उसकी परिजनों से रात को मोबाइल पर बातचीत हुई थी। राज ने परिजनों को बताया था कि वह मोहल्ले के सपा नेता संजीत यादव के साथ नउवाबाग से खाना खाकर घर लौटेगा। इसके बाद राज घर नहीं लौटा। पिता लोकनाथ ने 24 सितंबर को पुत्र की गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस ने लोकनाथ के बयान पर नासिरपीर मोहल्ला निवासी संजीत यादव, सिविल लाइन निवासी रोहित गौतम व अन्य लोगों के खिलाफअपहरण का मुकदमा दर्ज किया। 27 सितंबर को नहर के पास एक युवक का शव मिला। उसकी पहचान राज सिंह चौहान के रूप में परिजनों ने कपड़े, गले की माला, बेल्ट आदि से की थी। पुलिस ने संजीत यादव, सिविल लाइन निवासी डॉली उर्फ प्रिया और संजीत के चाचा रमेश यादव के खिलाफ चार्जशीट लगाई। आरोपी रोहित की नामजदगी गलत पाई। पुलिस ने तर्क रखा कि संजीत और डॉली के बीच प्रेम प्रसंग था। डॉली की छोटी बहन के साथ राज का प्रेम प्रसंग था। इसी खुन्नस में संजीत ने अपने चाचा रमेश और डॉली के साथ साजिश रचकर राज सिंह चौहान की हत्या की थी। आरोपी पक्ष के वरिष्ठ अधिवक्ता आरडी शुक्ला ने बताया कि घटना की रात संजीत यादव को छोड़कर राज किसी के साथ सफेद बोलेरो से चला गया था। इसके बाद संजीत को कुछ पता नहीं है। पुलिस ने तीनों को बेवजह फंसाया था। वरिष्ठ अधिवक्ता ने बताया कि तमाम साक्ष्यों के आधार पर संजीत, डॉली और रमेश को कोर्ट ने दोषमुक्त किया है। कोर्ट में राज और डॉली की बहन से प्रेम की वजह से हत्या साबित नहीं हो सकी। प्रेम प्रसंग की बात वादी पक्ष ने कई दिन बाद पुलिस को बताई। बरामद शव की पहचान वादी व परिजनों ने राज सिंह के रूप में हुलिए से की। गुमशुदगी में काली शर्ट, सफेद पैंट का जिक्र किया। जबकि लाश से सफेद शर्ट, ग्रे पैंट मिला। पंचनामे में शामिल वादी पक्ष के राजनारायण ने शरीर पर पैंट के अलावा कोई कपड़ा नहीं होना बताया था। डॉक्टर ने शव पुराना होने के कारण पहचान असंभव बताई थी। चेहरे से मांसपेशी गायब थी। सिर के बाल नहीं थे। कंधों से हाथ गायब था। एड़ी के जोड़ से पैर गायब था। डॉक्टर ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हाथ से गला दबाकर मारा जाना बताया। इधर, पुलिस ने अंगौछे से गला कसकर मारने का संजीत व रमेश पर आरोप लगाया। हत्या में आलाकत्ल अंगौछे की भी बरामदगी दिखाई। अंगौछा किसका है, यह साफ नहीं कर सके। डॉक्टर ने सहमति जताई कि गला किसी रस्सी, साड़ी, कपड़े से कसने से लिगेचर मार्क आना चाहिए, जो नहीं मिला। पुलिस अंगौछा, घड़ी, मोबाइल किसका है, यह भी स्पष्ट नहीं कर सकी। जेल से छूटे सपा नेता संजीत यादव ने बताया कि आरोप लगने के समय सपा छात्र सभा के जिला महासचिव थे। उनका पूरा करियर सात साल में चौपट हो गया। वह पुलिस को घटना से जुड़े लोगों को बता रहे थे, लेकिन पुलिस ने एक नहीं सुनी। राजनैतिक द्वेष के चलते फंसाकर जेल भेजा था। जेल में गुजारे सात साल की भरपाई के लिए उच्च न्यायालय की शरण लेंगे।

# नुमाइश कमेटी के सदस्य को चुनाव के लिए माना जाए पात्र : उदयभान

**इटावा।** जनपद की ऐतिहासिक 1910 में स्थापित इटावा महोत्सव एवम जनपद प्रदर्शनी, पशु मेला समिति के प्रस्तावित चुनाव के लिए नए सदस्य बनेंगे या लगभग 50 वर्ष पुराने सदस्य में से शेष बचे लगभग 92 सदस्य ही समिति चुनाव में मतदान करेंगे या 2004 में बने सदस्य को भी चुनाव के लिए पात्र माना जायेगा। इटावा महोत्सव एवम जनपद प्रदर्शनी पशु मेला समिति चुनाव पर समिति के अध्यक्ष/जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट करते हुए समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एव 2004 में बने प्रदर्शनी के सदस्य उदय भान सिंह यादव ने कहा कि लगभग 50 वर्ष पूर्व समिति चुनाव के लिए नया सदस्यता अभियान चलाया गया था उस समय बने सदस्यों की उम्र अगर 18 वर्ष की उम्र में सदस्य बने होंगे तब सबसे कम उम्र के सदस्य 68 वर्ष के होंगे तब यह माना जाए की सभी सदस्य वरिष्ठ सदस्य ही है और जब मतदान होता है तब सदस्यों की उम्र अधिक होने के कारण मतदान प्रतिशत भी कम रहता है। एक बार पुनः 2004 में सदस्यता अभियान पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के प्रयास से चलाया गया उसमे 50 रु शुल्क अदा कर सदस्य बनाया गया था। जिसमे मैं स्वयं 06 अक्टूबर 2004 को सदस्य बना। लेकिन आज तक चुनाव में भाग लेने के लिए पात्र नहीं माना गया। जिलाधिकारी से मांग है कि जब इटावा महोत्सव में नई सोच, नई ऊर्जा के साथ बच्चों, छात्र, महिला, युवाओं के लिए कार्यक्रम चलाए जाते है तब नई सोच नई ऊर्जा वाले सदस्य भी बदलते समय के साथ होने चाइए जिससे इटावा महोत्सव को और ख्याति मिल सकती है इसलिए अगर नई सदस्यता नही हो सकती है तब 2004 में बनाए गए सदस्यों को पात्र मानते हुए प्रस्तावित चुनाव कराएं जाए।

# खबरें एक नजर में

## राधा बल्लभ मंदिर पर भजन-कीर्तन कार्यक्रम का आयोजन

**इटावा।** शहर के छैराहा स्थित वृंदावन धाम राधा बल्लभ मंदिर पर हरियाली तीज की खूब धूम रही। मंदिर में भगवान राधा वल्लभ लाल जी महाराज का मनमोहक श्रंगार किया गया वही ठाकुर जी के लिए प्रतीकात्मक झूला भी डाला गया था। महिलाओं द्वारा सावन के गीत गाकर जमकर नृत्य भी किया गया। मंदिर परिसर में जय जय श्री राधे व ठाकुर जी के जयघोष गुंजायमान होते रहे। मंदिर के महंत गोस्वामी प्रकाश चंद महाराज ने सुबह गर्भ ग्रह में विराजमान भगवान राधा वल्लभ लाल महाराज का विशेष पूजन अर्चन कर नई हरी पोशाक धारण कराकर आकर्षक श्रंगार किया। देर शाम महिला मंडल द्वारा भजन कीर्तन कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें सावन के गीतों पर महिलाओं व बच्चों के द्वारा जमकर नृत्य भी किया गया। महिलाओं के द्वारा राधे झूलन पधारो घिर आये बदरा, सावन का महीना झुलावें चितचोर, धीरे झूलो राधे पवन करे शोर आदि कई गीत प्रस्तुत किए गए।।हरियाली तीज के संबंध में महंत गोस्वामी प्रकाश चंद महाराज ने भक्तों को बताया कि सावन अध्यात्म के साथ हरियाली का प्रतीक माना जाता है।

## महिला क्लब ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

**इटावा।** महिला क्लब के सदस्यों ने उल्लास के साथ हरियाली उत्सव पर एक रंगारंग नृत्य, संगीत से सजे सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन शहर के एक होटल में किया। ढोलक की थाप पर सावन गीतों पर थिरकती सोलह श्रृंगार में सजी महिलाओं का उत्साह देखते ही बनता था। महिलाओं के कार्यक्रम ने चार चाँद लगा दिये। इस मौके पर महिलाओं ने एक दूसरे से अपने अनुभव शेयर करके उन्हें कैसे लाभ पहुँचाया इस पर चर्चा की। प्रवीणा पालीवाल ने लोगों को , लाभ बताते हुए कहा कि एक स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का वास होता है, तभी हम प्रसन्न चित्त रहकर औरों को खुश रखने मे मदद कर जीवन के आनंद का अनुभव कर सकते हैं आनंद, मस्ती, नृत्य, संगीत एवं स्वल्पाहार के साथ प्रोग्राम का समापन हुआ क्लब की वरिष्ठ सदस्य प्रभा गाबा ने स्क्रिप्ट के द्वारा क्लब की प्राचीन वर्षों के अनुभव अभिनय प्रस्तुत किए आनंद मस्ती संगीत से भरे हुए गेम्स के साथ स्वल्पाहार का आनंद उठाते हुए कार्यक्रम का समापन हुआ पूर्व कार्यक्रम की मेजबानी प्रभा गावा इंदिरा व त्रिपाठी द्वारा की गई इस अवसर पर वीना रेखा स्नेह पुस्पा सुनीता नीतू शालनी वीना कुसुम मीरा आदि की उपस्थिति सराहनीय रही। गिन्नी अर्शी व शोमिका का विशेष आभार प्रकट किया गया।

## दादी प्रकाशमणि की पुण्यतिथि मनाई

**इटावा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की द्वितीय मुख्य प्रसाशिका दादी प्रकाशमणि जी की 16 वी पुण्यतिथि उनकी त्याग और तपस्या को याद कर मनाई गई। ब्रह्मकुमारीज की शाखा इकदिल की संचालिका बी के अन्नपूर्णा बहन ने परमात्मा की याद से कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने बताया कि दादी ने अपनी त्याग और बलिदान से परमात्मा के प्यार का प्रकाश सभी के जीवन में भर कर सभी के दुख दूर कर देती थी । वह सभी को समानता की नजर से देखती। शिवपिता के यज्ञ की प्यार से सेवाएं करके पूरे विश्व भर में उनके नाम का परचम लहराया। इसी के बाद कुछ बहनों और माताओं ने दादी के प्यार और पालना की सराहना की । इस मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित समाजसेवी डॉ. सुशील सम्राट ने दादी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर व माला पहना कर श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मौजूद बी के निर्मला, बी के राधा, उमलेस, अनुज, आदि ने फूलों से दादी को श्रद्धाजली अर्पित की।

## खौलता शीरा गिरने से मासूम बहनें झुलसीं

**फतेहपुर।** गाजीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम महमदपुर में रविवार की सुबह जलेबी का खौलता शीरा गिरने से दो मासूम बहनें बुरी तरह झुलस गईं। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार महमदपुर गांव निवासी होरीलाल की गांव में ही चाय-समोसा की दुकान है। बताते हैं कि वह आज सुबह जलेबी तल रहा था। तभी अचानक शीरा गिर जाने से एक वर्षीय लक्ष्मी व तीन वर्षीय साक्षी बुरी तरह झुलस गईं। सूचना पाकर मौके पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस से मासूम बहनों को तत्काल उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां लक्ष्मी की हालत नाजुक बनी है। घटना के बाद से मां का रो-रोकर बुरा हाल है।

## ई-रिक्शा पलटने से तीन घायल

**फतेहपुर।** मलवां थाना क्षेत्र के कोराईं बिंदकी रोड पर रविवार की सुबह अनियंत्रित होकर ई-रिक्शा पलट जाने से दो महिलाओं समेत तीन लोग घायल हो गये। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्र के महर्षि स्कूल के समीप स्थित कालोनी निवासी संतोष गिहार की 38 वर्षीय पत्नी ममता, कृपाल की 50 वर्षीय पत्नी केला देवी व श्यामलाल का 50 वर्षीय पुत्र गोरेलाल ई-रिक्शा से जहानाबाद थाना क्षेत्र के नोनारा गांव जा रहे थे। जैसे ही ई-रिक्शा कोराईं के समीप बिंदकी रोड पर पहुंचा तभी अनियंत्रित होकर पलट गया जिससे तीनों बुरी तरह घायल हो गये।

## सड़क हादसे में बाइक सवार घायल

**फतेहपुर।** गाजीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बड़नपुर पुल के समीप चार पहिया वाहन की चपेट में आ जाने से 20 वर्षीय बाइक सवार बुरी तरह घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार राधानगर थाना क्षेत्र के रारा गांव निवासी स्व. नवल किशोर मिश्रा का पुत्र मृदुल कुमार मिश्रा रविवार की सुबह बाइक से गाजीपुर रिश्तेदारी में जा रहा था। जैसे ही वह बड़नपुर पुल के समीप पहुंचा तभी सामने से आ रही चार पहिया ने टक्कर मार दिया। जिससे वह घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने घायल को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

## चार उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने कानून व्यवस्था को और अधिक चुस्त-दुरूस्त रखने के उद्देश्य से चार उपनिरीक्षकों में फेरबदल किया है। बिंदकी कोतवाली के अंतर्गत आने वाली खजुहा चौकी के प्रभारी रहे उपनिरीक्षक धीरेंद्र कुमार पांडेय को सुल्तानपुर घोष के अंतर्गत आने वाली अस्थाई अफोई चौकी का प्रभारी बनाया है। अस्थाई अफोई चौकी के प्रभारी रहे उपनिरीक्षक जय प्रकाश सिंह को चौडगरा चौकी का नया प्रभारी बनाया। मलवां थाने में उपनिरीक्षक रहे उमेश यादव को बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली सरकंडी चौकी का प्रभारी व पुलिस लाइन में रहे उपनिरीक्षक भारत सिंह को खजुहा चौकी का नया प्रभारी बनाया।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में आयोजित हुई पराविधिक स्वयं सेवकों की बैठक

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

**अपर** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पूर्णकालिक सचिव लवली जायसवाल ने पराविधिक स्वयं सेवकों के साथ प्राधिकरण कार्यालय में बैठक की। वहीं तहसील तिर्वा में महिला सशक्तिकरण तथा महिलाओं की सुरक्षा निःशुल्क कानूनी सहायता के सम्बन्ध में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में तहसीलदार तिर्वा नवनीता रॉय मौजूद रहीं।

बैठक में प्राधिकरण की सचिव लवली जायसवाल ने पराविधिक स्वयं सेवकों के कार्यों की समीक्षा की तथा कार्य दौरान आ रही समस्याओं को जाना तथा उनके समाधान हेतु आश्वत किया।। बताया कि सभी पराविधिक स्वयं सेवक

- प्राधिकरण की सचिव लवली जायसवाल ने दिए आवश्यक दिशा निर्देश

अपने अपने कार्यक्षेत्र में विधिक सहायता एवं आगामी 09 सितम्बर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के व्यापक प्रचार प्रसार एवं विधिक साक्षरता शिविर जागरूकता हेतु निर्देशित किया। बैठक में उपस्थित पराविधिक स्वयं सेवक सीमा बानों जो गुरसहायगंज थाना में कार्यरत है द्वारा बताया गया कि एक अनामिका चतुर्वेदी नाम की लड़की जिसका मूल निवास ग्राम जयन्तपुरा थाना कम्पिल जिला फर्रुखाबाद है गुरसहायगंज थाने में मिली थी लडकी (अनामिका चतुर्वेदी) ने चेतन चतुर्वेदी पुत्र कृष्ण कुमार चतुर्वेदी निवास ग्राम जयन्तपुरा थाना कम्पिल जिला फर्रुखाबाद से प्रेम प्रसंग से चलते




04 अप्रैल 2023 को गाजियाबाद कोर्ट में कोर्ट मैरिज की। कुछ दिन सब कुछ ठीक रहा परन्तु चेतन चतुर्वेदी द्वारा लडकी अनामिका चतुर्वेदी को अपने रिश्तेदार पिंकी मिश्रा पत्नी स्व0 धमेन्द्र मिश्रा थाना गुरसहायगंज जनपद कन्नौज ले आया फिर लडकी को अपने रिश्तेदार के ही घर पर छोड़कर चला गया कुछ दिन लड़के रिश्तेदार ने भी लड़की को घर से बाहर निकाल दिया तद्उपरान्त लडकी थाना गुरसहायगंज पहुंची तो सम्बन्धित एस0एच0ओ0 द्वारा लडकी की कोई मदद नहीं की गयी तथा लड़की के रहने का कोई ठिकाना नहीं था जिसका कारण सीमा बानो पराविधिक स्वयं सेवक द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव के समक्ष प्रस्तुत किया गया जिस पर सचिव लवली जासयवाल द्वारा संज्ञान लेते हुये तत्काल जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देशित किया गया, कि लड़की अनामिका चतुर्वेदी की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुये जब तक उसके किसी परिवारजनो का पता नहीं चलता तब तक उसको अस्थायी रूप से वन स्टाप सेन्टर में निवास कराया जाये। लडकी को वन स्टाप सेन्टर में निवास कराये जाने के दौरान जिला जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यरत पैनल अधिवक्ता एवं पराविधिक स्वयं सेवक सौरभ शुक्ला के सहयोग से वन स्टाप सेन्टर के प्रबन्धक द्वारा लड़के के माता पिता तथा लडकी के माता पिता को नोटिस जारी की गयी है जिससे उन्हें बुला करके आपसी सुलह समझौता वार्ता करा कराके प्रकरण का निस्तारण कराया जा सके। वहीं तहसीलदार तिर्वा नवनीता रॉय द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरुक करते हुए बताया गया कि महिलाये माता बहने परिवार की अग्रणी सदस्य है उनके बैगर परिवार अधूरा है उनका सम्मान करना अनिवार्य है। महिलाओं के कानूनी अधिकार के प्रति महिला को ही सजग रहना होगा।

उन्होंने महिलाओं के कानूनी अधिकार जैसे कामकाजी महिलाओं का मातृत्व संबंधी अधिकार कार्यस्थल पर छेड़छाड़ यौन उत्पीड़न से सरक्षण का अधिकार पुरुषों के समान पारिश्रमिक का अधिकार पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी एवं घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम 2005 की चर्चा करते हुये बताया कि भारतीय कानून के मुताबिक अगर किसी महिला के खिलाफ दफ्तर में या कार्यस्थल पर शारीरिक उत्पीड़न या यौन उत्पीड़न होता है तो उसे शिकायत दर्ज कराने का अधिकार है।

## हर हर महादेव के नारे लगाकर कावडिया रवाना

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** हिंदू धर्म की मान्यता के अनुसार श्रावण का महीना सबसे श्रेष्ठ माना गया है। इस महीने में भोले के भक्त कावड़ लेकर कई किलोमीटर पैदल यात्रा करते हुए भगवान शंकर का जलाभिषेक करते हैं। रविवार को सुबह लगभग 08 बजे ग्राम नदसिया स्थित बाबा नागेश्वर धाम पर भारी संख्या में कावड़िया एकत्रित हुए और हर हर महादेव के जयकारे लगाकर मन्दिर का वातावरण भक्तिमय कर दिया। इसके बाद कावडिया सुरक्षा व्यवस्था के बीच गुरसहायगंज पहुंचे। जहां पर कावड़ियों का सत्येंद्र दुबे, लकी चतुर्वेदी, अंकित, कन्हैया, सोम, आदित्य व मनोज दुबे ने स्वागत सत्कार किया। जिसके बाद वह सभी जलेसर घाट के लिए रवाना हुए। मंदिर के मुख्य पुजारी प्रभात द्विवेदी ने बताया कि हर साल कावडिया भोलेनाथ पर जल चढ़ाने के लिए जाते हैं। इस दौरान शरद द्विवेदी, रुपेश द्विवेदी, धर्मेंद्र, अनंत, विनय चौबे, अंकित, सचिन, अभिषेक, अश्वनी आदि मौजूद रहे।

# पूर्व पीएम स्व. राजीव गांधी के उल्लेखनीय कार्यों को भुलाया नहीं जा सकता: विवेक नारायण मिश्र

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

**भारत** रत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयन्ती के अवसर पर शहर के मोहल्ला अजयपाल स्थित जवाहर कक्ष में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व जोनल प्रवक्ता विवेक नारायण मिश्रा की अगुवाई में कांग्रेसियों ने स्व. राजीव गांधी के चित्र पर माल्यापर्ण एवं पुष्प अर्पित कर, भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती पर रविवार को शहर के मोहल्ला अजयपाल स्थित जवाहर कक्ष में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के जोनल प्रवक्ता विवेक नारायण मिश्रा की अगुवाई में कांग्रेसी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने स्व. राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कांग्रेसी नेताओं ने स्व. गांधी द्वारा कन्नौज कराए गए विकास कार्यों को याद किया। इस मौके पर सम्बोधित करते हुए पूर्व जोनल प्रवक्ता विवेक


पूर्व पीएम स्व. राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते कांग्रेसीजन

नारायण मिश्र ने कहा कि आज स्व. राजीव गांधी के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। देश में दूर संचार क्रांति लाने का श्रेय पूर्व पीएम स्व. राजीव गांधी को जाता है। उन्होने कहा कि आज डिजिटल इंडिया की जो चर्चा है, उसकी परिकल्पना भी राजीव गांधी ने ही की थी। कहा कि उनकी पहल पर अगस्त 1984 में भारतीय दूरसंचार नेटवर्क की स्थापना के लिए सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमेटिक्स की स्थापना हुई। आज पूरी दुनिया उनके कामों को याद करती है। श्री मिश्र ने बताया कि राजीव गांधी ने ऐसे समझौते किए जो असम, पंजाब, मिजोरम जैसे अशांत राज्यों में शांति और विकास को वापस लाए। राजीव गांधी ने यह सुनिश्चित किया कि 18 साल के बच्चों को वोट देने का अधिकार मिले। श्री मिश्र ने कहा कि राजीव गाँधी द्वारा अपने पाँच वर्ष के संक्षिप्त कार्यकाल में कन्नौज के विकास में उनका योगदान वर्तमान मे विकास का मील का पत्थर है। श्री मिश्र ने कहा कि कन्नौज में एफएफडीसी की स्थापना, मेंहदीघाट पुल निर्माण, यूपीटी की स्थापना, लाख बहोसी पक्षी विहार को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना, टेलीफोन एक्सेंज को ऑटोमेटिक कराना, शहर में विनोद चिकित्सालय की स्थापना, सिकंदरपुर मे बिजली सब स्टेशन से लेकर छिवरामउ बस डिपो, तालग्राम में राजकीय बीज भंडारण केन्द्र की स्थापना आदि प्रमुख कार्य आज भी उन् कुशल व दूरदर्शी नेतृत्व की वजह से कन्नौज को यह उपलब्धियाँ प्राप्त हुई। श्री मिश्र ने कहा की कन्नौज में राजीव गांधी की सरकार में जो अभूतपूर्व विकास कार्य हुये वह आज भी अपने आप मे एक मिसाल है, जो जिले को पहचान दिलाने में अमिट आयाम स्थापित किया है। इस अवसर पर महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रीना सिंह, कांग्रेस सेवादल जिला अध्यक्ष रोहित त्रिवेदी, निजामुद्दीन खां, मेवाराम वर्मा, जगदीश कश्यप, मुकेश कुमार आदि प्रमुख रुप से मौजूद रहे।

# डीएम द्वारा गठित टीमों ने मौके पर पहुंचकर कराया शिकायतों का निस्तारण

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

**सम्पूर्ण** समाधान दिवस में जमीनी विवाद, अवैध कब्जा एवं अन्य प्रकरणों से सम्बन्धित प्राप्त शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराए जाने हेतु डीएम शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने एक विशेष पहल की है। डीएम ने शिकायतों का गुणवत्तापूर्व एवं समयबद्ध निस्तारण कराए जाने के लिए पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त 38 टीमों का गठन किया है। डीएम के निर्देशन में उक्त टीमें शिकायत के आधार पर मौके पर पहुंचकर शिकायतों के निस्तारण की कार्यवाही कर रही हैं।

जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में राजस्व व पुलिस की संयुक्त 38 टीमों ने मौके पर जाकर 38 शिकायतों का निस्तारण कराया। गौरतलब है कि विगत 19 अगस्त शनिवार को जिले की तीनों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ था। इस दौरान जिलाधिकारी ने गठित की गई टीमों को मौके पर जाकर शिकायतों का निस्तारण कराए जाने के निर्देश दिए थे। इसी के तहत गठित की गई राजस्व व पुलिस की टीमों ने मौके पर पहुंचकर तहसील छिबरामऊ मे 20 प्रकरणों का निस्तारण कराया। इसी प्रकार तहसील सदर के अन्तर्गत 10 टीमों द्वारा मौके पर जाकर 10 प्रकरणों तथा तहसील तिर्वा के अन्तर्गत 08 टीमों द्वारा मौके पर जाकर प्राप्त 08 प्रकरणों का निस्तारण कराया गया।

# गाजर घास पर्यावरण एवं फसल उत्पादन व मानव स्वास्थ्य में बाधक: डा. अरविंद

- कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों व आमजनता को किया जागरुक




**जलालाबाद। समृद्धि न्यूज**

**कृषि** विज्ञान केंद्र अनौगी द्वारा 16 से 22 अगस्त तक चलाए जाने वाले गाजर घास जागरूकता अभियान के तहत कृषि विज्ञान केंद्र परिसर के आस-पास गाजर घास के नियंत्रण के लिए अभियान चलाया गए। गाजर घास (पार्थेनियम हिस्टेरोफोरस) जिसे आमतौर पर सफेद टोपी, असाड़ी, गजरी, चटक चांदनी आदि नाम से जाना जाता है। यह विदेशी आक्रामक खरपतवार है।

जागरुकता कार्यक्रम के दौरान कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डा. अरविन्द, डा पूनम सिंह, डा. सुशील कुमार, डॉ अमर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि गाजर घास भारत में पहली बार 1950 के दशक में दृष्टिगोचर होने के बाद यह विदेशी खरपतवार रेलवे ट्रैक, सड़कों के किनारे, बंजर भूमि, उद्यान आदि सहित लगभग 35 मिलियन हेक्टेयर फसलीय और गैर फसलीय क्षेत्रफल को प्रभावित कर रहा है। यह एक वर्षीय शाकीय पौधा है, जिसकी लंबाई 1.5 से 2.0 मीटर तक होती है। यह मुख्यतः बीजों से फैलता है। यह एक विपुल बीज उत्पादक है इसमें लगभग 5000 से 25000 बीज प्रति पौधा पैदा करने की क्षमता होती है। बीज अपने कम वजन के कारण हवा, पानी और मानवीय गतिविधियों द्वारा आसानी से एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंच जाते हैं। गाजर घास को अधिक खतरनाक खरपतवारों में गिना जाता है क्योंकि यह मनुष्यों और पशुओं में त्वचा रोग (डर्मेटाइटिस) अस्थमा और ब्रोंकाइटिस जैसी स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बनता है। इसके सेवन से पशुओं में अत्यधिक लार और दस्त के साथ मुँह में छाले हो जाते हैं। स्वादहीन होने के कारण इसका उपयोग पशुओं के चारे के रूप में नहीं किया जा सकता है। घास के मैदानों चारागाहों और वन क्षेत्रों में इसके फैलने से चारे की उपलब्धता धीरे-धीरे कम होती जा रही है।

### नियंत्रण के उपाय

चूंकि गाजर घास किसी व्यक्ति विशेष की ही समस्या नहीं है, इसलिए इसे नियंत्रित करने के लिए किसानों नगर पालिकाओं, कॉलोनीवासियों गैर सरकारी संस्थानों, स्कूली बच्चों आदि सहित समाज के सभी वर्गों के द्वारा सामुदायिक पहल की आवश्यकता है, ताकि वह अपने आसपास को गाजर घास से मुक्त रख सके। गाजर घास की दुष्प्रभाव एवं प्रबंधन के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए बैठक, प्रशिक्षण, प्रदर्शन आदि आयोजित करें। फूल आने से पहले इस खरपतवार को उखाड़कर कंपोस्ट या वर्मी कंपोस्ट बना लें। गाजर घास को विस्थापित करने के लिए चकोड़ा, गेंदा जैसे स्वस्थाई प्रतिस्पर्धी पौधों की प्रजातियों के बीच का छिड़काव करें। अकृषित क्षेत्र में संपूर्ण वनस्पति नियंत्रण के लिए ग्लाइफोसेट 1.0 से 1.5ः जैसे शाकनाशी का छिड़काव करें और मिश्रित वनस्पति में पार्थेनियम के नियंत्रण हेतु मेट्रीब्यूजिन (0.3 से 0.5ः) या 2 4 डी (1.0 से 1.5ः) का छिड़काव उस में फूल आने से पहले करें, ताकि घास कुल के पौधों को बचाया जा सके। फसलों में शाकनाशी के प्रयोग से पहले खरपतवार वैज्ञानिक से परामर्श अवश्य कर लेना चाहिए। जुलाई-अगस्त के दौरान गाजर घास संक्रमित क्षेत्रों में जैविक कीट जागोग्रामा बाइकोलोराटा को छोड़ें।

# लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा के साईबर योद्धाओं ने कसी कमर




**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** भाजपा जिला पाटी कार्यालय पर आईटी एवं सोशल मीडिया विभाग की एक अहम बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिला संयोजक आईटी विभाग अभिषेक पाण्डेय ने कार्यकर्ताओं से कहा कि लोकसभा चुनाव नजदीक है। जिन कार्यकर्ताओं को जो जिम्मेदारी दी गई है। वे पूरी निष्ठा के साथ जिम्मेदारी का निर्वहन करें।

जिला संयोजक आईटी विभाग अभिषेक पाण्डेय ने टीम को सम्बोधित करते हुए कहा की आईटी सेल का हर एक कार्यकर्ता भाजपा के लिए बहुमूल्य है। हर साईबर योद्धा को अपनी जिम्मेदारी का निर्वाहन करना अति आवश्यक है। पूरी ऊर्जा के साथ तैयार हो जाएं। वहीं बैठक में क्षेत्रीय सह संयोजक सोशल मीडिया हर्ष दुबे ने कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ है। हम सभी एक जुट होकर पदाधिकारियों के निर्देशों का पालन करते हुए पार्टी के हित में कार्य करें। बैठक में क्षेत्रीय सदस्य सौरभ कमल, लोकसभा संयोजक आईटी सेल श्याम दुबे, हिमांशु सक्सेना, ध्रुव गुप्ता, शिवम मिश्रा, पवन बाजपेई, देवेंद्र राजपूत समेत तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गंगा का जलस्तर बढ़ने से कई गांव में घुसा पानी

- जिला प्रशासन ने बाढ़ चौकियों, राजस्व टीम और गोताखोरों को किया अलर्ट
- कासिमपुर और बक्शीपुरवा गांव में घुसा पानी, ग्रामीण परिवार सहित राहत कैम्प में पहुंचे

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

**नरौना** बांध से छोड़े गए पानी से लगातार बढ़ रहे गंगा के जलस्तर से गंगा के तटवर्ती गांवों के ग्रामीणों में हड़कम्प मचा हैं। गंगा किनारे बसे गांवों में पानी घुस गया है। बाढ़ के पानी से कन्नौज जिले की सीमा में स्थित कासिमपुर और बक्शीपुरवा गांव में पानी भर गया है। हांलाकि प्रशासन ने दोनों गांवों को खाली करा लिया है। वहीं बाढ़ चौकियां, राजस्व टीम और गोताखोर को अलर्ट पर





रखा गया है।गंगा के जलस्तर को बढ़ते हुए देखकर जिला प्रशासन बेहद चौकन्ना है। गंगा किनारे बसे बाढ़ ग्रस्त गांव कासिमपुर के ग्रामीणों को बक्शीपुरवा में बने राहत कैंप में पहुंचाया गया है। वहीं ग्राम बक्शीपुरवा के निचले क्षेत्र में भी गंगा का पानी घुस जाने से यहां के ग्रामीणो ने घरों से निकल कर सड़क किनारे डेरा डाल लिया है। इसके अलावा जनपद हरदोई की सीमा से लगे कई गांव के ग्रामीण सुरक्षित ठिकाने की तलाश में वहां से हटकर सड़क किनारे पहुंच गए हैं। ग्रामीण परिवार के सभी सदस्यों के साथ गृहस्थी का जरूरी सामान और मवेशी भी अपने साथ ले आए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक जलस्तर में कमी नहीं आ जाती है, वह वापस नहीं जा सकते हैं। हांलाकि जिला प्रशासन बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र का दौरा कर राहत सामग्री वितरित करने में लगे हैं। जहां राहत सामग्री नही पहुंची है वहा के ग्रामीणों ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। बता दे कि नरौरा बांध से पानी छोड़े जाने के बाद गंगा का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। गंगा का जलस्तर चेतावनी बिंदु से पार हो चुका है।

# 27 को होगा एडीजी कार्यालय का घेराव: शमीम सिद्दीकी

- किसान पंचायत में तमाम लोगों ने ली संगठन की सदस्यता

**गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**किसानों** का उत्पीड़न किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सड़क से लेकर संसद तक किसानों के हक व सम्मान की लड़ाई लड़ी जाएगी। उत्पीड़न को रोकने के लिए किसान एकजुट हो और संगठन में शामिल होकर मजबूत करें। धरना प्रदर्शन के माध्यम से किसानों की आवाज उठाने का कार्य किया जा रहा है। यह बात रविवार को ग्राम चियासर स्थित च्यवन ऋषि आश्रम पर भारतीय किसान यूनियन टिकैत ग्रुप के जिलाध्यक्ष मोहम्मद शमीम सिद्दीकी ने कही। जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में किसान पंचायत का आयोजन किया गया। जिसमें किसानों के हित के लिए तमाम जानकारियां दी गई। जिलाध्यक्ष ने


किसान पंचायत को संबोधित करते जिलाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी


किसान पंचायत में मौजूद किसान समृद्धि न्यूज

बताया कि संगठन किसानों के हक व सम्मान के लिए निरंतर संघर्ष कर रहा है। हमारे किसान भाई संगठन से जुड़कर अपने ऊपर हो रहे उत्पीड़न व शोषण को रोकने का कार्य करें। संगठन की मजबूती व विस्तार से ही किसानों का हित संभव है बिजली, पानी, सड़क, खाद, बीज, दवा आदि समस्याओं को लेकर किसान लगातार धरना प्रदर्शन व ज्ञापन के माध्यम से किसानों की आवाज को जनपद से लेकर प्रदेश और देश स्तर पर उठाने का कार्य कर रहा है। संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत के द्वारा लगातार किसानों के लिए संघर्ष किया जा रहा है। यह संगठन की ही ताकत है कि 13 माह तक चले धरना प्रदर्शन के बाद किसान संशोधन बिल को आखिरकार सरकार को वापस लेना पड़ा। जो किसानों के हित में एक बड़ा कदम है। उन्होंने किसानों से संगठन में जुड़कर खुद को मजबूत करने की बात कही इस दौरान इरशाद अली, महेंद्र यादव, जीतू यादव, बबलू तिवारी, धर्मेंद्र राजपूत उर्फ बबलू ठाकुर, जितेंद्र गिहार सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# दो शातिर लुटेरे को पुलिस ने किया गिरफ्तार

- थाना तालग्राम पुलिस ने घेराबन्दी कर बदमाशों को पकड़ा, लूटा गया मोबाइल और एक पल्सर बाइक हुई बरामद

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

**पुलिस** अधीक्षक अमित कुमार आनन्द के निर्देशन में जिले में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना तालग्राम पुलिस ने मोबाइल लूट कर भाग रहे दो लुटेरों को घेराबन्दी कर गिरफ्तार कर लिया। लुटेरों के पास से एक मोबाइल और एक पल्सर बाइक बरामद हुई है। पुलिस ने उक्त लुटेरों के खिलाफ विधिक कार्यवाही की है। जानकारी के अनुसार बीती 19 अगस्त की देर शाम लगभग 9 बजे थाना तालग्राम क्षेत्र के ग्राम ताहपुर निवासी श्यामू पटेल व रामकुमार का मोबाइल बाइक सवार लुटेरे छीन कर भाग गये थे, स्थानीय लोगों ने तत्काल घटना की सूचना तालग्राम पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी देवेश कुमार व उप निरीक्षक मुकेश राना, हेड कान्सटेबल अमरनाथ कान्सटेबल अनूप कुमार व बृजेन्द्र कुमार मौके पर पहुंचे। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए बदमाशों की घेराबन्दी कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। तलाशी दौरान पुलिस टीम ने उक्त लुटेरों के पास से लूटा गया मोबाइल व एक पल्सर बाइक



बरामद कर ली। पूछताछ के दौरान पकड़े गए बदमाशों ने अपना नाम अनूप उर्फ अऊआ पुत्र रामविलास व भगत सिंह पुत्र चरन सिंह निवासीगण जगतापुर थाना इन्दरगढ़ बताया। पुलिस ने दोनो बदमाशों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की है।

## होटल पर खाना खाने गए युवक से की मारपीट

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** होटल पर खाना खाने के बाद पैसे ना देने पर होटल स्टाफ ने युवक को लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला किदवई नगर निवासी शिबू पुत्र सुक्खा हलवाई ने कोतवाली पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि नगर के एक होटल में वह खाना खाने गया था। खाने के बाद पैसा ना होने पर उसे कमरे में बंद कर लाठी डंडों व बेल्टों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# हिन्दू महासभा ने तड़प रहे बछड़े का किया उपचार



घायल बछड़े का उपचार करते हिन्दू महासभा के पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** हिन्दू महासभा गौरक्षा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सचिन शर्मा ने अपने साथियों के साथ तड़प रहे बच्छड़े का उपचार किया। पिछले दो दिनों से फतेहगढ़ मुख्य मार्ग भीमसेन मार्केट के निकट सड़क पर पड़े बच्छड़े को तड़पता देखकर हिन्दू महासभा के युवा प्रदेश अध्यक्ष विमलेश मिश्रा ने अपनी टीम के सचिन शर्मा को फोन किया और अपने साथियों के साथ पहुंचकर बच्छड़े का उपचार किया। दो दिनों से नगर पालिका की उदासीनता का शिकार बना गाय का बच्छड़ा सड़क पर ही तड़पता रहा। कई फोन करने के बाद भी जिम्मेदारों ने सुधि नहीं ली।

# उद्योग व्यापार मंडल के सर्वेश चंद्र अग्रवाल बने जिला चेयरमैन



मनोनयन पत्र सौंपते जिलाध्यक्ष संजीव मिश्रा बॉबी

- नव नियुक्त चेयरमैन ने व्यापारियों के हित में कार्य करने की कही बात, पदाधिकारियों ने दीं शुभकामनाएं

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उद्योग व्यापार मंडल की जिला इकाई की एक मुख्य पदाधिकारियों की बैठक फतेहगढ़ स्थिति सर्वेश चंद्र अग्रवाल के निवास पर संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से संगठन के जिला अध्यक्ष संजीव मिश्रा उर्फ बॉबी, जिला सह महामंत्री प्रमोद कुमार गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष राजू गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी मुकेश गुप्ता, जिला संगठन मंत्री जीतेंद्र अग्रवाल के अलावा व्यापारी सुभाष बंसल, नरेंद्र अग्रवाल तथा प्रमुख दंत चिकित्सक डॉ0 मुकुंद अग्रवाल शामिल हुए। जिला मीडिया प्रभारी मुकेश गुप्ता ने बताया कि सर्वेश चंद्र अग्रवाल को जिला अध्यक्ष ने संगठन का जिला चेयरमैन मनोनीत किया है। जिला अध्यक्ष ने अपने संबोधन में व्यापारी एकता की बात कही। सह जिला महामंत्री ने कहा कि व्यापारियों का किसी प्रकार का भी उत्पीड़न किसी भी दशा में नहीं होने दिया जावेगा। नव मनोनीत चेयरमैन प्रमुख व्यवसाई सर्वेश चंद्र अग्रवाल ने व्यापारियों की समस्याओं को दूर करने का हमेशा भरसक प्रयत्न करने का उन्होंने वादा किया।

# ग्राम पंचायत राज सफाई कर्मचारी संघ की कायमगंज शमशाबाद व कमालगंज ब्लॉक की कार्यकारिणी घोषित



नव नियुक्त कार्यकारिणी के पदाधिकारी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत राज सफाई कर्मचारी संघ की बैठक एक गेस्ट हाउस में सम्पन्न हुई। जिसमें सर्व सम्मति से विकास खण्ड कायमगंज से दीपक कुमार को ब्लॉक अध्यक्ष व आशीष कुमार को ब्लॉक महामंत्री, राजेश कुमार को कोषाध्यक्ष, ज्ञान चंद्र को ब्लॉक संगठन मंत्री, गौतम सिंह को ब्लॉक मीडिया प्रभारी, राजकुमार यादव को ब्लॉक कार्यवाहक अध्यक्ष, राजन बाथम को उपाध्यक्ष, राजेशं कुमार को ब्लॉक प्रचार मंत्री बनाया गया है।

विकास खण्ड शमशाबाद से आजीत यादव को ब्लॉक अध्यक्ष, प्रमोद कुमार को ब्लॉक महामंत्री, श्याम सिंह को ब्लॉक उपाध्यक्ष, मनोज कुमार को उपाध्यक्ष, मुकेश बाबू को प्रचार मंत्री, राधा रमण को ब्लॉक कोषाध्यक्ष, राजेश कुमार को संगठन मंत्री, रघुवीर को मीडिया प्रभारी, मिट्ठू लाल को कार्यवाहक ब्लॉक अध्यक्ष बनाया गया है। विकास खण्ड कमालगंज से ब्रजेश कुमार को ब्लॉक अध्यक्ष, जय शंकर को ब्लॉक महा मंत्री बनाया गया है। विकास खण्ड बढ़पुर से कौशल कटियार को ब्लॉक अध्यक्ष बनाया है। बैठक की अध्यक्षता दानवीर सिंह ने की। निर्वाचित सभी पदाधिकारियों से उम्मीद ही नहीं, बल्कि पूर्ण विश्वास है है कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है। उसका पूरी कर्तव्यनिष्ठा व ईमानदारी से पालन करेंगे।

# सामान्य ज्ञान परीक्षा में 5014 छात्रों ने लिया भाग



सामान्य प्रतियोगिता में भाग लेते परीक्षार्थी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विश्वनाथ सामाजिक सेवा संस्थान द्वारा संचालित एशियन कंप्यूटर इंस्टीट्यूट द्वारा पांच केंद्रों पर सामान्य ज्ञान परीक्षा में कुल 5014 छात्रों ने भाग लिया। फर्रुखाबाद में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज श्याम नगर केंद्र पर सीनियर वर्ग में 1284 व जूनियर वर्ग में 943, कमालगंज में मौलाना आजाद इंटर कॉलेज केंद्र पर सीनियर वर्ग में 363 व जूनियर वर्ग में 319, राजपुर में एसआरएस पब्लिक इण्टर कॉलेज में सीनियर वर्ग में 386 व जूनियर वर्ग में 343, शाहजहांपुर भरगंवा में अवंतीबाई इंटर कॉलेज केंद्र पर सीनियर वर्ग में 354 में जूनियर वर्ग में 296, नवाबगंज में जेएस इंटर कॉलेज में सीनियर वर्ग में 417 व जूनियर वर्ग में 309 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। परीक्षा दो वर्गों में आयोजित हुई। जूनियर वर्ग कक्षा 6 से 9 प्रातः 9 से 10.00 बजे तक तथा सीनियर वर्ग कक्षा 10 से परास्नातक तक प्रातः 11.00 से 12.00 तक। छात्रों ने छात्रवृत्ति व पुरस्कार पाने के लिए दिमागी कसरत की। परीक्षा में समसामयिक, राजनीति, खेलकूद, तार्किक योग्यता, भूगोल इतिहास, गणित आदि के प्रश्नों को शामिल किया गया। संस्था के निदेशक सुरेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि यह प्रतियोगिता 20 वर्षों से निरंतर आयोजित हो रही है। इसके माध्यम से जहां एक ओर छात्र वर्तमान समय के अनुसार सूचना प्रौद्योगिकी से जुड़ते हैं, वहीं दूसरी ओर संस्थान द्वारा छात्रों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित भी किया जाता है। सामान्य ज्ञान परीक्षा का परिणाम सीनियर वर्ग 25 व 26 अगस्त 2023 एवं जूनियर वर्ग 26 अगस्त 2023 को एशियन कंप्यूटर इंस्टीट्यूट की शाखाओं पर घोषित होगा। प्रबंध निदेशक आकांक्षा सक्सेना ने बताया कि प्रतियोगिता के माध्यम से प्रवेश लेने वाले प्रथम 10 छात्रों को कंप्यूटर सेट प्रदान किया जायेगा एवं 50 प्रतिशत व उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। परीक्षा में शिल्पी सक्सेना, सोनम, सुपर्णा, रक्षपाल, रियाज, जितेन्द्र यादव, शहाना बानों, प्रमोद कुमार, नवीन मिश्र, नरेन्द्र पाण्डेय, शालिनी तिवारी, अभय, यशिका, सुमित, पंकज पांडेय, अशोक शुक्ला, डॉ0 समरेंद्र शुक्ला, अनुराग पाण्डेय, रवींद्र भदौरिया, पलक पाण्डेय, पवन गुप्ता, पूनम पाण्डेय ने सहयोग किया।

# सपा सैनिक प्रकोष्ठ के पवन बाथम मीडिया प्रभारी, राजेश बने सचिव



नव नियुक्त पदाधिकारी व मौजूद जिलाध्यक्ष के.के. यादव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रविवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय आवास विकास में सामजवादी सैनिक प्रकोष्ठ के नए पूर्व सैनिकों को सदस्यता दिलाई गयी। साथ ही कई पदाधिकारी मनोनित किए गए और उनका सैनिक प्रकोष्ठ कैप पहनाकर एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष के0के0 यादव ने जिला मीडिया प्रभारी पवन बाथम (जिला सेनिक प्रकोष्ठ), जिला सचिव सैनिक प्रकोष्ठ राजेश कुमार को मनोनीत किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रदेश सदस्य सैनिक प्रकोष्ठ बेंचेलाल यादव, जिला अध्यक्ष के0के0 यादव, जिला महा सचिव अमित कुमार, जिला उपाध्यक्ष सुशील कुमार, जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह, सभासद नरेंद्र यादव, युवा नेता नवनीत यादव, निर्दोष यादव आदि सपा नेता मौजूद रहे।

# बम-बम भोले के उद्घोष के साथ निकाली गई कांवर यात्रा



कांवर यात्रा में भाग लेते भक्तगण व महिलायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जय भोले बाबा कमेटी की तरफसे रविवार को सातवीं फैमिली कावड़ यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा में कमेटी उपाध्यक्ष शिवगोपाल वर्मा के आयोजन में कावड़ यात्रा सुबह पांचाल घाट पहुंची। जहां भक्तों ने गंगा स्नान कर कांवड़ में जल भरा और हर हर गंगे, बम-बम भोले के जयकारों के साथ कावड़ यात्रा का शुभारंभ किया गया। कावड़ यात्रा में जहां पुरुषों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, वहीं माताओं-बहनों ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया। कावड़ यात्रा पांचाल घाट गंगा तट से शहर में कादरी गेट, नालामछरट्टा, चौक, तिकोना चौकी, मऊदरवाजा होते हुए रोशनाबाद हजियापुर, फैजाबाद, कायमगंज होते हुए कावड़ यात्रा प्रसिद्ध मंदिर कंपिल के रामेश्वर नाथ मैं पहुंचकर सभी माताओं-बहनों और पुरुषों ने बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। वही कावड़ यात्रा के साथ जगह-जगह प्रसाद वितरण और भंडारे का आयोजन भी किया गया। जलाभिषेक के बाद रामेश्वर नाथ मंदिर कंपिल में भव्य भंडारे का भी आयोजन किया गया।इस मौके पर कमेटी अध्यक्ष प्रमोद त्रिवेदी भोले उपाध्यक्ष, शिव गोपाल वर्मा, सुभाष वर्मा, रिंकू त्रिवेदी, प्रिंस पांडे, राजा द्विवेदी, ममता वर्मा, विनीता वर्मा, लक्ष्मी द्विवेदी, दीपमाला वर्मा, काजल, रिमझिम, दिव्यांशी, नंदनी, सुभाष वर्मा, प्रभात वर्मा, मुकेश वर्मा, आशीष वर्मा, वैष्णो रानी, राधिका, चुन्नू चमचम, अनु मलिक, आर्यन, माही, जया त्रिवेदी, अनुष्य त्रिवेदी, आर्यन दुबे, पिंकी दुबे, आदि लोग मौजूद रहे।

## युवा समाजसेवी राहुल ने बाढ़ पीड़ितों को वितरित कराई दवाएं

**फर्रुखाबाद (सं.)। सेवा** पांचाल नगरी के संस्थापक राहुल वर्मा ने काशीराम कालोनी हैवतपुर गढ़िया के पीड़ितों को दवाइयां वितरित करवायीं। बाढ़ के बाद हैवतपुर गढ़िया कालोनी के लोग बीमार होने लगे। उनकी हालत खराब होने पर राहुल वर्मा ने अपनी टीम के सदस्यों के साथ जिला प्रशासन के सहयोग से सीएचसी बरौन पहुंचकर राहत टीम लेकर डाक्टर निर्दोष कुमार व डाक्टर अप्सरा व रहीश के साथ बीमारों को दवाइयां वितरित करायीं। बताते चलें कि पिछले एक माह से काशीराम कालोनी में पानी भरा हुआ है।

# ग्राम पंचायत राज सफाईकर्मी संघ का हुआ गठन

- प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुमार भारती ने संघ के नवीन पदाधिकारियों को दिलाई शपथ



ग्रामीण पंचायतीराज सफाईकर्मी के नवीन पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** ब्लाक बढ़पुर के ग्राम पंचायत राज सफाई कर्मचारी संघ की आपात बैठक हुई। प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुमार भारती की उपस्थिति में सफाई कर्मचारी संघ के नव नियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण हुआ और उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। संघ राज्य कर्मचारी महासंघ ने कहा कि राज्य कर्मचारी महासंघ ने विलय है। अन्य किसी संगठन में पद नहीं ग्रहण करेगा। संरक्षक राकेश कुमार सारस्वत राज्य कर्मचारी महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष रामशंकर प्रजापति की देखरेख में निर्वाचन सम्पन्न हुआ। निर्वाचन अधिकारी राकेश सारस्वत व सफदर हुसैन ने चुनाव सम्पन्न कराया और पदाधिकरियों को उनके दायित्व की जिम्मेदारी सौंपी और प्रमाण पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया गया। नवीन कार्यकारिणी का अध्यक्ष प्रदीप कुमार, महामंत्री की जिम्मेदारी रवीश कुमार गौतम को दी गयी। कोषाध्यक्ष सुधीर कुमार बने। वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवी प्रताप सिंह को बनाया गया। जिला उपाध्यक्ष राकेश कुमार वर्मा, जिला प्रभारी बृजेंद्र सिंह को दायित्व मिला। जिला कार्यवाहक अध्यक्ष राज सिंह गौतम को बनाया गया है। संगठन मंत्री की जिम्मेदारी राजेंद्र सिंह को सौंपी गयी है। सर्वसम्मति से नवीन कार्यकारिणी का गठन हुआ। अटेव पेंशन बचाओ मंच के जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह जाटव ने पहुंचकर नव नियुक्त पदाधिकारियों की हौसलाआफजाई करते हुए उनका स्वागत किया और कहा कि पुरानी पेंशन बहाली में सभी का सहयोग मिले जिससे हम संगठित होकर ओपीएस बहाल करा सकें।

# जयंती पर कांग्रेसियों ने पूर्व पीएम राजीव गांधी को किया याद



पार्टी कार्यालय पर स्व0 राजीव गांधी की जयंती मनाते कांग्रेसी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कांग्रेस कमेटी के जिला कार्यालय नगलादीना भोलेपुर में जिलाध्यक्ष शकुंतला देवी की अध्यक्षता में पूर्व प्रधानमंत्री व 21वीं सदी के सूचना औद्योगिकी के जनक स्व0 राजीव गांधी की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की गयी। सभी ने स्व0 राजीव गांधी की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया। शकुंतला देवी ने कहा कि राजीव गांधी ने भारतीय राजनीति में एक अमिट छाप छोड़ी और भारत को सशक्त बनाते हुए सूचना और प्रोद्योगिकी क्षेत्र में नई पहचान दी। उनकी जयंती पर कांग्रेसियों ने उन्हें याद कर श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस मौके पर पुन्नी शुक्ला, अंकुर मिश्रा, वरुण त्रिपाठी, प्रमोद जैन, अशोक ठाकुर, अंकित पाठक, हिलाल शफीकी मौजूद रहे।

# भारतीय डाक विभाग फतेहगढ़ की मनोरंजन क्लब की कार्यकारिणी का हुआ गठन




मनोरंजन क्लब की नवीन कार्यकारिणी के गठन के दौरान मौजूद पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रविवार को डाक मनोरंजन क्लब का चुनाव फतेहगढ़ प्रधान डाकघर में सम्पन्न हुआ। डाक मनोरंजन क्लब में उपस्थित सभी डाक कर्मचारियों ने क्लब द्वारा आयोजित बैठक में प्रमुखता से भाग लिया और अपनी राय रखी। बैठक का संचालन शैलेंद्र प्रताप सिंह ने किया। चुनाव अधिवेशन की प्रक्रिया सम्पादित हुई। जिसमें पदाधिकारियों का चयन हुआ। पदेन अध्यक्ष पोस्टरमास्टर फतेहगढ़ मनोज सक्सेना बने। सचिव आनन्द प्रताप सिंह भदौरिया, कोषाध्यक्ष लेखाकार राम विलास सिंह, सांस्कृतिक मंत्री डाक सहायक संदीप तिवरी, क्रीड़ा मंत्री लेखाकार विनीत मिश्रा, आडीटर सुजीत प्रधान, सदस्य विकास गुप्ता अमन गुप्ता, अनुराग, के.डी. पाण्डेय, सोमेश सोमवंशी, आदित्य शर्मा, प्रदीप सक्सेना आदि डाक विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे। नवीन पदाधिकारियों का कार्यकारिणी गठन होने पर स्वागत किया गया।

# पुरानी पेंशन बहाली को घंटी बजाकर सांसद को सौंपा ज्ञापन

**....................जब सांसद, विधायक को चार-चार पेंशन, तो शिक्षक, कर्मचारियों को क्यों नहीं मिलेगी पेंशन.............**



पुरानी पेंशन बहाली को लेकर सांसद का घेराव कर नारेबाजी करते शिक्षक व कर्मचारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अटेवा पेंशन बचाओ मंच के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार बन्धु के आह्वान पर पुरानी पेंशन बहाली एवं निजीकरण की समाप्ति के संबंध में सांसद मुकेश राजपूत के निवास का घेराव कर घंटी बजाकर ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गयी कि प्रदेश के 15 लाख सहित लगभग देश में एक करोड़ शिक्षक, कर्मचारियों व अधिकारियों को मिलने वाली सामाजिक सुरक्षा पुरानी पेंशन व्यवस्था ओपीएस को समाप्त कर शोषणकारी व भेदकारी नई पेंशन व्यवस्था एनपीएस लागू कर दी गयी है। जो न शिक्षकों व कर्मचारियों के हित में है। अब तो एनपीएस के दुष्परिणाम भी सामने आने लगे हैं। एपीएस के तहत सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों व कर्मचारियों, अधिकारियों का रुपया 1200 व 1800 एवं 3500 और 4000 तक का पेंशन के रुप में प्राप्त हो रहा है। इससे सेवानिवृत्त होने के बाद जीवनयापन करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इससे वह अपने जिम्मेदारी नहीं निभा पा रहे हैं। सरकार उनकी ओर देखते हुए ओपीएस पुरानी पेंशन बहाल करे। जबकि देश की रक्षा करने वाले, सर्वोत्तम बलिदान देने वाले सैनिकों को भी पुरानी पेंशन से वंचित कर दिया गया है। यह दुर्भाग्य है कि जो देश की खातिर बलिदान हो रहे हैं और निजी सुरक्षा नहीं मिल पा रही है। इस दृष्टि से निजीकरण समाप्त हो और ओपीएस बहाल की जाये। सभी शिक्षकों, कर्मचारियों ने सांसद का घेराव कर नारे लगाये और ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर प्रदेश संयुक्त मंत्री ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह जाटव, विमलेश कुमार, पूल सिंह शाक्य, सुधीर पाल, सुशील, संतोषी ऐस्तर रोज दयाल, पूनम शुक्ला, हिमांशु शुक्ला, विजेंद्र मथुरिया, अनुज, मुकेश कुमार, सुनील कुमार, शैलेंद्र राजपूत, किरन वर्मा, सुधीर शाक्य, विवेक यादव, जितेंद्र सिंह, पंकज औदिच्य कुलदीप यादव, गौरव शाक्य, मारुत सिंह, नम्रता सिंह, गायत्री, वीना, अमृता, अमन मनीला, किरन, सुधा, पारुल स्वर्णकार, देवेंद्र सिंह, प्रमोद दीक्षित आदि मौजूद रहे।

# समाजवादी व्यापार सभा की 31 सदस्यीय कार्यकारिणी घोषित

- रोमित सक्सेना ने नवीन पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर किया स्वागत
- पंकज गुप्ता की अध्यक्षता में कार्यकारिणी घोषित



समाजवादी व्यापार सभा के नव नियुक्त पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष रोमित सक्सेना ने अपनी 31 सदस्यीय कार्यकारिणी की घोषणा पूर्व जिलाध्यक्ष पंकज गुप्ता की अध्यक्षता में घोषित की। व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष रोमित सक्सेना, महासचिव प्रमोद यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष रोहित सोमवंशी, प्यारे मियां, गगन सिंह बनाये गये। राजेंद्र कुमार मिश्रा जिला सचिव, सचिन यादव व आयुष सक्सेना को जिला सचिव के साथ प्रवक्ता की जिम्मेदारी मिली। संजू यादव, राहुल गुप्ता, फिरदोस खान, मनीष गुप्ता, प्रमोद यादव, जोगेंद्र सिंह को जिला सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गयी। पदमेश रंजन श्रीवास्तव को जिला कोषाध्यक्ष बनाया गया। मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी करन चौहान को मिली। सोशल मीडिया प्रभारी पियूष सक्सेना को बनाया गया। जिला कार्यकारिणी सदस्य राजेश श्रीवास्तव, राजेश अग्निहोत्री, आर.एन., ब्रह्मदत्त, अनिल यादव प्रवीन यादव, अरविन्द यादव, राहुल सक्सेना, धर्मेंद्र सिंह, गौरव गुप्ता, प्रदुम्न शर्मा, भारत सिंह को बनाया गया है। नवीन कार्यकारिणी की घोषणा के दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष पंकज गुप्ता ने कहा व्यापारियों की समस्याओं को वरीयता दी जायेगी और उनका निस्तारण कराया जायेगा। समाजवादी व्यापार सभा के किसी भाई का अगर उत्पीड़न हुआ, तो पूरी पार्टी की ओर से उसकी मदद की जायेगी। जिलाध्यक्ष रोमित सक्सेना ने अपनी 31 सदस्यीय कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए कहा हर पदाधिकारी पार्टी का सदस्य है। कई लोग बुलेटिन सदस्य भी हैं। आगामी लोकसभा चुनाव में पदाधिकारी अभी से लग जायें और बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करें। जिससे समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को जिताकर लोकसभा भेजें और राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के हाथों को मजबूत किया जा सके।










# चार युवक बाढ़ के पानी में डूबे, एक की मौत

- ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद शव को निकाला बाहर

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** फसल देखने गए चार युवक बाढ़ के पानी में डूब गए। ग्रामीणों ने तीन युवकों को सकुशल बाहर निकाल लिया, जबकि एक युवक की डूबने से मौत हो गयी। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत से एक घण्टे बाद शव को बाहर निकाला। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

थाना क्षेत्र के गांव बिहारीपुर निवासी 35 वर्षीय अमरपाल सिंह यादव रविवार सुबह अपने तीन साथी महेंद्र सिंह, सुग्रीव सिंह व अंकित सिंह के साथ शाहपुर गंगपुर स्थित गौशाला के निकट खेत में खड़ी मक्के की फसल देखने गए थे। खेत के निकट सोता पार करते समय चारों गहरे पानी में डूबने लगे। युवकों की चीख पुकार सुनकर ग्रामीण उन्हें बचाने के लिए दौड़ पड़े। ग्रामीणों ने महेंद्र, सुग्रीव व अंकित को पानी से बाहर निकाल लिया। जबकि अमर पाल की गहरे पानी में डूबने से मौत हो गयी। परिजनों ने ग्रामीणों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक छः भाई बहिनों में चौथे नंबर का था। मृतक की पत्नी विनीता का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक के छः वर्षीय पुत्री दीक्षा है। स्वजनों ने घटना की सूचना थाना पुलिस व एसडीएम कायमगंज को दी। दोपहर बाद भी प्रशासन के न पहुंचने पर स्वजन शव को ट्रैक्टर पर रखकर कंपिल स्थित रामेश्वरनाथ मंदिर के निकट ले आए। गांव में प्रशासन के न पहुंचने से ग्रामीणों में रोष है। पुलिस ने परिजनों से घटना की जानकारी कर शव को पीएम हेतु भेज दिया। थाना प्रभारी अशोक कुमार ने बताया शव को पीएम हेतु भेज दिया गया है।



रोते बिलखते मृतक के परिजन



मृतक का फाइल फोटो

## बाजार करने आया युवक बाढ़ के पानी में डूबा, मौत



**कंपिल।** बाजार करने आया युवक का अचानक पैर फिसल गया। जिससे वह बाढ़ के पानी में डूब गया। साथी ने घटना की जानकारी ग्रामीणों को दी। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद काफी देर बाद शव को बरामद कर लिया। शव बाहर आते ही परिजनों में कोहराम मच गया। क्षेत्र के गांव कैरई निवासी 25 वर्षीय सरदार जगतार सिंह अपने साथी के साथ शनिवार दोपहर बाजार करने कंपिल आए थे। देर शाम घर वापस लौटते समय गांव टपुआ के निकट पैर फिसलने से वह गहरे पानी में डूबने लगा। साथी ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन वह डूब गया। देर रात तक घर वापस न लौटने पर स्वजनों ने खोजबीन शुरू की। साथी से पूछने पर उसने घटना की जानकारी ग्रामीणों व स्वजनों को दी। परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। रविवार सुबह पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को खोजने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। रविवार को सरदार जगतार सिंह का शव बरामद हुआ। हल्का इंचार्ज दारोगा मोहम्मद सरताज ने बताया कि शव बरामद हो गया। पुलिस ने जांच कर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। वहीं मृतक के चेहरे पर चोंटों के निशान थे।

## बाढ़ के पानी में नहाते समय डूबने से युवक की मौत



**शमसाबाद, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के ग्राम हुसैनपुर निवासी लालाराम दिवाकर का 23 वर्षीय पुत्र सचिन रविवार शाम 5 बजे अपने दोस्तों के साथ बाढ़ का पुलिया में भरे पानी में स्नान करने गया था। स्नान करते समय सचिन गहरे पानी में चला गया। बचने के लिए उसने शोर मचाया। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। सूचना परिजनों को दी गई। चीखपुकार करते हुए परिजन घटना स्थल पर पहुंच गये। ग्रामीणों की मदद से युवक को अचेतावस्था में सचिन को बाहर निकाला गया और उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शमशाबाद ले जाया गया। जहां से चिकित्सक ने लोहिया के लिए रेफर कर दिया। अस्पताल पहुंचने पर पता चला कि युवक की मौत हो चुकी है। परिजन उहाड़े मारकर रोने लगे।

मृतक तीन भाई था। बड़ा भाई कुलदीप व छोटा भाई रोहित आदि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। वही थानाध्यक्ष शमशाबाद ने बताया कि बाढ़ के पानी में डूबने से मौत हो गई है। पंचनामा भरकर आगे की कार्यवाही की जायेगी।

## संदिग्ध परिस्थितियों में महिला ने फांसी लगाकर दी जान

- एक वर्ष पूर्व हुआ था विवाह, पति राजस्थान के कोटा में कर रहा है प्राइवेट नौकरी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** संदिग्ध परिस्थितियों में महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जानकारी के अनुसार थाना मऊदरवाजा के ग्राम हरसिंहपुर गोवा निवासी 21 वर्षीय गीता यादव पत्नी अनुज बीते दिन संदिग्ध परिस्थितियों में छत के कुंडे में साड़ी डालकर फांसी लगा ली। जानकारी होने पर परिजन उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि मृतका का मायका जनपद हरदोई के नरुता थाना अरवल में है। उसकी एक वर्ष पूर्व ही शादी हुई थी और उसका पति राजस्थान के कोटा में रहकर एक प्राइवेट कम्पनी में काम करता है। मृतका चार दिन पहले ही अपने मायके से आयी थी। सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने पहुंचकर जांच पड़ताल कर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।



## गाय को बचाने में अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई, युवक की मौत

- दो अन्य भी घायल, रेफर, संकीर्तन कर घर वापस जाते समय घटी घटना

**फर्रुखाबाद/अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** गाय को बचाने के चक्कर में कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गयी। जिससे उसमें बैठी तीन सवारियां गंभीर रुप से घायल हो गयी। उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने किशोर को मृत घोषित कर दिया। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार थाना शमसाबाद के कस्बा निवासी 30 वर्षीय मोहन पुत्र दिलीप कुमार बाबा खाटू श्याम के संकीर्तन करते है। बीती रात जनपद शाहजहांपुर के कलान निवासी प्रवीण कुमार के घर पर खाटू श्याम का संकीर्तन था। जहां मोहन अपने कस्बे के ही निवासी 18 वर्षीय प्रिंस पुत्र बृजेश व कानपुर की गायिका दिव्यांशी पुत्री देवेन्द्र कुमार को साथ के लेकर संकीर्तन करने गये थे। संकीर्तन के बाद रविवार सुबह लगभग 4 बजे मोहन कार से वापस लौट रहे थे। कार में किशोर प्रिंस व गायिका दिव्यांशी सवार थी। थाना अमृतपुर के बलीपट्टी रानी गांव के निकट गाय को बचाने के चक्कर में कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गयी। उसमें बैठे मोहन, प्रिंस व दिव्याशी गंभीर रुप से घायल हो गये। उन्हें 108 एम्बुलेंस से सीएचसी भेजा गया। जहां चिकित्सक ने किशोर प्रिंस को मृत घोषित कर दिया, जबकि सड़क पर जाम होने के चलते मोहन व दिव्यांशी को शाहजहांपुर जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया। सूचना पर पंहुची मृतक प्रिंस की दादी पार्वती देवी, बाबा राम सिंह, मां भूदेवी, चाचा दुर्गेश व बहन नेहा, मुस्कान, जानवी आदि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। सूचना मिलने पर अमृतपुर चौकी के इंचार्ज नरसिंह यादव ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।





गुमसुम खड़े मृतक के परिजन व मृतक का फाइल फोटो





## खबरें चलते-चलते

### रोशनाबाद में फैले संक्रमण से पूरा गांव आया चपेट में, दो की मौत

**स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शिविर लगाकर की खानापूर्ति**

**परीक्षण कराने आए 300 लोग, कुछ का ही हो सका परीक्षण**

**शमशाबाद (सं.)।** रोशनाबाद में फैली संक्रामक बीमारियों पर काबू पाने के लिए मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी को टीम गठन कर जीवन रक्षक दवाइयों का वितरण कराए जाने के आदेश दिए थे। रविवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम रोशनाबाद गांव पहुंची। स्वस्थ्य कर्मियों ने दोपहर 12:30 बजे पंचायत घर में शिविर लगाया। शिविर में लगभग 300 लोग दवा लेने पहुंचे। जहां स्वास्थ्य कर्मियों ने कुछ ही लोगों को जीवन रक्षक दवाइयों का वितरण किया। दवाओं वितरण के नाम पर खानापूर्ति की गई। जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों को शिविर में मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि खून की जांच के लिए पर्याप्त सामग्री नहीं है जो दी गई थी वह खत्म हो गई। जिसकी बजह से जो लोग आये है उनका खून का परीक्षण की प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी। अब जब दोबारा हमकों भेजा जायेगा तो इन लोगों की जांच हो पायेगी। ग्रामीणों की माने संक्रमण की चपेट में आये दो लोगों की मौत हो चुकी है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग की ओर से संक्रमण से किसी की मौत होने जैसी घटना की पुष्टि नहीं की गई है। ग्रामीणों का कहन है कि बाढ़ के बाद संक्रामक बीमारियां और तेजी से पैर पसारेंगी।

## कमजोर बच्चों को आगे बढ़ाना मेरा उद्देश्य : गौरव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** देश के पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन का सपना था, कि देश का हर व्यक्ति शिक्षित हो। उन्होंने शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए लोगों को प्रेरित किया और अपने जन्मदिन को शिक्षकों के लिए समर्पित करते हुए शिक्षक दिवस रखा, तब से अब तक हर 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। समृद्धि न्यूज के विशेष विशलेषण समाचार के अंक में शिक्षा की प्रहरी बने जूनियर

**शिक्षा के प्रहरी**

हाईस्कूल माखन नगला राजेपुर के सहायक अध्यापक गौरव शाक्य ने बताया बचपन से ही पढ़ने का शौक था। अपनी कक्षा में हम लगातार मेधावी रहे। बीएससी के बाद डबल एम.ए. किया, बीएड किया। साथ ही

**हॉवी- आर्टिकल लिखना व पढ़ना**

साथ आईटीआई की। 1999 वर्ष 2010 तक भारत स्काउट गाइड में सक्रियता से प्रतिभाग किया। 2005 से 2007 तक एनसीसी ज्वाइन की और बी और सी सर्टीफिकेट प्राप्त किया। 2010 में औरैया से बीएड किया। वहां के डीएम द्वारा सर्वश्रेष्ठ लेखन पुरस्कार दिया गया। मेरा उद्देश्य है कि मैं शिक्षा के क्षेत्र में हर किसी की मदद करुं और शिक्षण कार्य करते हुए मेरा पढ़ाया हुआ हर बच्चा शिखर तक पहुंचे। मेरे प्रेरणास्त्रोत पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम आजाद हैं मेरे हर सुख दुख में मेरे पिता व परिवार का साथ मिलता रहता है। मेरे पिता का चक्की का कारखाना है। मेरा भाई इंटर कालेज भदोई में अध्यापक है। मेरी पत्नी सविता शाक्य एलआईसी में एंश्योरेंस एडवाइज हैं। शिक्षा के क्षेत्र में 03 मार्च 2015 में कदम रखा और सहायक अध्यापक के तौर पर 29334 विज्ञान व गणित के शिक्षकों की भर्ती में मेरा चयन हुआ और मैं जूनियर हाईस्कूल माखन नगला राजेपुर में तैनाती मिली। तब से मैं लगातार राजेपुर क्षेत्र के माखन नगला में शिक्षण कार्य कर रहा हूॅ। विभिन्न कार्यक्रमों में मुझे सम्मानित किया गया।

मेरी हॉवी आर्टिकल लिखना व पढ़ना है। सरकार द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन करते हुए स्कूल चलो अभियान रैली निकाली। हर घर तिरंगा यात्रा के तहत यात्रा निकाली। मेरी माटी मेरा देश के तहत लोगों को जागरुक किया। मतदाता जागरुकता रैली निकाली। पूर्व में कोविड टीकाकरण रैली निकालकर जनमानस को जागरुक किया। आय आधारित योग्यता परीक्षा करायी। समय-समय पर पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए वृक्षारोपण करता हूॅ और कमजोर बच्चों को निःशुल्क किताबें, स्टेशनरी देकर उनको पढ़ने के लिए प्रेरित करता हूॅ। मेरी सरकार से मांग है कि पुरानी पेंशन बहाल हो। पुरानी पेंशन बचाओ मंच में मेरे पास ब्लाक राजेपुर के अध्यक्ष पद का दायित्व है।

नाम- गौरव शाक्य
पद-सहायक अध्यापक
जूनियर हाईस्कूल माखन नगला राजेपुर
पिता- रघुवीर सिंह शाक्य
निवासी कमालगंज, फर्रुखाबाद
योग्यता- बीएससी, डबल एम.एम. बी.एड., आईटीआई
प्रेरण स्त्रोत-पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम
हावी- लेखन
सम्मान- राष्ट्रपति अब्दुल कलाम द्वारा 2006 में सम्मानित, 2003 में राज्यपाल विष्णुकांत शास्त्री द्वारा सम्मानित, 2009 में युवा पुरस्कार से सम्मानित, एशियन आयडल से सम्मानित।



**गौरव शाक्य**
**सहायक अध्यापक**
**जूनियर हाईस्कूल माखन नगला राजेपुर**





शिक्षक दिवस पर स्टेट बैंक द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित होते गौरव शाक्य

शिक्षक दिवस के पूर्व समृद्धि न्यूज समाचार पत्र में शिक्षकों का निःशुल्क शिक्षा के प्रहरी साक्षात्कार विशेषांक प्रकाशित किया जा रहा है। संबंधित शिक्षक संवाददाता लक्ष्मीकांत भारद्वाज व कार्यालय क्रिश्चियन इंटर कॉलेज के सामने से संपर्क करें। मो0 नं0-9839390810

## चोरों ने दो घरों से सोने-चांदी के जेवरात व नगदी की पार

- पुलिस व फिंगर प्रिंट टीम ने पहुंचकर की जांच-पड़ताल

**शमसाबाद, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के ग्राम अद्दुपुर में चोरों ने बीती रात दो घरों को निशाना बनाकर सोने-चांदी के जेवरात व नगदी पार कर दी। सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। वहीं फिंगरप्रिंट टीम ने भी पहुंचकर साक्ष्य एकत्रित किये।

जानकारी के अनुसार अद्दुपुर निवसी अवधेश कुमार पुत्र रतीराम बीती रात परिवार सहित मकान की ऊपरी छत पर सो रहे थे। मुख्य गेट पर ताला लगा हुआ था। चोरों ने मुख्य गेट का ताला तोड़कर घर में घुस गये और कमरे में रखे बक्से व अलमारी आदि तोड़कर चोरी कर ली। खटपट की आवाज सुनकर ग्रहस्वामी ने छत से झांक कर देखा तो कुछ संदिग्ध लोग दिखायी दिये। जिस पर पीड़ित ने शोर मचाना शुरु कर दिया। शोर सुनकर चोर मौके से फरार हो गये। घटना की सूचना डायल 112 पुलिस को दी। ग्रामीणों का कहना है कि घटना के समय पुलिस दूसरे गांव में गश्त कर रही थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। पीड़ित का कहना है कि उसने चोरों का पीछा भी किया था।

चोर एक सोने की चेन, सोने के वाला, सोने की अंगूठी, चांदी का बिछुआ, चांदी की पायल, दो जोड़ी तोड़िया तथा दस हजार पांच सौ रूपये की नकदी व अन्य सामान चोरी कर ले गये। वहीं पड़ोसी सर्वेश कुमार पुत्र जदुनाथ सिंह के घर के दरवाजे का भी ताला तोड़कर अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया। सर्वेश भी अपने परिजनों के साथ मकान की छत पर सो रहा था। चोर एक सोने की हाय तथा तीन हज़ार की नकदी तथा अन्य सामान चोरी कर ले गये। ग्राम प्रधान पंकज कुमार ने बताया कि रोज की भांति पुलिस गश्त करती है, लेकिन चोर घटना को अंजाम देकर फरार हो जाते है। प्रधान ने बताया कि पीड़ितों ने घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दी है। सूचना पर पुलिस ने व फॉरेंसिक टीम ने पहुंचकर जांच पड़ताल की और शीघ्र खुलासे का आश्वासन दिया।



चोरी की जानकारी देता गृहस्वामी

### दबंगों ने युवक को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** गाली-गलौज का विरोध करने पर दबंगों ने लात-घूसों व लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दी। थाना अंतर्गत ग्राम भगौरा चांदपुर निवासी विपिन कुमार पुत्र बैजनाथ ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि रविवार दोपहर लगभग 3 बजे मैं व हर्षित खेतों पर घास लेने गया थे। उसी समय मेरे ही गांव के दबंग गोलू पुत्र प्यारेलाल व गोलू पुत्र गुलाब सिंह, अमन कुमार पुत्र नामालूम बिना बजह से मुझे गालियां देने लगा। गालियां देने पर मना करने पर मुझे लात-घूसो व लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने जांच पड़ताल कर कार्यवाही का आश्वासन दिया।

## दो दर्जन से अधिक गांव में बाढ़ का पानी भरने से फैली संक्रमण बीमारियां

### पीड़ितों की मदद के लिए नहीं पहुंची स्वास्थ्य टीम

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के करीब दो दर्जन से अधिक गांवों में इस समय जिधर भी निकलिए चारों तरफ बाढ़ का पानी नजर आ रहा है। ग्रामीणों के उदास चेहरों पर बाढ़ की बेबसी दिख रही है। कंपिल-बदायूं मार्ग शनिवार सुबह से बंद हो गया था। इसके अलावा कई गांवों को कंपिल से जोड़ने वाले मार्गो पर दो-दो फीट पानी बहने के कारण पूरी तरह से बंद हैं। इस बार बाढ़ की भयावहता इतनी है कि कई वर्षो बाद कंपिल कस्बे के निकट बाढ़ का पानी पहुंच चुका है। पथरामई, बहबलपुर, मिस्तनी, शाहपुर, गंगपुर, सवितापुर, सिंगनपुर, पुंथर, इकलहरा, नुनेरा, राईपुर चिनहटपुर सहित कई गांवों में पानी घुस चुका है। पथरामई गांव की शीला देवी का कहना है कि पिछले कई दिनों से गांव के लोग पानी से घिरे हुए हैं, लेकिन अभी कहीं से कोई टीम मदद के लिए नहीं पहुंची है। गांव में कई दिनों से बाढ़ का पानी जमा है। अब उसमें सड़न भी शुरू हो गई है, लेकिन अभी तक गांव में स्वास्थ्य विभाग की कोई टीम नहीं पहुंचीं है।

### दो दर्जन से अधिक गांव डूबे नाव की व्यवस्था एक की

बिहारीपुर निवासी सुखबीर ने बताया कि गांव के हर तरफ पानी ही पानी भरा हुआ है सांसद मुकेश राजपूत, डीएम संजय सिंह, एसडीएम यदुवंश कुमार वर्मा, तहसीलदार संतोष कुमार कुशवाहा, नायब तहसीलदार सनी कनौजिया से कई बार क्षेत्र में नाव लगवाने की मांग की गई लेकिन प्रशासन ने किसी भी बात को गंभीरता से लेना मुनासिब नहीं समझा। विगत वर्ष आए सांसद मुकेश राजपूत से भी उन्होंने गांव में बांध बनवाने की मांग की थी जिससे कि निकट भविष्य में उन्हें बाढ़ से राहत मिल सके। परेशान किसानों ने बताया कि अगर सुविधा के पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए तो दुर्घटनाएं और भी हो सकती हैं। इकलहरा के नूरआलम का कहना है कि गांव के अधिकांश लोग मेहनत मजदूरी से जुड़े हैं। बाढ़ के चलते लोगों का काम ठप है। घर की रही.सही पूंजी भी अब खत्म हो चली हैए लेकिन अभी तक प्रशासन की तरफ से कोई मदद नहीं मिली है।

## संस्कार भारती ने मनाया हरियाली तीज महोत्सव



हरियाली तीज कार्यक्रम में मौजूद संस्कार भारती के पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** संस्कार भारती द्वारा हरियाली तीज महोत्सव का आयोजन टाउनहाल स्थित पार्क में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम संयोजिका अर्चना द्विवेदी व सह संयोजिका पारुल सैनी के नेतृत्व में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। हरियाली तीज महोत्सव पर संस्कार भारती की पदाधिकारी महिलाओं ने हरी साड़ी पहनकर कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में श्रीकृष्ण के स्वरुप को सभी ने झूला झुलाया। आकर्षक झांकी देखकर महिला पदाधिकारियों ने सावन के गीत गाये और हरियाली तीज की एक दूसरे को बधाई दी। संस्कार भारती के अध्यक्ष डॉ0 नवनीत गुप्ता व सचिव दिलीप कश्यप ने व्यवस्था देखी। इस मौके पर सुरेंद्र पाण्डेय, अरविंद दीक्षित, साधना श्रीवास्तव, रजनी लौंगानी, संजय गर्ग, निमिष टंडन, अखिलेश पाण्डेय, अर्पण शाक्य, प्रीती तिवारी, आकांक्षा सक्सेना के अलावा संगठन की महिलायें व बच्चे मौजूद रहे।

## जिला बार एसो0 की अधिसूचना जारी, मतदान 18 सितंबर को

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला बार एसोसिएशन की एल्डर्स कमेटी ने चुनाव की अधिसूचना जारी की है। मतदाता सूची का प्रकाशन 24 अगस्त को, मतदाता सूची पर आपत्तियां 28 अगस्त को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक कली जायेंगी। मतदाता सूची पर आने वाली आपत्तियों का निस्तारण 29 अगस्त को होगा। अंतिम वैध मतदाता सूची का प्रकाशन 1 सितंबर को होगा। नामांकन पत्रों की बिक्री 02 सितंबर से 08 सितंबर तक होगी। नामांकन पत्र प्रस्तुत करने की तिथि 02 सितंबर से 08 सितंबर तक सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगी। नामांकन पत्रों की जांच 11 सितंबर को सुबह 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक होगी। नामांकन पत्रों की आपत्तियों का निस्तारण व सुनवाई 11 सितंबर को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक होगी। नामांकन पत्रों की वापसी 12 सितंबर को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक होगी। प्रत्याशियों की अंतिम सूची का प्रकाशन 13 सितंबर को होगा। मतदान दिवस 18 सितंबर को सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक होगा। मतगणना 18 सितंबर को शाम 6 बजे समाप्त होगी। एल्डर्स कमेटी के सदस्यों ने पत्र जारी कर अधिसूचना जारी की है। अध्यक्ष पद के लिए व्यवसाय की अनिवार्यता व अनुभव 25 वर्ष व नामांकन शुल्क 25 हजार रुपये है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष की अनिवार्यता 20 वर्ष व नामांकन शुल्क 20 हजार रुपये, उपाध्यक्ष पद की अनिवार्यता 10 वर्ष व नामांकन शुल्क 15 हजार रुपये है सचिव पद की अनिवार्यता 15 वर्ष व नामांकन शुल्क 20 हजार रुपये है। कोषाध्यक्ष पद का अनुभव 10 वर्ष व नामांकन शुल्क 10 हजार रुपये है। संयुक्त सचिव का अनुभव 05 वर्ष व नामांकन शुल्क 10 हजार रुपये है। कार्यकारिणी सदस्य का अनुभव 15 वर्ष व नामांकन शुल्क 05 हजार रुपये है। महिला सदस्य का अनुभव 05 वर्ष से 15 वर्ष व नामांकन शुल्क 5 हजार रुपये रखा गया है। अधिसूचना जारी होने पर अधिवक्ताओं में चल रहे विवाद की स्थिति समाप्त होगी और बार का गठन होगा।